You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-11 | अंक-319 | शनिवार, 23 दिसम्बर 2023 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



आईएनडीआई गठबंधन उत्तर भारत व दक्षिण भारत में दरार लाने का प्रयास कर रही है। गठबंधन सनातन के खिलाफ दुष्प्रचार करने में लगा है। इन्हें सिर्फ झूठे नैरेटिव खड़ा करना आता है। टुकड़े-टुकड़े गैंग से जुड़े ये लोग भारत को टुकड़ों में देखना चाहते हैं।
अनुराग ठाकुर

असंगठित क्षेत्र की महिला श्रमिकों को आंगनबाड़ियों से जोड़ा जाए : ईरानी 11
भविष्य के खतरों से आगाह करती है इंडिया साइबर थ्रेट रिपोर्ट 12

## संक्षेप

### पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी को तीन साल के कारावास की सजा

प्रयागराज। इलाहाबाद के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को आय से अधिक सम्पत्ति मामले में राज्य के पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी को तीन साल के कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने 40 दिन की अंतरिम जमानत भी मंजूर की। पूर्व मंत्री ने सजा के बाद जमानत अर्जी दाखिल की थी। राकेशधर त्रिपाठी राज्य की भाजपा और बसपा सरकार में मंत्री रहे। 18 जून 2013 को सतर्कता अधिष्ठान प्रयागराज परिक्षेत्र के निरीक्षक रामसुभग राम ने उनके खिलाफ मुट्ठीगंज थाने में आय से अधिक सम्पत्ति मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। उन पर अकूत सम्पत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था। स्पेशल कोर्ट के जज डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ल ने पूर्व मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के अंतर्गत आरोप तय किया था। मामले की सुनवाई के बाद 31 जनवरी 2023 को ही फैसला सुनाया जाना था, लेकिन पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पूर्व मंत्री की पत्नी प्रमिला त्रिपाठी और बेटी पल्लवी त्रिपाठी की आय को भी शामिल करते हुए मां बेटी को गवाही के लिए तलब किया था। इसके कारण फैसला टल गया था।

### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन होंगे गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

नयी दिल्ली। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।
विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर फ्रांस के राष्ट्रपति ने नयी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भारत आने की पुष्टि की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि रणनीतिक साझीदार के रूप मेंए भारत और फ्रांस कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर उच्च स्तर की समानता साझा करते हैं। इस वर्षए हम भारत.फ्रांस रणनीतिक साझीदारी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। प्रधानमंत्री 14 जुलाई 2023 को पेरिस में आयोजित बैस्टिल.डे परेड में सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। राष्ट्रपति मैक्रॉन ने 08.09 सितंबर 2023 को जी.20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत का दौरा किया था।

### बेरोजगारी पर मौन है मोदी सरकार : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार बेरोजगारी के मुद्दे पर मौन है। यह सरकार युवाओं को गुमराह कर रही है। बेरोजगारी का आलम ये है कि देश का युवा दिन में 07 घंटे से अधिक सोशल मीडिया पर बिता रहा है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को आईएनडीआईए गठबंधन के सांसदों के निलंबन के विरोध में जंतर-मंतर पर आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले सप्ताह दो-तीन युवा लोकसभा में कूद गए।

# संसद के शीतकालीन सत्र में कुल 19 विधेयक पारित किये गये : प्रह्लाद जोशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र के समापन के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि इस सत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय न्याय संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 समेत कुल 19 विधेयक पारित किये गये।

प्रह्लाद जोशी ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में कहा कि अनुच्छेद 370 से लेकर नई आपराधिक न्याय प्रणाली तक जो कुछ भी इन पांच वर्षों में हुआ वह ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि 4 दिसंबर को संसद का शीतकालीन सत्र शुरू



हुआ था और 21 दिसंबर को संपन्न हो गया। इन 18 दिनों में 14 बैठकें हुईं और दोनों सदनों में 19 विधेयक पास किए गए। जोशी ने कहा कि जिस दिन संसद की सुरक्षा में चूक का मामला आया उस दिन भी संसद ● शेष पेज 11 पर

### ललित झा की पुलिस हिरासत 14 दिन बढ़ी

नयी दिल्ली । दिल्ली की एक अदालत ने संसद सुरक्षा में सेंध लगाने के कथित मास्टरमाइंड ललित झा की पुलिस हिरासत शुक्रवार को चौदह दिनों 05 जनवरी 2024 तक के लिए बढ़ा दी। ललित को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एएसजे हरदीप कौर के समक्ष आज पेश किया गया ● शेष पेज 11 पर

# भारत ने बैंकॉक में आईओएनएस कार्य समूहों के सह-अध्यक्ष का पदभार संभाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- भारत ने एक दर्जन देशों के नौसेना प्रमुखों के साथ की द्विपक्षीय समुद्री मुद्दों पर चर्चा
- कोरिया गणराज्य की नौसेना का नवीनतम 'पर्यवेक्षक' के रूप में स्वागत किया गया

नई दिल्ली। रॉयल थाई नेवी की मेजबानी में बैंकॉक (थाईलैंड) में हुई हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) के आखिरी दिन शुक्रवार को थाईलैंड ने आईओएनएस के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला। भारत ने समुद्री सुरक्षा और एचएडीआर पर आईओएनएस कार्य समूहों के सह-अध्यक्ष के रूप में भी पदभार संभाला। आईओएनएस के नए ध्वज को भी चुना गया, जिसे भारत ने डिजाइन किया है। इसी के साथ आईओएनएस के अगले दो वर्षों के लिए कार्य योजना को अंतिम रूप दिया गया। रॉयल थाई नेवी ने बैंकॉक (थाईलैंड) में 19 दिसंबर से हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) कॉन्क्लेव ऑफ चीफ्स (सीओसी) का 8वां संस्करण आयोजित किया था। इसमें 27 सदस्यों, पर्यवेक्षक देशों के नौसेना प्रमुखों, वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कॉन्क्लेव में थाईलैंड को आईओएनएस का अध्यक्ष चुना गया। एडमिरल आर हरि कुमार ने आईओएनएस की अध्यक्षता संभालने के लिए रॉयल थाई नेवी के कमांडर-इन-चीफ को बधाई दी। भारत ने समुद्री सुरक्षा और एचएडीआर पर आईओएनएस कार्य समूहों के सह-अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया। कॉन्क्लेव में कोरिया गणराज्य की नौसेना का नवीनतम 'पर्यवेक्षक' के रूप में स्वागत किया गया, जिससे आईओएनएस की सामूहिक शक्ति बढ़कर 34 हो गई। इसमें 25 सदस्य और 09 पर्यवेक्षक हैं।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने तीन सदस्यीय भारतीय नौसेना प्रतिनिधिमंडल ● शेष पेज 11 पर

योगी सरकार का बड़ा फैसला

# यूपी में निकायों की भर्ती में अब चार फीसदी आरक्षण

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार ने निकायों की भर्ती में अब चार फीसदी आरक्षण अशक्त लोगों यानी दिव्यांगों को देने का फैसला किया है। निकायों को इस संबंध में निर्देश भेजते हुए गुरुवार को इसके आधार पर भर्ती संबंधी प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। नगर विकास विभाग कार्मिक विभाग के फैसले के आधार पर निकायों में होने वाली भर्ती में दिव्यांगों को चार फीसदी आरक्षण देगा। दिव्यांगजनों को नौकरियों में हिस्सेदारी दिलाने के लिए साल 2021 में दिव्यांगजन कल्याण विभाग ने सरकारी सेवाओं के पदों में चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिए जाने की नीति तैयार की थी।

सभी विभागों को यह आदेश भेजा गया था और उनसे अपेक्षा की गई थी कि वे इस व्यवस्था को स्वीकार करके इसे अपने यहां लागू करें। नगर विकास विभाग ने इसे स्वीकार करते हुए इसे लागू करने का निर्देश दिया है। प्रदेश के नगर निकायों की नौकरी में दिव्यांगजनों के लिए चार प्रतिशत सीटें आरक्षित होंगी। निकायों में केंदीयत सेवा के समूह क, ख, ग और घ के पदों में यह आरक्षण क्षैतिज (हॉरिजॉन्टल) तौर पर दिए जाएंगे। नगर विकास विभाग ने इससे संबंधित शासनादेश जारी कर दिया है।

इससे पहले पदोन्नति में भी दिव्यांगों को चार प्रतिशत आरक्षण योगी सरकार दे चुकी है। इसके लिए जारी शासनादेश में कहा गया था कि समूह घ से ग, समूह ग से ख और समूह ख से क के सबसे निचले पायदान के पदों पर जिसमें सीधी भर्ती का



**आरक्षण**

- सभी विभागों को यह आदेश भेजा गया था और उनसे अपेक्षा की गई थी कि वे इस व्यवस्था को स्वीकार करके इसे अपने यहां लागू करें
- दिव्यांगजनों को नौकरियों में हिस्सेदारी दिलाने के लिए साल 2021 में दिव्यांगजन कल्याण विभाग ने सरकारी सेवाओं के पदों में चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिए जाने की नीति तैयार की थी

### सीएम योगी से मिले ओमप्रकाश राजभर, राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर चर्चा

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान भर, राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर चर्चा हुई। साथ ही, उन्होंने इटावा के सैफई तहसील के गांव रणवीर नगर में बंजारा जाति के 2500 लोगों की समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर के मुताबिक सुभासपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री को बताया कि भर, राजभर जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए 17 जिलों का सर्वे कराया गया था, जिसकी रिपोर्ट सरकार के पास है। इसे ● शेष पेज 11 पर

अंश 75 प्रतिशत से अधिक न हो, चार प्रतिशत रिक्तियां, दिव्यांगता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए आरक्षित रखी जाएंगी।

यदि कोई विभाग कार्य की प्रकृति के आधार पर किसी प्रतिष्ठान को दिव्यांगता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए आरक्षण के प्रविधान से आंशिक या पूरी तरह मुक्त रखना जरूरी समझता है तो उसे इसका औचित्य दर्शाते हुए दिव्यांग कल्याण विभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रस्ताव भेजना होगा। छूट देने के बारे में मुख्यमंत्री निर्णय करेंगे। किसी भी व्यक्ति को ● शेष पेज 11 पर

### ललितपुर के पांच गांवों की कुल 1472 एकड़ भूमि पर बल्क ड्रग पार्क का होगा निर्माण

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार ने प्रदेश में औद्योगिक उन्नति को नए आयाम देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए जिन सेक्टर्स में सबसे ज्यादा फोकस किया जा रहा है उसमें उद्योग प्रमुख है। इसी बात को ध्यान में रखकर प्रदेश में बुंदेलखंड के ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क के विकास पर फोकस कर रही है। उल्लेखनीय है कि ललितपुर के कुल 5 गांवों में 1472 एकड़ में फैले बल्क ड्रग फार्मा पार्क में दो फ़ेज में विकास का खाका खींचा गया है। ऐसे में, उत्तर प्रदेश में औद्योगिक परिवेश को बदलने, देश-दुनिया में उत्तर प्रदेश की धाक जमाने के साथ ही जेनरिक दवाओं के उत्पादन हब के तौर पर ललितपुर के विकास का रास्ता साफ हो गया है। सीएम योगी की मंशा अनुसार, परियोजना के अंतर्गत फ़ेज-1 में 300 एकड़ भूमि के डीटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराकर विकास कार्यों की शुरुआत की जाएगी। सीएम योगी के दिशा-निर्देशन में बनी विस्तृत कार्ययोजना ● शेष पेज 11 पर

# पुंछ की हेलीकॉप्टर और ड्रोन से निगरानी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। जम्मू के पुंछ इलाके में गुरुवार को हुए आतंकी हमले में चार जवानों के बलिदान होने के बाद इस इलाके की हेलीकॉप्टर और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इलाके के वन क्षेत्रों में लगभग 25-30 पाकिस्तानी आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है। ख़ुफ़िया इनपुट में कहा गया है कि ये आतंकवादी जंगल युद्ध में उच्च प्रशिक्षित हैं और डिजिटल निशानों से बचने के लिए संचार के ऑफ़लाइन तरीकों का भी उपयोग करते हैं। इसलिए सुरक्षा बलों ने जमीनी स्तर पर सुरनकोट इलाके में व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। राजौरी जिले के डेरा की गली वन क्षेत्र में गुरुवार शाम हुए आतंकी हमले में सेना के चार जवान शहीद हो गए। इस हमले में सेना के तीन अन्य जवान घायल हो गए, जिनका इलाज आर्मी बेस हॉस्पिटल में चल रहा है। भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने इलाके में आतंकियों की तलाश के लिए एक संयुक्त अभियान चलाया है, जहां कल सेना के दो वाहनों पर भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया था। डेरा की गली के घने जंगलों में जमीनी सर्च ऑपरेशन के अलावा आसमान से हेलीकॉप्टर और ड्रोन के जरिए निगरानी हो रही है। जांच के दौरान सेना ने डेरा की गली से कुछ स्थानीय संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि 21 दिसंबर को दिन में करीब 3.45 बजे सेना के दो वाहन सैनिकों को लेकर इलाके में आतंकियों के खिलाफ चल रहे सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों के संयुक्त अभियान को मजबूत करने जा रहे थे। यह ऑपरेशन 48 राष्ट्रीय राइफल्स की निगरानी वाले क्षेत्र में हो रहा है। इन दोनों सैन्य वाहनों पर आतंकियों ने राजौरी के थानामंडी इलाके में डेरा की गली और बुफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर गोलीबारी की। भारतीय सैनिकों ने तुरंत गोलीबारी का जवाब दिया, जिसके बाद आतंकियों से मुठभेड़ शुरू हुई।सेना के सूत्रों का कहना है कि राजौरी में जिस तरह सेना की गाड़ियों पर हमले को अंजाम दिया गया है, उससे संभावना जताई जा रही है कि आतंकियों ने रेकी की थी। इसीलिए वे खुद पहाड़ी के ऊपर सुरक्षित हो गए और वहां ● शेष पेज 11 पर



- सुरनकोट इलाके में व्यापक सर्च ऑपरेशन
- जंगल युद्ध में उच्च प्रशिक्षित आतंकियों ने किया था दो सैन्य वाहनों पर हमला
- वन क्षेत्रों में लगभग 25-30 पाकिस्तानी आतंकियों के छिपे होने की आशंका

### एनआईए की टीम ने पुंछ जिले में आतंकवादी हमले के स्थल का किया दौरा

पुंछ। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक टीम ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकवादी हमले के स्थल का दौरा किया। गुरुवार को पुंछ में आतंकवादियों ने डेरा के वन क्षेत्र में सेना के वाहनों पर घातक हमला किया, जिसमें सेना के पांच जवान बलिदान हो गए थे और दो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जानकारी के अनुसार एक उप महानिरीक्षक के साथ-साथ एक पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी के ● शेष पेज 11 पर

# देश को बचाने के लिए बनाया इंडी गठबंधन: विपक्षी

एजेंसी

नयी दिल्ली । विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन के नेताओं ने कहा है कि मोदी सरकार देश के लोकतंत्र को बर्बाद कर तानाशाही पर उतर आई है और उन सब सांसदों को निलम्बित कर दिया जिन्होंने संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर सरकार से सवाल पूछे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी नेता राहुल गांधीए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवारए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सीताराम येचुरीए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के डी राजा द्रमुक के तिरुचि शिवा तथा गठबंधन के लगभग सभी घटक दलों के नेताओं ने संसद से सांसदों के निलंबन के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 में मोदी सरकार को मिलकर बाहर का रास्ता दिखाना है और देश को बचाना है इसलिए इंडी गठबंधन का गठन किया गया है।

श्री खड़गे ने रैली को संबोधित करते हुए



कहा मोदी जी और अमित शाह जी ने देश के लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने का बीड़ा उठाया हुआ है। ये लोग दलितोंए मजदूरों महिलाओं और किसानों को कुचलने का काम कर रहे हैं इसलिए हमने देश को बचाने के लिए इंडी गठबंधन बनाया है। उन्होंने कहा मैं दलित हूं इसलिए भाजपा सरकार मुझ दलित को बोलने नहीं देती है। उच्च संवैधानिक पद पर बैठे लोग मेरी जाति का नाम लेकर मुझे अपमानित करते हैं। मुझे सदन में नोटिस पढ़ने तक की अनुमति नहीं दी जाती है। भाजपा सरकार दलितों को बोलने नहीं देती है। संविधान में हमें बोलने की आजादी मिली है। ये आजादी हमें महात्मा गांधीए जवाहर लाल नेहरू और डॉ. अंबेडकर जी ने दी है। विपक्षी सांसदों को आपने सदन से बाहर निकाल दिया और सारे प्रस्तावित कानूनों को बिना किसी विरोध के पास कर लिया। ये लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। हम मोदी सरकार से डरने वाले नहीं हैं। कितनी भी कोशिश करो हमें मिट्टी में दबाने कीए हम दबेंगे नहीं क्योंकि हम बीज हैंए बार.बार उगने की आदत है हमको। श्री गांधी ने कहा अगर देश की संसद में लोगों की आवाज उठाने की इजाजत नहीं है तो संसद की आवश्यकता ही क्या है। संसद की सुरक्षा में हुई चूक पर पहला सवाल है कि वो अंदर कैसे पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन क्यों किया। इसका जवाब है .बेरोजगारी। उनका कहना था कि आज हमारे देश का युवा करीब साढ़े सात घंटे मोबाइल में लगा रहता हैए इसका कारण है। बेरोजगारी क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उनसे रोजगार छीन लिया है। उन्होंने मीडिया पर भी हमला किया ● शेष पेज 11 पर

अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव में संत सम्मेलन को शाह ने किया संबोधित

# गीता में हैं विश्व की सभी समस्याओं का समाधान : शाह

एजेंसी

चंडीगढ़। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि गीता एक ऐसा ग्रंथ है, जिसमें विश्व की सभी समस्याओं का समाधान है। गीता का अनुसरण करके कई बड़ी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। केन्द्रीय मंत्री शाह शुक्रवार को कुरूक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में आयोजित संत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि कुरूक्षेत्र की पावन धरती पर पांच हजार साल पहले भगवान कृष्ण ने धर्म की स्थापना के लिए गीता का उपदेश देकर समूची मानवता को नई राह दिखाई थी। अगर हम गीता का ज्ञान फैलाने में सफल रहें तो कभी युद्ध नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में यहां आकर गीता का प्रचार विश्व स्तर पर करने का संदेश दिया था। जिसका अनुसरण करते हुए हरियाणा की मनोहर सरकार और स्वामी ज्ञानानंदजी महाराज आज कई देशों में गीता जयंती का भव्य आयोजन करवा चुके हैं और यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय ● शेष पेज 11 पर



- मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को बताया आधुनिक भारत का लौह पुरुष

### मंत्रिमंडल गठन को लेकर चल रहीं अटकलों के बीच यादव ने की मोदी-शाह से मुलाकात

भोपाल नयी दिल्ली । मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और दो उप मुख्यमंत्रियों के शपथ ग्रहण करने के बाद अब मंत्रिमंडल के गठन को लेकर चल रहीं अटकलों के बीच आज डॉ यादव ने नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला भी उपस्थित रहे। मुलाकात के बाद डॉ यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी से ● शेष पेज 11 पर

### एसवाईएल मुद्दे पर बैठक से पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री शाह से की मंत्रणा

चंडीगढ़। एसवाईएल के मुद्दे पर पंजाब के साथ होने वाली बैठक से पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मंत्रणा की। दरअसल, पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री अमित शाह को चंडीगढ़ में हरियाणा के गृह विभाग के अधिकारियों की बैठक करनी थी, लेकिन उसे ऐन मौके पर स्थगित कर दिया गया। इसके बाद अमित शाह कुरूक्षेत्र से सीधे चंडीगढ़ पहुंचे और यहां मुख्यमंत्री आवास पर यह बैठक हुई। लगभग 40 मिनट चली इस बैठक में पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पंजाब के राज्यपाल की मौजूदगी में यह ● शेष पेज 11 पर

# अयोध्या में 30 दिसंबर को होगा प्राण प्रतिष्ठा आयोजन का 'ग्रैंड रिहर्सल'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अब से ठीक एक माह बाद है। राज्य की योगी सरकार 22 जनवरी 2024 को होने वाले विशाल आयोजन का 'ग्रैंड रिहर्सल' कराने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर अयोध्या की साज-सज्जा का इंतजाम ठीक वैसा ही होगा, जैसा 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए किया जाएगा। इसलिए 30 दिसंबर की तैयारियों को 22 जनवरी के लिए ग्रैंड रिहर्सल के तौर पर माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रैंड रिहर्सल की तैयारियां करने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, भव्य रेलवे स्टेशन सहित हजारों करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अयोध्या का दौरा किया था। उन्होंने प्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान अयोध्या को ठीक वैसे ही सजाया जाए, जैसे 22 जनवरी के लिए तैयारी है। योगी के स्पष्ट निर्देश हैं कि अयोध्या में चार प्रमुख मार्ग- राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ व धर्म पथ को आकर्षक ढंग से पुष्पों से सजाया जाए। इस दौरान फुटपाथ पर सुंदर फूलों वाले गमलों से साज-सज्जा की जाए। साथ ही राम पथ के फुटपाथ व मुख्य कैरेज-वे के बीच में आकर्षक रेलिंग लगाई जाएं। चारों प्रमुख मार्गों पर लाइट एवं फसाड के कार्य एक हफ्ते में ही पूरे कर लिए जाएं। इसमें पीडब्लूडी, राजकीय निर्माण निगम, विकास प्राधिकरण और अयोध्या नगर निगम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होना चाहिए। अयोध्या विश्वस्तरीय पर्यटन सिटी के रूप में नजर आनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री के आगामी अयोध्या दौरे को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ग्रैंड रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जाए। हाई-वे से नयाघाट की तरफ आ रहे धर्म पथ की भी सजावट आकर्षक होनी चाहिए और एयरपोर्ट से नयाघाट के मार्ग को उसी प्रकार आकर्षक फूलों से सजाया जाय जिस प्रकार सुलतानपुर रोड से एयरपोर्ट फोरलेन मार्ग को सजाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-गोरखपुर में अयोध्या बाईपास की रेलिंग को आकर्षक रंगों से पेंट किया जाय तथा उसकी मीडियन में आकर्षक फूल व गमले आदि रखे जाएं। एनएचआई बाईपास मार्ग के डिवाइडर पर जो सजावट की जा रही है, उनमें बेहतर शाइनिंग दिखनी चाहिए। अयोध्या में कहीं भी सड़कों पर धूल तथा गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। अयोध्या में प्रधानमंत्री का स्वागत पुष्पवर्षा करके किया जाए। अयोध्या एयरपोर्ट से लेकर शहर के अन्य विभिन्न स्थानों पर गेट बनाये जाएं तथा उन्हें बेहतर ढंग से सजाने की व्यवस्था की जाए।

# संसद में सांसदों के निलम्बन के खिलाफ सपा ने उप्र में किया धरना- प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी ने राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा संसद सत्र में 146 सांसदों के अलोकतांत्रिक तरीके से निलम्बन और तानाशाही रवैये के खिलाफ धरना दिया।

इस धरने का उद्देश्य लोकतंत्र एवं संविधान को बचाना तथा भाजपा सरकार को हटाना है। समाजवादी पार्टी ने सभी जिला मुख्यालयों पर धरना और प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौपा। धरना- प्रदर्शन में पूरे प्रदेश से समाजवादी पार्टी के लाखों कार्यकर्ता, नेता, पदाधिकारी और आमजन शामिल रहे। धरना-प्रदर्शन में नेताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और भाजपा सरकार की किसान, नौजवान, गरीब




विरोधी नीतियों के खिलाफ आक्रोश जताया। समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम जनता ने लखनऊ, फैजाबाद, अम्बेडकरनगर, मऊ, मैनपुरी, कन्नौज, इटावा, फ़िरोज़ाबाद, आजमगढ़,शाहजहांपुर, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद कानपुर देहात, कानपुर नगर, अमरोहा, मुरादाबाद, महराजगंज, सुल्तानपुर, बस्ती, बहराइच, भदोही, प्रयागराज, बदायूँ, संतकबीरनगर, देवरिया, बलिया, आजमगढ़, फतेहपुर, बलरामपुर, मथुरा वृंदावन, वाराणसी, झासी, सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, समेत अन्य सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन कर जिलाधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया।

धरने में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर आमादा है। अभिव्यक्ति की आजादी को कुचल रही है। भाजपा आम जनता के संवैधानिक अधिकार खत्म कर तानाशाही कर रही है। समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर भाजपा को उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर हरायेगी।

# रबी फसलों की बुआई से पहले सभी जिलों में स्थापित होगी हेल्पडेस्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश भर में बोई जाने वाली फसलों के सटीक आंकड़े जुटाने के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे का सहारा लिया है। इसके तहत रबी, खरीफ और जायद सीजन में बोई जाने वाली फसलों का फील्ड टू फील्ड सर्वे कराया जाता है। इस कड़ी में रबी सीजन की फसलों की बुआई का सर्वे शुरू होने से पहले किसानों की सहायता के लिए सरकार ने दिसंबर अंत तक सभी जिलों में हेल्पडेस्क बनाने का निर्देश दिया है। साथ ही टीम के सदस्यों के नाम और मोबाइल नंबर के साथ उनका हेल्पडेस्क नंबर फ्थ्थदन्द्वपथ्थदझअद्दथद्वद्य.दधद्व के साथ साझा किया जाएगा। सरकार की ओर से जिलों को 20 दिसंबर तक अपने मौजूदा खरीफ सर्वेक्षकों को सक्रिय करने के भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नए सर्वेक्षकों के लिए क्रेडेंशियल दिसंबर अंत तक बनाए जाएंगे। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि प्रशिक्षण ऐप पर अभ्यास होते रहना चाहिए। हाल ही में जिला और एनआईसी लेवल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। बजट आवंटन की प्रक्रिया जारी है। सर्वेक्षकों का बैंक खाता पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है, ताकि उनके खरीफ मानदेय का भुगतान 31 दिसंबर से पहले किया जा सके।

## कोराना के नये सब वेरिएंट जेएन-वन को लेकर मेडिकल कॉलेज अलर्ट

कानपुर। कोराना का नया सब वेरिएंट जेएन-वन को लेकर गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज (जीएसवीएम) ने सारी तैयारी कर रखी है। कॉलेज के प्राचार्य का दावा है कि यह वेरिएंट इतना खतरनाक नहीं लेकिन जागरूकता जरूरी है। मेडिकल कॉलेज के प्रचार्य डॉ. संजय काला ने शुक्रवार को यह बताया कि कोरोना का नया सब वेरिएंट जेएन-वन ने कई देशों के बाद भारत में भी पहुंच चुका है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के आधार पर मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों को चेतावनी जारी करते हुए सतर्कता बरतने को कहा है। कानपुर मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हैलेट अस्पताल में सभी तैयारी कर ली गयी है। जांच के साथ साथ, दवाई और बेड भी रिजर्व कर लिए गये हैं। अगर कोरोना जेएन-वन से संबंधित कोई भी मरीज संक्रमित मिलता है तो उसे बेहतर उपचार मुहैया कराया जाएगा। डॉ. संजय काला का कहना है कि अस्पताल में तैयारी कर ली गई है। ये वेरिएंट इतना खतरनाक नहीं है लेकिन सतर्कता बेहद जरूरी है। भीड़ वाले इलाके में डिस्टेंस बनाकर रखें।

# उप्र में 11 फरवरी को सिपाहियों की भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में 60244 पदों पर होने वाली सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा 11 फरवरी 2044 को आयोजित होगी। इस भर्ती परीक्षा में 25 लाख अभ्यर्थी शामिल होने की संभावना है। इसको लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। 60 हजार से अधिक पदों पर सिपाही भर्ती होने के चलते इसके लिए खास इंतजाम करना भी जरूरी है। इसको लेकर भर्ती बोर्ड की डीजी रेणुका मिश्रा के मुताबिक, शासनादेश के अनुपालन में सिपाही नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो जा रही है। दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में बोर्ड की ओर से भर्ती को लेकर विज्ञप्ति जारी कर दी जाएगी। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यह परीक्षा प्रदेश में तकरीबन पांच हजार केंद्रों पर एक पाली में आयोजित होगी। इसके लिए जिलाधिकारियों को उनके जिलों के परीक्षा केंद्रों की सूची भेज दी गयी है। प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर तैयारियों में जुटने को कहा है। पुलिस कमिश्नर, पुलिस कप्तान और जिलाधिकारियों के सहयोग से लिखित परीक्षा का प्रबंधन कराया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक चीजों की व्यवस्था जरूरी है।




केंद्रों का चयन संघ लोक सेवा आयोग, उप्र सेवा आयोग, उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से संबंधित जिलों में पूर्व में कराई गई परीक्षाओं के आधार पर किया गया है। उल्लेखनीय है कि खेल कोटे से उपनिरीक्षक पद के लिए आवेदन की प्रक्रिया 20 दिसम्बर से शुरू हो चुकी है। आवेदन की अंतिम तिथि 09 जनवरी 2024 है और इच्छुक उम्मीदवार बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

## एम्स फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. संतोष पाण्डेय को सम्मानित करेगा

भदोही। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. संतोष पाण्डेय को देश का जाने-माना चिकित्सा संस्थान एम्स, नई दिल्ली की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें फिजियोथैरेपी को बढ़ावा देने एवं इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया जाएगा। डॉ. संतोष पांडेय जनपद के अभोली विकासखंड रामनगर गांव के निवासी हैं। उनके पिता रविशंकर पांडेय प्रदेश सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी है। वर्तमान समय में डॉ. संतोष पांडेय प्रयागराज के गोविंदपुर में लोगों को फिजियोथेरेपी की सेवा प्रदान करते हैं। प्रयागराज के सुप्रसिद्ध भौतिक चिकत्सक डॉ. संतोष पाण्डेय एमपीटी (आर्थो) हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए एम्स नई दिल्ली में 24 दिसम्बर को सम्मानित किया जायेगा डॉ. संतोष पाण्डेय फिजियोथैरेपिस्ट वेलफ़ेयर एसोसिएशन संगठन में महासचिव के पद पर कार्यरत रहते हुए संगठन के उत्थान के लिए निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। माघ मेला में 2016 से संगठन पांडेय के नेतृत्व में एक माह का जागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर आयोजित करता है।

# यूपी में विगत तीन माह में निस्तारित हुए दोगुना राजस्व वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लंबित राजस्व वादों के निस्तारण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। योगी के निर्देश पर लंबित राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण के लिए किए गए प्रयासों के चलते विगत तीन माह में पिछले वर्ष की तुलना में करीब दोगुने वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया गया है।

16 सितम्बर 2023 को कुल 19.57 लाख वाद लंबित थे। 16 सितम्बर 2023 से 19 दिसम्बर 2023 के मध्य 6.59 लाख नए वाद इसमें शामिल हुए। इन सभी कुल 26.16 लाख वादों में से विगत 3 माह में कुल 12.90 लाख वादों (49 प्रतिशत) का निस्तारण किया गया। यह पिछले वर्ष के इन्हीं अंतिम 3 माह के औसत निस्तारण (6.66 लाख) के सापेक्ष लगभग दो गुना है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 सितम्बर को पूरे प्रदेश में लंबित राजस्व वादों के त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए थे।



निर्देशों के क्रम में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश व अध्यक्ष, राजस्व परिषद के स्तर से नियमित गहन समीक्षा के फलस्वरूप राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी देखने को मिली है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि 15 सितम्बर 2022 के पूर्व प्रदेश स्तर पर कुल 20.67 लाख वाद लंबित थे एवं 15 सितम्बर 2022 से 15 सितम्बर 2023 के मध्य कुल 26.57 लाख वाद योजित हुए। इन विचाराधीन कुल 47.25 लाख वादों में से पूरे वर्ष में कुल 27.67 लाख वादों (59 प्रतिशत) का निस्तारण किया गया। 15 सितंबर 2022 से 15 सितंबर के मध्य दायर वादों के सापेक्ष पूरे वर्ष का निस्तारण 104 प्रतिशत रहा, जबकि 16 सितम्बर 2023 से 19 दिसम्बर 2023 के मध्य दायर वादों के सापेक्ष मात्र 3 माह की अवधि का निस्तारण 196 प्रतिशत रहा। 15 सितम्बर 2022 से 15 सितम्बर 2023 तक 1 वर्ष में धारा-34 (नामांतरण) के कुल 19.22 लाख वादों का निस्तारण किया गया, जबकि समीक्षा अवधि (16 सितम्बर 2023 से 19 दिसम्बर 2023) मात्र 3 माह में 7.77 लाख वादों का निस्तारण किया गया जो कि विगत वर्ष के इसी 3 माह के औसत निस्तारण 4.80 लाख के सापेक्ष लगभग 3 लाख अधिक हैं। 89.43 हजार पैमाइश और 1.10 लाख कुर्रा वटवारा के मामले भी सुलझाए 15 सितम्बर 2022 से 15 सितम्बर 2023 तक 1 वर्ष में धारा-24/41 (पैमाइश) के कुल 1.95 लाख वादों के सापेक्ष 83 हजार वादों का निस्तारण किया गया, जबकि समीक्षा अवधि (16 सितम्बर 2023 से 19 दिसम्बर 2023) मात्र 3 माह में 89.43 हजार वादों का निस्तारण किया गया जो कि विगत वर्ष के इन्हीं 3 माह के औसत निस्तारण 20.70 हजार के सापेक्ष लगभग 4 गुना है। इसी तरह, 15 सितम्बर 2022 से 15 सितम्बर 2023 तक 1 वर्ष में धारा-116 (कुर्रा

## 2022 के अंतिम तीन माह की तुलना में 2023 के अंतिम तीन माह में 196 प्रतिशत रही निस्तारित वाद की संख्या

बटवारा) के कुल 2.79 लाख वादों के सापेक्ष 81.16 हजार वादों का निस्तारण किया गया, जबकि समीक्षा अवधि (16 सितम्बर 2023 से 19 दिसम्बर 2023) मात्र 3 माह में 1.10 लाख वादों का निस्तारण किया गया जो कि विगत वर्ष के इन्हीं 3 माह के औसत निस्तारण 20.3 हजार के सापेक्ष लगभग 5 गुना है। इसी तरह, 15 सितम्बर 2022 से 15 सितम्बर 2023 तक 1 वर्ष में धारा-80 (कृषक से अकृषक घोषणा) के कुल 49.12 हजार वादों के सापेक्ष 41.03 हजार वादों का निस्तारण किया गया, जबकि समीक्षा अवधि यानी 16 सितम्बर 2023 से 19 दिसम्बर 2023 के बीच मात्र 3 माह में 27.96 हजार वादों का निस्तारण किया गया जो कि विगत वर्ष के इन्हीं 3 माह के औसत निस्तारण 12.2 हजार के सापेक्ष लगभग 2.25 गुना है।

## विपक्षी सांसदों को लेकर इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन

जालौन। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्षी सांसदों के निलंबन का मुद्दा गरमाता जा रहा है। विपक्षी पार्टियों ने शुक्रवार को इसके खिलाफ देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया है। जालौन के कलेक्ट्रेट परिसर उरई में विपक्ष ने एकजुट होकर प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार को ज्ञापन सौंपा है। विपक्ष का कहना है कि हम जनता को दिखाना चाहते हैं कि यदि वे इस तरह से संसद चलाएंगे और विपक्ष की बात नहीं सुनेंगे तो वे लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन के बैनर तले तमाम राजनीतिक दलों के लोगों ने हिस्सा लिया। 14 से 21 दिसम्बर तक लोकसभा से 100 और राज्यसभा से 46 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया है। इसमें सबसे ज्यादा 61 (लोकसभा से 44, राज्यसभा से 17) सांसद कांग्रेस के हैं। बीते दिन ही कांग्रेस ने तीन सांसदों, दीपक बैज, नकुल नाथ और डीके सुरेश, को निलंबित किया गया था। लोकसभा की कार्यवाही 22 दिसम्बर तक निर्धारित थी, लेकिन इसे एक दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। 13 दिसम्बर को संसद की सुरक्षा में सेंधमारी का मामला सामने आया था। इस दौरान लोकसभा में दो युवक घुसे और गैस कनस्तर से पीले रंग की गैस उड़ा दी। संसद के बाहर भी दो लोगों ने नारेबाजी की। विपक्ष के सांसद इसे गंभीर सुरक्षा चूक मानते हुए गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे थे। इस दौरान हंगामा बढ़ता रहा और विपक्षी सांसद निलंबित होते रहे। 18 दिसम्बर को लोकसभा से 33 और राज्यसभा से 45 (कुल 78) सांसद निलंबित किए गए थे। ये आजादी के बाद एक दिन में सांसदों के निलंबन का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले 1989 में एक दिन में 63 सांसद निलंबित किए गए थे।

## दिल्ली का बदमाश गाजियाबाद में पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

गाजियाबाद। थाना साहिबाबाद पुलिस ने शुक्रवार को मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया। थाना सीमापुरी दिल्ली से तड़ीपार चल रहा यह लुटेरा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने शुक्रवार को बताया कि थाना साहिबाबाद पुलिस की टीम आपराधिक घटनाओं के दृष्टिगत एयरफोर्स क्षेत्र बिजली घर के पास नूरनगर चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक सवार व्यक्ति नूर नगर की तरफ से आता दिखाई दिया जिसे रुकने का इशारा करने पर पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने लगा। पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की। बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है, जिसे गिरफ्तार किया गया। उसने अपना नाम ताराचंद उर्फ राहुल निवासी पुरानी सीमापुरी थाना सीमापुरी दिल्ली मूल निवासी ग्राम सैदपुर जनपद बुलंदशहर बताया है। उसके विरुद्ध गाजियाबाद व एनसीआर क्षेत्र में करीब दो दर्जन मुकदमे लूट व चोरी के पंजीकृत हैं। ताराचंद उपरोक्त थाना सीमापुरी दिल्ली का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है व तड़ीपार चल रहा है। उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक, एक तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा व 1 खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं।

## संसद से विपक्षी दलों के सांसदों के निलम्बन के विरोध में धरना-प्रदर्शन

वाराणसी। विपक्षी सांसदों को सदन से निलंबित करने के विरोध में इंडिया गठबंधन के दलों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कचहरी स्थित अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष जमकर धरना प्रदर्शन किया। धरना में शामिल नेताओं ने बांहों पर काली पट्टी बांध कर सरकार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल व सपा जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि संसद की मर्यादा और गरिमा का अपमान करते हुए इतिहास में पहली बार सवाल पूछने वाले विपक्ष के 141 से अधिक सांसदों को सस्पेंड किया गया। सदन में लोकतंत्र की हत्या की गई। संसद की सुरक्षा में हुई गंभीर चूक का जवाब देने की बजाय तानाशाही सरकार सवाल पूछने वालों को मौन करने में लगी है। लोकतंत्र का मतलब क्या है? हर मुद्दे पर चर्चा करना, सवाल पूछना, जवाब देना और पक्ष-विपक्ष की सहमति से देश को आगे ले जाना। लेकिन आज भाजपा सरकार देश की जनता से यह लोकतंत्र ही छीनना चाहती है। केन्द्र सरकार को बुनियादी और जरूरी मुद्दों पर मसखरी करने के अलावा कुछ नहीं आता। जहां सरकार की जवाबदेही और जिम्मेदारी की बात होती है, वहां खुद पार्टी के नेता बेशर्मी से झूठ और जहर उगलते हैं। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे,सपा महानगर अध्यक्ष दिलीप डे, सपा नेता और पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल,पूर्व दर्ज़ा प्राप्त मंत्री मनोज रायधूपचंडी आदि ने भी भाजपा की डबल इंजन सरकार पर निशाना साधा। धरना में दुर्गा प्रसाद गुप्ता, पूर्व मंत्री बहादुर सिंह यादव,प्रो.अनिल उपाध्याय, संतोष यादव बबलू,अशोक सिंह, डॉ राजेश गुप्ता,आनंद मौर्या,पंकज चौबे,किशन दीक्षित,जितेंद्र सेठ,मनीष चौबे, राधा कृष्ण संजय यादव,पूनम विश्वकर्मा आदि शामिल रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नरायनपुर में हुआ लाभार्थी सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर। भाजपा द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शुक्रवार को नारायणपुर ग्राम सभा में लाभार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक प्रतिनिधि के एन सिंह ने ग्रामीणों को देश एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनता के लिए चलाई जा रही तमाम योजनाओं के बारे में बताया। विधायक प्रतिनिधि ने कहा की भाजपा की सरकार द्वारा आम जनता के जीवन को सुलभ बनाने के लिए जो भी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं अगर किसी को योजना का लाभ न मिले तो संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा ग्राम पंचायत में बने मिनी सचिवालय में जाकर वहां मौजूद कर्मचारी से अपनी समस्या का हल करा सकते हैं इसके अलावा विधायक प्रतिनिधि ने सरोजिनी नगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के बारे में बताते हुए कहा कि विधायक द्वारा निरंतर सड़क निर्माण, सौर ऊर्जा, स्वच्छ जल की व्यवस्था के तहत हैंडपंप, विद्यालय में बच्चों के पढ़ने के साथ-साथ खेलकूद के जरूरी सामान के साथ-साथ क्षेत्र में कोई भूखा ना रहे इसके लिए मां तारा रसोई की व्यवस्था की गई है जिसके अंतर्गत रोज सैकड़ो व्यक्तियों को भोजन कराया जाता है। इसके अलावा भी विधानसभा क्षेत्र को उत्तर प्रदेश में नंबर एक विधानसभा बनाने के लिए हर प्रकार के विकास के कार्य किए जा रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि के साथ उपस्थित अन्य लोगों ने भी अपने संबोधन में सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम की शुरुआत गांव के प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के साथ हुई इसके बाद छात्राओं द्वारा देशभक्ति सहित विभिन्न मनमोहन गीतों की प्रस्तुति की गई। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को उपहार भी दिए गए इसके अलावा ग्राम सभा में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंप गए। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि के साथ मंडल अध्यक्ष शिवबक्स सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश सिंह, गंगाराम भारती, अमित तिवारी, दलू बहादुर सिंह, मनीष द्विवेदी मुकेश कनौजिया, नवीन तिवारी, दिनेश गुप्ता, अनिल शर्मा के अलावा ग्राम पंचायत सचिव नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) शिव कुमार वर्मा, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) सोमनाथ यादव, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से शाखा प्रबंधक संजय कुमार, ग्राम रोजगार सेवक,स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग व अन्य विभागों की टीम मौजूद रही। कृषि विभाग द्वारा किसानों को ड्रोन से नैनो खाद का छिड़काव करके भी दिखाया गया। इसके पहले यह आयोजन तेरवा गांव में भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

**सम्मान समारोह में भारत को विकसित बनाने का लिया गया प्रण**

**विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी ग्रामीणों को दिया गया प्रमाण पत्र विद्यालय के छात्राओं को मिले उपहार**

# अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल ने सफलतापूर्वक किया प्राइमरी इम्यूनोडेफिशिएंसी बोन मैरो ट्रांसप्लांट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल के द्वारा शुक्रवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया गया कि अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए हेमेटोलॉजिस्ट और बोन मैरो ट्रांसप्लांट एक्सपर्ट डॉ प्रियंका चौहान के नेतृत्व में एक्टिवेटेड पीआई3के डेल्टा सिंड्रोम के लिए सफलतापूर्वक पहला एलोजेनिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांट किया है। इस दुर्लभ प्राइमरी इम्यूनोडेफिशिएंसी रोग से पीड़ित 14 वर्षीय लड़का है, जिसमें सात साल की उम्र में इस बीमारी को डायग्नोस किया गया था।

इलाज के लिए उसके शरीर में एंटीबॉडीज पूरी करने के लिए हर महीने इम्युनोग्लोबिन इंजेक्शन दिया जा रहा था। पिछले वर्ष पीड़ित परिवार ने संपर्क किया था। वहीं मरीज का भाई बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए पूर्ण एचएलए मैच डोनर पाया गया। हेमोटोलॉजी और ऑन्कोलॉजी की कंसल्टेंट डॉ प्रियंका चौहान ने बताया कि प्राइमरी इम्युनोडेफिशिएंसी रोग दुर्लभ आनुवंशिक स्थिति है, जो बार बार होने वाले या गंभीर संक्रमण, ऑटोइम्यून विकारों और कैंसर के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता के कारण रोगियों और चिकित्सा पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा करती हैं। साइंटिफिक जर्नल्स के अनुसार आज तक केवल 10-11 मामलों में ही बोन मैरो ट्रांसप्लांट में सीमित सफलता देखी गई है।

उत्तर प्रदेश में इस मर्ज से पीड़ित रोगियों के लिए एक आशा की किरण तब जगी, जब 14 वर्षीय लड़के का लखनऊ के अपोलो अस्पताल में सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया गया। उसके इम्यूनिटी सिस्टम बढ़ाने के लिए व्हाइट ब्लड सेल्स (ग्रैनुलोसाइट्स) भी चढ़ाए गए। ट्रांसप्लांट के दो महीने बाद, उसके शरीर में 98 प्रतिशत डोनर सेल्स काम कर रही हैं और उसका स्वास्थ्य निरंतर बेहतर हो रहा है, जो सकारात्मक परिणाम का संकेत है। हॉस्पिटल के सीईओ एंड एमडी डॉ मयंक सोमानी ने अभूतपूर्व उपलब्धि के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि इस दुर्लभ रोग के लिए उत्तर प्रदेश का पहला बोन मैरो ट्रांसप्लांट करने में हमारी उपलब्धि एक आशा की किरण लेकर आई है। दुनिया भर में केवल कुछ ही मामलों के अलावा, हमारे प्रयासों और उच्च कुशल डॉक्टरों की एक टीम ने उपचार के विकल्पों को बढ़ाने और रोगियों के लिए उम्मीद बढ़ाने में महत्पूर्ण सफलता हासिल की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में चारपाई पर पड़ा मिला युवक का शव,जांच में जुटी पुलिस

मलिहाबाद/लखनऊ। संदिग्ध परिस्थितियों में एक किसान का शव चारपाई पर पड़ा मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बिराहिमपुर निवासी राजेश कुमार 28 वर्ष पुत्र डल्ला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे चारपाई पर पड़ा मिला। मृतक का सिर चारपाई से लटका हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मृतक राजेश कुमार की मां सुमित्रा ने बताया कि तीन दिन पूर्व राजेश कुमार का उसकी पत्नी रोशनी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसको लेकर पत्नी अपने मायके भुलसी चली गयी थी। मृतक राजेश के परिवार में उसकी मां सुमित्रा,पत्नी रोशनी, एक बेटा रिषभ 3 वर्ष का है जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाई की जायेगी।

## विद्यालय में बाल मेला व प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहा,लखनऊ। मस्तीपुर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया।

मेला भारतीय संस्कृति और परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है यह एक प्रकार का मनोरंजन साझा आनंद और आत्मीयता की अनुभूति कराता है। यह सभी समुदायों के बीच आपसी भाईचारे के बंधन को मजबूत करने का और सामूहिक कार्य करने सीख का सरल माध्यम है ।

उक्त उदगार शुक्रवार को मस्ती पुर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य संजीव कुमार दीक्षित ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी राजेश कुमार पांडे व उनकी पत्नी सुधा पांडेय ने उपस्थित 165 बच्चों को पेन बिस्किट टॉफी वितरित किया। विद्यालय में बच्चों ने इस अवसर पर अनेक स्तर लगाए थे जिसमें उनके घरों में उगने वाली सब्जियां फल के साथ कुछ बच्चे बनाकर लाएं समोसे पकौड़े चाय आदि की भी दुकान लगाई थी इन इंस्टॉल से सभी उपस्थित अभिभावकों , अध्यापकों व गणमान्य लोगों ने खरीदारी की। इस दौरान छात्रों के बीच कला प्रतियोगिता एवं खेल प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विजई छात्रों को ग्राम प्रधान सूर्यकुमार द्विवेदी व प्रधानाध्यापक संजू दीक्षित ने पुरस्कार प्रदान किया।

# प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए शासनादेश हुआ जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाने के संबंध में शासनादेश जारी किया है। शासनादेश में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव एम. देवराज ने शासकीय एवं निजी क्षेत्र के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, डिग्री, डिप्लोमा, अभियन्त्रण एवं फार्मेसी स्तरीय संस्थानों के पदाधिकारियों को आगामी 03 माह में प्रत्येक संस्था द्वारा कौशल विकास के क्षेत्र में न्यूनतम 50 अर्ह व्यक्तियों को योजनान्तर्गत निर्धारित अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने को कहा है। जिलाधिकारी अपने स्तर पर योजनान्तर्गत अर्ह लाभार्थियों का चयन एवं संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण आयोजित किये जाने में सघन निगरानी करेंगे।

इसके साथ ही संस्थाओं के अतिरिक्त जनपद स्तर पर अन्य उपर्युक्त अन्य संस्थाओं को भी आवश्यक लक्ष्य आवंटित करते हुए योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।प्रमुख सचिव एम. देवराज ने बताया कि योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मिशन निदेशक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन नोडल अधिकारी होंगे और इसका नियमित अनुश्रवण करेंगे। निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निजी एवं राजकीय आईटीआई में तथा निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, कानपुर निजी एवं राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थाओं में योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे। कुलपति, एकेटीयू, लखनऊ निजी एवं राजकीय डिग्री व फार्मेसी संस्थाओं में तथा कुलपति, एचबीटीआई, कानपुर एवं कुलपति, एमएमयूटी, गोरखपुर अपने विश्वविद्यालय में योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे।

प्रमुख सचिव एम. देवराज ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। योजना के संबंध में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा निर्गत की गयी। इस क्रम में प्रदेश के शासकीय एवं निजी क्षेत्र के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, डिग्री, डिप्लोमा, अभियन्त्रण एवं फार्मेसी स्तरीय संस्थानों के पदाधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गयी।

## 700 महिला आर्टिज़न को रोजगार से जोड़ेगा श्वेत एक्सपीरियंस सेंटर, बनाएगा आत्मनिर्भर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार की गयी चिकनकारी को श्वेत एक्सपीरियंस सेंटर मंच देगा। सेफ सोसाइटी और एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से तैयार इस सेंटर का शुभारंभ भाजपा अवध क्षेत्र की महिला मोर्चा की रेखा अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में लगभग 150 महिला आर्टिज़न ने हिस्सा लिया और उन्होंने मुख्य अतिथि के सामने अपने अनुभव और केंद्र के प्रति अपने सपनों को सांझा किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम मैनेजर विभा मिश्रा ने किया, इस मौके पर एचसीएल फाउंडेशन की प्रतिनिधि शीतल और सेफ सोसाइटी के डायरेक्टर वैभव शर्मा भी मौजूद रहे। प्रोग्राम मैनेजर विभा मिश्रा ने बताया की यह केंद्र लगभग 700 महिला आर्टिज़न को रोजगार से जोड़ेगा और उनको आत्मनिर्भर बनाएगा।

## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया 113वां स्थापना दिवस समारोह




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेन्ट्रल बैक ऑफ इंडिया लखनऊ द्वारा शुक्रवार को बैंक का 113वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर एके खन्ना, अंचल प्रमुख, रोहित कुमार क्षेत्रीय प्रमुख और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों समेत अन्य ने बैंक के संस्थापक को पुष्पांजली अर्पित की। वहीं इस मौके पर अंचल प्रमुख एके खन्ना ने बैंक के सभी कर्मचारियों से नए जोश के साथ कार्य करने एवं सर्वोत्तम ग्राहक सेवा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में उत्तरोत्तर प्रगति के लिए निरंतर सीखना नितांत आवश्यक है। समारोह में प्रतिष्ठित ग्राहकों, पूर्व वरिष्ठ कार्यपालकों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया क्रिसमस डे, बांटा उपहार



लखनऊ। निराला नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की संस्था परवरिश स्कूल में शुक्रवार को क्रिसमस से स्कूल परिसर में दिव्यांग बच्चों के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस डे मनाया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चे भी सेंटा के रूप में नजर आए। वहीं इस मौके पर बच्चों में गिफ्ट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की संचालिका डॉ कुसुम कमल द्वारा स्वयं सेंटाक्लाज बनकर किया। जिसके बाद दिव्यांग बच्चों द्वारा रैली भी निकाली गयी।

## वादी की तहरीर पर दर्ज हुई ठगी करने वाले के विरुद्ध रिपोर्ट

लखनऊ। वादी संतोष कुमार जायसवाल पुत्र भगवती प्रसाद जायसवाल निवासी कस्बा चेक पोस्ट गोसाईगंज की ओर से कोतवाली मे लिखित सूचना दी गई कि वह अपनी दुकान जायसवाल जनरल स्टोर को बंद करके जा रहे थे उसी समय अस्पताल के पास खड़े तीन अज्ञात उधर से गुजरे ।तीनों ने उनको पीछे से पकड़ लिया और उनसे समान छीनने का प्रयास किया।इस पर संतोष जायसवाल चिल्लाये। आवाज सुनकर आस पास मौजूद लोग दौड़े पड़े। भीड़ को देखकर दो लड़के मौके से भाग खाडे हुए। एक लड़के को पकड़ लिया गया। पकड़े गए लड़के ने अपना नाम शिवा गौतम पुत्र राम सुमिरन निवासी मलौली थाना गोसाईगंज बताया । इस मामले मे एस एच ओ की ओर से आवेदक की तहरीर लेकर अभियोग पंजीकृत करके आवश्यक कार्यवाही किए जाने की बात कही गई ।

## दिव्यांगों नें पैदल यात्रा निकाल तहसीलदार को सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन

मलिहाबाद/लखनऊ। बड़ी संख्या में दिव्यांगों ने डाक बंगले से पैदल यात्रा निकाल तहसील पहुँचकर तहसीलदार को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंप जल्द ही मांगो को पूरा करने की मांग की है। शुक्रवार को मलिहाबाद माल रोड स्थित डाक बंगला से दिव्यांग विकास सोसायटी के बैनर तले क्षेत्र के दर्जनों विकलांग एकत्रित हुए। जो वहा चार सूत्रीय मांगों को लेकर यात्रा कर तहसील परिसर पहुंचे। उनके प्रदर्शन में पहुंची तहसीलदार को सोसायटी के जिलाध्यक्ष ने चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें दिव्यांगों की मांग थी कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास दिया जाये। दूसरी मांग थी कि उनके अन्त्योदय कार्ड बनाये जाये। दिव्यांगों ने मांगपत्र में यह भी मांग की कि उनका आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ उन्हें शौचालय मुहैया कराया जाये। तहसीलदार ने दिव्यांगों मांगों पर चर्चा कर निस्तारण कराने का आश्वासन देकर दिव्यांगों को शांत कराया।

## लखनऊ-हरदोई राज्यमार्ग पर पलटी बस तीन दर्जन यात्री घायल

रहीमाबाद/लखनऊ। लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर चल रही यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गयी। जिससे उसमें सवार यात्रियों को मामूली चोटें आयीं। घटना होते ही मौके से चालक व परिचालक भाग निकले। लखनऊ से सवारी भरकर अवध डिपो बस यूपी 33 एटी 5839 हरदोई की ओर जा रही थी। रास्ते में ग्राम चाँदपुर के निकट अचानक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गढ्ढ़े में पलट गयी। सड़क किनारे बस पलटने से सवारियों में अफरातफरी मच गयी। बस में फंसे यात्री बस के शीशे तोड़ किसी तरह उसमें से निकल पाये। प्रत्यक्षदर्शियों नें बताया कि बस में करीब तीन दर्जन सवारियां थीं। बस में यात्रियों को मामूली चोटें आयीं है। जो स्वयं अपने-अपने गंतव्यों के लिये किराये की अन्य गाड़ियों से निकल गये। घटना होते ही बस चालक व परिचालक मौके से भाग निकला था। सूचना पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने बस को क्रेन से निकलवाकर अपने कब्जे में ले लिया है।

## बिजनौर में 40 बीघा अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

लखनऊ। शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन 2 की टीम ने बिजनौर थानाक्षेत्र में अभियान चला कर निजी विकासकर्ताओं द्वारा ग्राम अशरफ नगर में लगभग 40 बीघा में विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोज़र चला कर ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन जोन 2 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि अनिल सिंह, जर्नादन सिंह व मेसर्स ट्रस्ट अस ग्रुप द्वारा बिजनौर के ग्राम असरफनगर में लगभग 40 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के खिलाफ़ विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता शिवा सिंह, अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्रा व ऋतुपाल द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, भूखण्डों के डिमार्केशन के लिए ईंटों से किए गए चिनाई आदि के कार्य को ध्वस्त कर दिया गया।

## विस्थापितों के लिए 21 जनवरी 2024 तक लगेगा पंजीकरण कैम्प

लखनऊ। अकबरनगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के विस्थापितों को आवास व दुकान आवंटित की जा रही है। विस्थापितों को आवास व दुकान के लिए पंजीकरण कराने में किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अकबरनगर पुलिस चौकी के निकट ही विशेष पंजीकरण शिविर लगाया गया है, जिसकी अवधि एक माह के लिए बढ़ा दी गयी है। अब यह कैम्प 21 जनवरी, 2024 तक आयोजित किया जाएगा।

## मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी एवं टीएलएम प्रतियोगिता सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत मण्डल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं टीएलएम प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल रेखा दिवाकर ने किया। जिसमें जेडी माध्यमिक कार्यालय के विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने बताया प्रदर्शनी में जूनियर संवर्ग से 12, सीनियर संवर्ग में 14 और शिक्षक के टीएलएम संवर्ग में 14 मॉडल का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम समापन अवसर पर मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल डॉ प्रदीप कुमार ने निरीक्षण किया। वहीं इस मौके पर उन्होने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के साथ नगद धनराशि से सम्मानित भी किया। बताया कि सीनियर वर्ग में प्रथम हर्षिता वर्मा, द्वितीय प्रतिभा सिंह चौहान रही। जूनियर वर्ग प्रथम शशांक शुक्ला व द्वितीय आर्शीवाद पाण्डेय रहे। टीएलएम शिक्षक वर्ग विज्ञान विषय में प्रथम गरिमा मिश्रा, गणित में प्रथम अनुकृति गुप्ता, सामाजिक विज्ञान में प्रथम रेनू सिंह रही।

# सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर में आध्यात्मिक चर्चा का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर', इंदिरा नगर लखनऊ एवं 'सिद्ध शक्तिपीठ सत्यतीर्थ आश्रम' भवानीपुर, अनोरा कला, फैजाबाद रोड लखनऊ की पावन भूमि पर 'भगवान के ॐ रूप दर्शन' का वार्षिक समारोह 'आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम जी' एवं 'दिव्य शक्ति योगीराज श्री अभिनव महाराज जी' की पावन उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ भगवान की वाणी के पाठ से हुआ।

22 दिसंबर 1979 को 'श्री कृष्णचेतनावतार देवी मां' ने भगवान के लिए 'लिपि रूप' पर जब प्रसाद अर्पित किया, तब उनके पावन कर कमलों के स्पर्श मात्र से, प्रसाद में भगवान ने रूप में दर्शन दिया । उस दिन से प्रत्येक वर्ष 'भगवान का ॐ रूप दर्शन' का वार्षिक समारोह 'सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर' में मनाया जाता है।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा आध्यात्मिक चर्चा। आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम जी एवं दिव्य शक्ति योगीराज श्री अभिनव महाराज जी के श्री मुख से, भारतवर्ष के अनेक शहरों से आए हजारों भक्त जनों ने अपने-अपने आध्यात्मिक प्रश्न एवं जिज्ञासाओं समाधान पाया। कर्मकांड, अंधविश्वास, एवं जाति प्रथा में उलझे हुए भक्त जनों को जीवन जीने की सही दिशा एवं उचित मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिस पाकर उनका चित्र शांत हुआ और मन प्रकाशित हुआ।

आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम जी जी ने बताया कि आज के समाज में मनुष्यों के कष्टों को और संघर्षों का मुख्य कारण है कि उसने अपने आप को अलग-अलग जाति और धर्म की जंजीरों में बांध रखा है जिनसे वह मुक्त होना ही नहीं चाहता है, जबकि भगवान के अनुसार जाति है इंसान की, धर्म है मानवता का।श्री कृष्णचेतनावतार देवी मां' की भागवत शक्ति चालित देखने के माध्यम से 31 मार्च सन 72 से भगवान ने 'लिपि रूप' में अपना संदेश देना आरंभ किया , जो 'आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम जी' एवं 'दिव्य शक्ति योगीराज श्री अभिनव महाराज जी' के कर कमलों से निरंतर प्रवाहित हो रहा है, जिसके लगभग 400 से भी अधिक वाणी खंड प्रकाशित किए जा चुके हैं, जिनके अध्ययन - मनन -चिंतन से देश- विदेश में रहने वाले हजारों भक्तगण अपने जीवन में समाए असाध्य रोगों , कष्टों, संघर्षों से मुक्ति पा रहे हैं। प्रवचन के उपरांत 'श्री कृष्णचेतनावतार देवी मां' द्वारा लिखित भजन हुए एवं आरती व प्रसाद का कार्यक्रम हुआ।

# श्री शारदा कालेज में आयोजित क्षितिज 2023 में 1600 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**विभिन्न प्रतियोगिताओं में 40 विद्यालयों ने लिया हिस्सा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। श्री शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के प्रांगण में शुक्रवार को आयोजित क्षितिज कार्यक्रम 2023 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, लॉन्ग जंप, सोलो डांस, वॉल पेंटिंग, कबड्डी, रेस, खो–खो, व टग आफ वार आदि खेल आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे माननीय गिरीश चन्द्र यादव मंत्री (खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय, स्वतंत्र प्रभार) ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन व सम्मानित किया।

संस्थान के चेयरमैन इन्द्र बहादुर सिंह, वाईस चेयरमैन निरमेश सिंह व संस्थान के डीन प्रोफ़ेसर विवेक मिश्रा ने माल्यापर्ण कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा 'केन्द्र सरकार ने युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए नई खेलनीति लागू की है ये युवा खिलाडी ही आने वाले समय मे भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने 100, 200 एवं 400 मीटर दौड, लांग जम्प,सोलो डांस, वॉल पेंटिंग, कबड्डी, रेस, खो–खो, व टग आफ वार आदि खेलों मे अपना दमखम दिखाया। लखनऊ जिले के 40 से अधिक इंटर कालेज और 1600 से अधिक प्रतिभागियो ने बढचढ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम मे वालीवाल की विजेता टीम शिशु मंदिर इंटर कालेज गोसाईगंज व रनरअप टीम सूर्या पब्लिक स्कूल मकनपुर, लॉन्ग जंप मे बॉयज टीम विजेता बाबूलाल यादव शिक्षण संस्थान, गर्ल्स टीम विजेता आर.पी. टी इंटर कॉलेज व रनरअप बॉयज टीम विजेता श्री रामेश्वर दास स्कूल, रनरअप गर्ल्स टीम विजेता तेजपाल इंटर कॉलेज इसके साथ 100 मी दौड बॉयज टीम विजेता इलाहाबाद पब्लिक स्कूल, गर्ल्स टीम विजेता जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज व रनरअप बॉयज टीम विजेता सेंट फ्रांसिस मिशन स्कूल, रनरअप गर्ल्स टीम विजेता श्री रामेश्वर दास स्कूल, 200 मी दौड बॉयज टीम विजेता आर.पी.टी इंटर कॉलेज, गर्ल्स टीम विजेता जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज, व रनरअप बॉयज टीम विजेता राष्ट्रीय उद्योग पब्लिक इंटर कॉलेज, रनरअप गर्ल्स टीम विजेता जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज एवं विजेता टीम कॉल्विन पब्लिक स्कूल व रनरअप टीम विजेता मां श्री विंध्यवासिनी इंटर स्कूल रही।

# घटतौली की शिकायत पर दो कोटेदारो का कोटा निरस्त

**ज़िलाधिकारी की सख्ती के दिखने लगा असर,दोषी कोटेदारों पर हुई कार्यवाही**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पीड़ितों द्वारा कोटे पर राशन की घटतौली को लेकर शिकायत की गई थी। जिसपर अधिकारियों द्वारा शिकायतों की जांच करायी गयी। सत्यता पाये जाने पर जांच टीम द्वारा दी गयी रिपोर्ट पर उपजिलाधिकारी ने दो राशन दुकानों के विक्रेताओं का अनुबंध पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम पंचायत ढखवा व दनौर के लोगों ने शिकायत दर्ज करायी थी कि उचित दर विक्रेता घटतौली, अनियमितता बरतने व अकारण बंद करने के साथ लोगों से अभद्रता करते है। जिसकी जांच के लिये खण्ड विकास अधिकारी मलिहाबाद रवीन्द्र मिश्रा व बीडीओ माल सृजना श्रीवास्तव , पूर्ति निरीक्षक माल व मलिहाबाद सूर्यनाथ पुष्कर सहित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी परवेज अख्तर को दी गयी थी। जांच टीम द्वारा ने दोनों उचित दर विक्रेताओं की दुकानों की जांच में शिकायतकर्ता की शिकायतों को सही पाया गया। जिसके बाद जांच टीम ने रिपोर्ट तहसील में दे दी। जिसके बाद उपजिलाधिकारी ने जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर ग्राम पंचायत ढखवा के उचित दर विक्रेता जवाहरलाल व ग्राम पंचायत दनौर के उचित दर विक्रेता राकेश कुमार का अनुबंध पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। दो दुकानों की निलंबन की जानकारी पाकर कोटेदारों में हलचल मची है।

# जिला जज के साथ डीएम और एसएसपी ने किया जिला जेल का निरीक्षण

## जिला जेल सुविधाओं का लिया जायजा, कैदियों का जाना हाल-चाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए शुक्रवार को जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ला व डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी नेपाल सिंह ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रमोद सिंह यादव मौजूद रहे।

जिला जज, डीएम व एएसपी ने पुरुष एवं महिला बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हाल-चाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। जिला जज ने बंदियों से पूछा कि कोई ऐसा तो नहीं है जिसकी लंबे समय से पेशी ना रही हो रही हो। इस पर बंदियों ने उत्तर दिया कि सभी की पेशी हो रही है।

इस दौरान ज़िला जज ने जेल बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी डॉ शिवपूजन व डॉ दीपांकर ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती सभी 14 मरीजो के बारे में विस्तृत जानकारी दी।निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय, जेलर अजय कुमार सिंह, डिप्टी जेलर सुनील कुमार, चिकित्सक डॉ. दीपांकर रावत, डॉ शिवपूजन मौजूद रहे।

## जड़ौरा ग्राम मे बन रहे अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन 31 दिसम्बर को



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। गोला तहसील क्षेत्र के निकटवर्ती गांव जडौरा में बन रहे अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन आगामी 31 दिसंबर को भारत सरकार के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी व विधायक गोला अमन गिरि के द्वारा किया जाएगा इस अवसर पर जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी गोला खंड विकास अधिकारी कुंभी सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।जाडौरा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व एडवोकेट आशीष मिश्रा ने बताया भारत विकास यात्रा के दौरान आगामी 31 दिसंबर को भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के द्वारा नवीनीकृत अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, विधायक गोला अमन गिरी, सांसद प्रतिनिधि मुन्नालाल अवस्थी, गोला उप जिला अधिकारी रत्नाकर मिश्रा व खंड विकास अधिकारी कुम्भी गोला हनुमान मिश्रा सहित ग्राम प्रधान संध्या मिश्र सहित तमाम भाजपा नेता मौजूद रहेगे।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम की धूम, खैराबाद में किया गया अक्षत कलश का विधि विधान से पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद सीतापुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खैराबादआज श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हेतु अक्षत कलस पूजन की शोभायात्रा में खैराबाद के नगरपालिका खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनधि अभिषेक गुप्ता ''बबलू भईया'' संदीप अवस्थी भाजपा नगर अध्यक्ष, राजेश(मनोज)विभाग शारीरिक प्रमुख सविनय जी नगर संघ चालक रजनीश खंड कार्यवाह विशाल नगर कार्यवाह आदित्य जी ओरीलाल जी ,राजकुमार जी,शर्वेस जी बच्चन मिश्रा (वीरेंद्र) जी वा नगर के गणमान्य बंधुओ वा आम जनता ने भव्य स्वागत कर डीजे कॉलेज से यात्रा श्री गोरी देवी मंदिर तक पूर्ण किया। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में गर्भ ग्रह में विराजित रामलला की प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी 2024 को होनी है।

इस अवसर पर राम भक्तों में काफी हर्ष और उल्लास देखा जा रहा है बताया गया कि जिले के प्रत्येक गांव घर तक प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा जा रहा है और राम भक्तों से आग्रह किया जा रहा है कि अपने घर और मंदिर पर केंद्र मानकर 22 जनवरी 2024 को पूजन के समय पूजन भजन आदि कर प्रभु के इस कार्य में पूर्ण कमाने के सहभागी बने।

### खैराबाद में दिए जलाने की होगी विशेष व्यवस्था – अभिषेक गुप्ता

श्री राम जन्मभूमि कार्यक्रम में खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने बताया कि 22 जनवरी को पूरे देश भर में बड़ी दीपावली मनाई जाएगी जिसको लेकर राम भक्तों में यह भारी उत्साह नजर आ रहा है. इसके अलावा, 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन खैराबाद के सभी बंजारों मार्केट घरों और चौक चौराहा पर सभी लोगों से पांच दिए जलाने की अपील की गई है. सभी राम भक्त इस दिन दीपवाली की तरह मनाएंगे।

# स्मैक के खिलाफ बजरंग दल ने उठाई आवाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिधौली/सीतापुर। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सैकड़ो कार्यकर्ता तहसील सिधौली में अचानक पहुंचे एवं उनके पहुंचते ही तहसील सभागार में जय श्री राम के नारे की गूंज चारों तरफ फैल गई विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सैकड़ो कार्यकर्ता यूपी जिला अधिकारी सिधौली के कार्यालय के बाहर पहुंचे एवं उन्होंने एक ज्ञापन दिया है बजरंग दल नगर संयोजक अतुल तिवारी ने ज्ञापन देते हुए बताया है कि तहसील सिधौली के कई क्षेत्रों में मस्जिदों के ऊपर लगे लाउडस्पीकर अभी तक हटाए नहीं गए हैं। कस्बा सिधौली के सभी विद्यालयों के बाहर मनचले युवकों से छात्र एवं छात्राएं परेशान है ऐसे में विद्यालय की छुट्टी के समय पुलिस प्रशासन के द्वारा उचित व्यवस्था की जाए। सिधौली क्षेत्र में इस माइक से कई युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है सिधौली कस्बे में तेजी से इस समय का कारोबार चल रहा है ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई हो। नगर पंचायत सिधौली में बंदरों का आतंक तेजी से होता नजर आ रहा है इस पर भी नगर पंचायत के द्वारा उचित व्यवस्था की जाए। शीतकाल में मठ मंदिरों के बाहर साफ सफाई एवं अलाव की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। बता दें कि बजरंग दल के कई कार्यकर्ता जब उप जिलाधिकारी सिधौली के पास पहुंचे तो उप अधिकारी सिधौली अनिल रस्तोगी मौके पर नहीं मिले इसके बाद तहसीलदार सिधौली विनोद सिंह ने ज्ञापन लिया एवम सभी बिंदुओं को समझ कर जल्द से जल्द उचित कार्यवाही करने का आश्वाश भी दिया है वही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि अगर एक हफ्ते के भीतर दिए गए बिंदुओं पर प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो बजरंग दल स्वयं कार्रवाई हेतु होगा। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद नगर मंत्री रामगोपाल मिश्र बजरंग दल नगर संयोजक अतुल तिवारी हिमांशु रावत उदय वाल्मीकि अर्पित शुक्ला विजय राजपूत प्रशांत श्रीवास्तव विशाल सूरज गुप्ता आकाश मिश्रा दीपक मिश्रा कमलेश कनौजिया के साथ संगठन के कई कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# ढखिया ग्राउंड पर हुआ खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन

मछरेहटा (सीतापुर)। भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत जनपद सीतापुर के ग्रामीण अंचलों की खेल प्रतिभाओं को निखारने व खेलो को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खंड विकास अधिकारी मछरेहटा अजीत कुमार यादव के निर्देश पर विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत ढ़खिया प्रधान बसंत लाल राजपूत द्वारा ग्राम पंचायत स्थित ग्राउंड पर खेल- प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। खेल परिसर में मौजूद ब्लॉक प्रतिनिधि अनमोल सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत के सभी खिलाड़ियों द्वारा 100, 200 व 1500 मीटर दौड़, लम्बी कूद, कबड्डी, गोला फेंक इत्यादि प्रतिस्पर्धाओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। 100 मीटर सीनियर में मोहित कुमार, जूनियर 400 मीटर में अकीश कुमार, 1500 मीटर दौड़ जूनियर उदित कुमार, 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में शालिनी, गोला फेंक बालिका वर्ग में रही।

# निजी वाहनों में थम नहीं रहा हूटर का प्रयोग

## न्यायालय के आदेशों का मखौल बना रहे पुलिस आरक्षी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लहरपुर(सीतापुर)। चौक-चौराहों व भीड -भाड़ भरे स्थानों से हूटर बजाते हुए गुजरना इन दिनों स्टेटस सिंबल बन गया है। खासकर निजी वाहनों पर इन दिनों हूटर का प्रयोग तो धड्ल्ले से हो रहा है। निजी वाहनों पर हूटर का प्रयोग करने वालों पर कार्रवाई की बजाए पुलिस व परिवहन विभाग मौन धारण किए हुए हैं।

खासकर ये मामला तब और भी संगीन हो जाता है,जब पुलिस प्रशासन के बीच के ही कुछ लोग कानून को ताक पर रखने पर तुले हुए हों। शासन द्वारा वाहन खासकर निजी वाहनों पर हूटर लगाना प्रतिबंधित कर दिया गया था। बावजूद इसके प्रभावशाली और मनबढ़ लोगों द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के दिशा निर्देशों का उल्लंघन करते हुए धड्ल्ले से हूटर का प्रयोग किया जा रहा है। क्षेत्र में आए दिन निजी वाहन हूटर बजाते हुए यातायात चौराहों व जनमानस के बगल से गुजर जाते हैं। इन पर कार्रवाई की बजाए यातायात विभाग के कर्मचारी मूकदर्शक बने हुए देखते रहते हैं। निजी वाहनों में हूटर प्रयोग के सर्वाधिक मामले लहरपुर, थाना सकरन,थाना तंबौर तथा चौकी सांडा से हैं, जहां पुलिस विभाग में तैनात आरक्षी ने अपने द्वारा प्रयोग किए जा रहे निजी वाहनों में भौकाल के तौर पर हूटर की आवाज निकालने वाले स्पीकर बांध रखे हैं। हूटर की आवाज निकालने वाले स्पीकर लगी इन गाड़ियों का प्रयोग आरक्षियों द्वारा क्षेत्र में गस्त करते समय किया जाता है।

हालांकि उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद निजी वाहनों पर विभिन्न प्रतीक चिह, झंडे, हूटर, लाल-नीली बत्ती आदि लगाना प्रतिबंधित कर दिया गया था। इन नियमों के उल्लंघन पर मोटरयान अधिनियम की धारा 190 (2) के तहत कार्रवाई का भी प्राविधान है। परंतु जब नियम कानूनों के जानकर ही नियमों को ताक पर रखने पर तुले हों तो ऐसे में तमाम कानूनी धाराएं मखौल बनकर रह जाती हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर यातायात विभाग व पुलिस प्रशासन के बीच के इन तमाम लोगों को निजी वाहनों में हूटर/सायरन की परमिशन कहां से मिली? आखिर कानून की ऐसी कौन सी धारा है जो निजी हित में इन स्टेट्स का प्रयोग लागू करती है? सवाल यह भी है कि क्या पुलिस प्रशासन अपने ही बीच के लोगों पर कार्यवाही करेगा या मामला जैसा का तैसा बना रहेगा।

# आकाशवाणी लखनऊ के लोकप्रिय कार्यक्रम लोकायतन में होगा बिसवां के साहित्यकार सन्दीप मिश्र ''सरस'' के अवधी काव्यपाठ का प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। प्रतिष्ठित आकाशवाणी केंद्र लखनऊ में गत दिवस ''लोकायतन'' कार्यक्रम में ''लोकभाषा कवि गोष्ठी'' की रिकॉर्डिंग हुई। जिसमें साहित्यकार सन्दीप मिश्र ''सरस'' के साथ लखनऊ के वरिष्ठ रचनाकार, सच्चिदानंद तिवारी शलभ और बाराबंकी के डॉ ओम प्रकाश वर्मा ओम भी सम्मिलित रहे। काव्य गोष्ठी का संचालन संदीप सरस ने किया।रेडियो के लोकप्रिय कार्यक्रम ''लोकातयन'' में आगामी 24 दिसंबर 2023 दिन रविवार को शाम 6 बजकर 30 मिनट से आकाशवाणी लखनऊ पर इस कार्यक्रम का प्रसारण होगा। इसे मीडियम वेव 747 किलो हर्टज या ऐप पर सुना जा सकता है।उल्लेखनीय है कि 'साहित्य सृजन संस्थान' के संस्थापक/अध्यक्ष संदीप 'सरस', साहित्य की विभिन्न विधाओं में अपने लेखन से निरंतर सक्रिय अवदान देते रहे हैं और अपने चर्चित कॉलम विमर्श, संवाद, बेबाक, कलमकार, रचनाकर, सृजन के सारथी, आदि के माध्यम से तमाम प्रतिष्ठित साहित्यकारों, नवोदित प्रतिभाओं से संवाद करते रहते हैं। आपने बिसवां क्षेत्र की बौद्धिक समृद्धता के लिए साहित्य सृजन संस्थान द्वारा सृजन पुस्तकालय की स्थापना की है।आपके लेखन में एक और राष्ट्रवादी चेतना के समसामयिक स्वर हैं वहीं दूसरी ओर घर आंगन के रिश्तो की आत्मीयता और सभ्यता संस्कृति की संवेदना से जुड़ा प्रभावी सृजन है। वे अपनी रचनाधर्मिता में जन सरोकारों से सीधा संवाद करते हैं और उनकी रचनाओं में ग्राम्य संस्कृति, पर्यावरण, जन जागरूकता के संदर्भों की चेतना सदैव जीवंत रहती है।

आपकी पुस्तक 'कुछ गजलें कुछ गीत हमारे' बेहद सराही गयी और कई महत्वपूर्ण पुस्तकें प्रकाशन के क्रम में हैं। देश की तमाम प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में आपकी रचनाएं प्रकाशित होती रहती है।

# तिकुनिया पुलिस की वसूली की पोल खोल रहा सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो



### पैसे वैसे की बात फोन पर मत किया करो साहब को चिढ़ होती है.......

### सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक ऑडियो से खुली वसूली की पोल!

### लकड़ी ठेकेदार व दरोगा की टेलीफोनिक वार्ता की ऑडियो वायरल, मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। बीते सप्ताह से तिकुनिया कोतवाली की कार्यशैली पर लगातार प्रश्न चिन्ह उठते चले आ रहे हैं जिन पर अभी तक किसी भी जिम्मेदार द्वारा कोई भी अंकुश नहीं लगाया जा सका।

बताते चले की बीते 16 दिसंबर को वाहन चेकिंग के दौरान कोतवाल की उपस्थिति में सिपाहियों द्वारा एक युवक को जबरन गाड़ी में लादने की कोशिश करना फिर भीड़ बढ़ती देख उसको छोड़ देना उसके उपरांत अगले दिन ही बरसोला कलां की एक महिला को देर रात तक थाने में बिठा के रखना लोगों के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है।

हालांकि पीड़ित ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से लेकर पुलिस अधीक्षक खीरी तक प्रार्थना पत्र भेज कर न्याय की गुहार लगाई है तिकुनियां पुलिस की किरकिरी अभी थम भी नहीं पायी थी की एक नए मामले ने इस चर्चा को और भी तूल पकड़ा दिया। बीती रात एक ऑडियो वायरल हुआ जिसने पुलिस विभाग में हड़कंप मचा दिया है। बताया जाता है कि यह ऑडियो जनपद की कोतवाली तिकुनिया में तैनात एक दरोगा जी का है दरोगा जी एक लकड़ी ठेकेदार से कुछ पैसे कम होने की बात करते हुए सुनाई दे रहे हैं ऑडियो में यह भी वक्तव्य सामने आए हैं की कम में सब नहीं मानेंगे कहीं या साहब तिकुनियां इंस्पेक्टर तो नहीं, लोगों का मानना है कि इंस्पेक्टर के इशारे पर ही यह वसूली का खेल चलता है अब वह वसूली चाहें लकडकट्टो से हो या

### फिर बदनाम हुई खाकी

खनन माफियाओं से हो या फिर बॉर्डर पार खाद व अन्य माल ले जाने वाले तस्करों से हो सूत्र यह भी बताते हैं कि इंस्पेक्टर के इशारे पर होने वाले इस वसूली के खेल में चौकीदार से लेकर खुद इंस्पेक्टर तक कि अहम भूमिका होती है और सभी इस खेल में बराबर के हिस्सेदार भी होना माने जाते हैं। सोशल मीडिया के अनुसार वायरल ऑडियो का संज्ञान एसपी गणेश प्रसाद साहा ने लिया है हालांकि इस मामले में अब तक आरोपी दरोगा वह पुलिस इंस्पेक्टर पर विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई इसकी कोई पुष्टि नहीं हो पा रही है लोगों का यह भी मानना है कि यदि विधिवत जांच हो तो एक वर्ष के भीतर जितने भी पुलिस कर्मियों की पोस्टिंग यहां हुई है वह तो बिल्कुल भयमुक्त होकर इस वसूली के खेल में चौके छक्कों की बारिश करने में मस्त रहें हैं। अब देखना यह है कि इन अभद्र और भ्रष्ट पुलिस कर्मियों का विकेट कब गिरता है और कौन लेता है?

# गांव के विकास में रोड़ा बने जिम्मेदार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### विकास को आए भारी भरकम बजट मे हो रहा खेला, केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं नदारत

धौरहरा-खीरी। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गांवों के विकास को लेकर विभिन्न मदों में प्रति वर्ष भारी भरकम आवंटित कर विकास कार्य कराए जाने का जिम्मा विकास खण्ड अधिकारी से लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी तक मानीटरिगं भी करती हैं।केंद्रीय वित्त,राज्य वित्त, अनटाइड फंड,स्वच्छता मिशन के मदो में आने वाले बजट से ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराए जाते हैं। मौजूदा सरकारो द्वारा छह से सात वर्ष पूर्व गाँवों में बिजली के खंभों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्ट्रीट और सोलर लाइटें लगाकर रोशनी फैलाने की शुरुआत की गई थी।शासन का मकसद रहा कि शहरों की तर्ज पर गाँव-गाँव की सड़कों पर ये लाइटें उजाला बिखेरेंगी तो चोर-उचक्कों पर अंकुश लगेगा और ग्रामीण जीवन के लोगों को लाइट की व्यवस्था नहीं करनी होगी।गाँव की गली और चौराहे प्रकाशमान रहेंगे।योजना के तहत गाँव-गाँव स्ट्रीट लाइट,सोलर पैनल लगाने में लाखों रुपये खर्च कर दिए गए।मगर सिर्फ कागजों पर आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद तराई की धौरहरा तहसील के अधिकाशं गांव आज भी रात के अंधेरे में डूबे रहते हैं।

ताजा मामला विकास खण्ड रमियाबेहढ की ग्राम पंचायत भटपुरवा कला में देखनें को मिला। गाँव में सडको पर साफ सफाई व जल निकासी की समस्या सभी मजरो में दिखी। केन्द्र सरकार के द्वारा दिये गये स्वच्छता मिशन के दावे यही आकर टिकते हैं। ग्राम पंचायत में जिम्मेदारो द्वारा बनाए गए अमृत सरोवर की हालत काफी दयनीय होने के आधा अधूरा निर्माण सिर्फ किनारे पर लगे खम्भे ही दिखाई दे रहे है जबकि किनारे पर लगने वाली इण्टरलाकिग नदारत दिखाई दी तालाब के अंदर पानी न होने से भयानक गदंगी व पडोस में लगे कोल्हू से निकलने वाला कचरा अमृत सरोवर में चार चांद लगा रहा है।

जबकि विभागीय सूत्रो के अनुसार ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी के पास अपने गाँव में सडको के किनारे बिजली लगवाने बजट होता है।जब चाहे तब बिजली सफाई सहित अन्य प्रकार के कार्य कराए जा सकते हैं।

# एक शिक्षक ऐसा जिस पर राष्ट्रगान से परहेज का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




जहांगीराबाद (सीतापुर)। शिक्षक छात्रों का भविष्य निर्माता होता है, छात्रों का चरित्र निर्माण करता है परन्तु जब ऐसा शिक्षक विधि विरुद्ध कोई अनैतिक कार्य करता है तो समय उसे माफ नहीं करता। सकरन विकास खण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय रेवान में ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहां सहायक अध्यापक मुकेश कुमार पर विद्यालय के अन्य शिक्षकों व बच्चों सहित अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि शिक्षक विद्यालय में होने वाले राष्ट्रगान में रुचि नहीं रखता बल्कि नन्हे मुन्ने बच्चों को भी राष्ट्रगान के समय कक्षा में बैठने को कहता है। शिक्षकों का यह भी कहना है कि वह विद्यालय में होने वाले राष्ट्रीय पर्वों पर महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण करने से भी गुरेज करता है। इस बारे में खण्ड शिक्षा अधिकारी सकरन को लिखित रूप से अवगत कराया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी ओमकार सिंह ने कहा है कि मामला जानकारी में आया है। सम्बन्धित शिक्षक को? नोटिस दी गयी है।उसका स्पष्टीकरण आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

मामला सकरन विकास खण्ड के बहुचर्चित प्राथमिक विद्यालय रेवान का है जो आये दिन किसी न किसी रूप में चर्चा में बना रहता है। विद्यालय में प्रधानाध्यापक नसीर अहमद अंसारी के अलावा दो सहायक अध्यापक तथा एक शिक्षामित्र तैनात हैं। जानकारी के अनुसार शिक्षक मुकेश कुमार पर आरोप है कि गत गुरुवार को शिक्षक ने विद्यालय में उपस्थित होने के बावजूद न तो स्वयं विद्यालय में होने वाली प्रार्थना तथा राष्ट्र गान में सम्मिलित हुआ बल्कि कक्षा एक के बच्चों को भी राष्ट्र गान में न ले जाकर विद्यालय कक्ष में ही दरवाजा भेड़ कर बैठाये रखा। शुक्रवार को कक्षा एक दो के बच्चों मुस्कान, अर्श, प्रियंका, चांदनी, रौनक, आरुषी और अंशिका ने भी इस बात की पुष्टि की।

बताते हैं इस बात पर जब विद्यालय के सहायक अध्यापक दिलीप कुमार शुक्ला ने आपत्ति जताई तो आरोपित शिक्षक आग बबूला हो गया तथा कहा कि आप कौन होते हो हमें टोकने वाले। क्या आप मेरे अधिकारी हैं। मेरा जो जो मन करेगा मैं करूंगा।

प्रधानाध्यापक के प्रशिक्षण में होने पर गुरुवार को वह विद्यालय में नहीं थे। इस घटना और सहायक अध्यापक के इस अनैतिक कृत्य से गुरुवार को ही खण्ड शिक्षा अधिकारी को भी अवगत करा दिया गया था। प्रधानाध्यापक नसीर अहमद अंसारी ने इस सम्बन्ध में बताया कि एक बार पहले भी शिकायत मिली थी। मैंने समझाया भी था। मैं प्रशिक्षण में था आज आया हूं परन्तु मुकेश कुमार आकस्मिक अवकाश पर हैं मैं बात करके समझाऊंगा और अगर वह नहीं मानते हैं, राष्ट्रगान में नहीं शामिल होते हैं या अपमान करते हैं तो उच्चाधिकारियों को कार्यवाही के लिए कहूंगा। इस सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी ओमकार सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। शिक्षक को नोटिस दी गई है। जल्द ही जांच कर कार्रवाई की जायेगी। सूचना पाकर शुक्रवार को बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख नरेन्द्र कुमार, प्रखण्ड अध्यक्ष राम अकबाल वर्मा, विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड मंत्री सुधाकर मिश्र, प्रखण्ड सह संयोजक मनोज कुमार बजरंग दल संकटा प्रसाद धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख सहित कई कार्यकर्ताओं ने विद्यालय जाकर बच्चों तथा शिक्षकों से जानकारी ली।तथमनोज कुमार गुप्ता,

इस सम्बन्ध में जब आरोपित शिक्षक से फोन द्वारा जानकारी चाही तो उसने बताया कि यह एक साजिश? की तहत किया जा रहा है। मैंने कभी भी राष्ट्रगान का अपमान नहीं किया और न ही बच्चों को रोका। मैं सभी राष्ट्रीय पर्वों में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करता हूं। गुरुवार को प्रार्थना सुबह 10 बजे के बाद हुई थी जबकि प्रार्थना का समय? सुबह 9 बजे निर्धारित है। मैं जब विद्यालय पहुंचा उस समय बच्चे खेल रहे थे तभी मैंने कक्षा में बैठने को कहा था। मुझे नहीं पता हुआ कि प्रार्थना हो चुका है या हो रहा है। यह आरोप गलत हैं।

रेवान प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिये मात्र तीन कक्ष हैं परन्तु कक्षाएं पांच हैं। कक्षा एक व दो के छात्र एक कमरे में तथा अन्य दो कमरों में कक्षा तीन व चार के छात्र बैठते हैं। मजबूरी में कक्षा पांच के छात्रों को गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक कक्ष में बैठाकर पढ़ाई करायी जाती है जिससे अध्यापकों को भी मजबूरन गश्त करनी पड़ती है।

इस बारे में प्रधानाध्यापक नसीर अहमद अंसारी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में एक और कक्ष की मंजूरी मिल गई है। पैसा आने पर निर्माण करा दिया जायेगा जिससे इस समस्या से काफी हद तक निजात मिल जायेगी।

# सरकार के विरोध में दिखा गठबंधन कलेक्ट्रेट पर लगे मोदी मुर्दाबाद के नारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। गैर लोकतांत्रिक ढंग से सांसदों के निलंबन पर पहली बार सुल्तानपुर की सड़कों पर इंडिया गठबंधन के राजनैतिक दलों ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस-सपा और आप ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट गेट पर पीएम मोदी मुर्दाबाद के नारे लगाए। संयुक्त रूप से विपक्षी दलों के प्रदर्शन ने आज प्रशासन की नींद उड़ा दी थी। तीनों पार्टियों ने राष्ट्रपति को संबंधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा है।




सपा प्रवक्ता व पूर्व विधायक अनूप संडा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरी तरह से अलोकतांत्रिक और तानाशाही रवैये को चला रही है। विपक्ष के 142 से ज्यादा सांसदों को अपनी आवाज उठाने के जुर्म में सदन से निलंबित किया गया। ये सांसद अपने-अपने क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधत्व करते हैं। उनका निलंबन करके भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कुठाराघात करने का काम किया है। उसके विरोध में इंडिया गठबंधन के समस्त घटक दलों ने मिलकर के राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजकर के मांग की है कि सरकार की निरंकुश और तानाशाह गतिविधियों पर रोक लगाए। इसके साथ ही उन सांसदों को बहाल कराए जिनका निलंबन किया गया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन लगातार इस भाजपा सरकार की अलोकतांत्रिक नीतियों के खिलाफ, सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ और सरकार जो पूंजीपतियों को संरक्षण देकर के गरीबों-मजदूरों और किसानों के साथ कुठाराघात कर रही। हम उन सवालों को लेकर के जनता के बीच में जाते रहेगे। इस क्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि 148 सांसदों का निलंबन सरकार ने अपनी तानाशाही दिखाते हुए गलत ढंग से किया है। एक सवाल पूछने पर इतनी बड़ी कार्रवाई की गई। आज उसके खिलाफ इंडिया गठबंधन के सभी दल के लोग सड़क पर उतरे हैं। हम लोगों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भी भेजा है कि सरकार को निर्देशित करें कि सरकार अपनी कार्यशैली में सुधार लाए। आज हुए प्रदर्शन में कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर कांग्रेसी और सपाई और आप आदमी पार्टी के पदाधिकारी धरने पर बैनर पोस्टर लेकर बैठे। प्रदर्शन कर रहे नेताओं ने कलेक्ट्रेट का मुख्य गेट खोलने का दबाव बनाया। वही कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट से प्रशासनिक गाड़ियों का आवागमन रुका रहा। भारी संख्या में तैनात पुलिस बल और नेताओं में नोंक-झोंक भी हुई।

# गीता का उपदेश हमें ज्ञान कर्म एवं वैराग है सिखाती : डॉ0 विंध्यवासिनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। विद्या भारती से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर में विद्यालय का त्रिदिवसीय वार्षिक निरीक्षण का कार्य प्रारंभ हुआ।विद्यालय के मीडिया प्रमुख एवं संगीताचार्य दीनबंधु सिंह ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

उन्होंने बताया आज वंदना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने निरीक्षकों का परिचय कराते हुए बताया कि डॉ विंध्यवासिनी त्रिपाठी माधव ज्ञान केंद्र प्रयागराज के प्रधानाचार्य हैं। जो विद्याभारती के दीपक को प्रकाशवान कर रहे हैं। त्रिपाठी एवं उनकी टीम में संजय मिश्रा, राजकुमार, विजय सिंह एवं राम जियावन को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विंध्यवासिनी ने बताया कि संस्कृति ज्ञान और चरित्र के संगम से शिक्षा तीर्थराज प्रयाग बनती है। आज का दिन महान है,



गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई। मोक्ष दायिनी एकादशी एवं गीता जयंती पर प्रकाश डालते हुए त्रिपाठी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के मुख से 46 मिनट में कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन को गीता का उपदेश दिया जो हमें ज्ञान कर्म एवं वैराग्य सिखाती है। डॉ0 विंध्यवासिनी त्रिपाठी ने अखिल भारतीय गणित मेला में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय की बहन प्रत्युषा मिश्रा को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के अचार जयप्रकाश मिश्र, प्रभाकर पांडेय, हृदय नारायण त्रिपाठी, अजय मिश्रा, देवेंद्र सिंह, गोपालजी सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह आदि सभी आचार्य उपस्थित रहे।

# महाराज अहिबरन जन्मोत्सव को लेकर बनी रणनीति, सम्मानित होंगे मेधावी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। कादीपुर तहसील के सूरापुर में करौंदीकला रोड पर स्थित बरनवाल मार्केट भवानीपुर में बरनवाल बंधुओं की जनपदीय बरनवाल सभा का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष विभव बरनवाल व संयुक्त मंत्री राजेन्द्र बरनवाल के नेतृत्व में बैठक कर 26 दिसम्बर को आयोजित जनपद मुख्यालय पर बरनवाल जाति के युग पुरुष यौद्धेय सूर्यवंशी सम्राट महाराज अहिबरन जन्मोत्सव मनाने की रणनीति तैयार की। जिलाध्यक्ष विभव बरनवाल ने बताया कि 26 दिसम्बर मंगलवार को सुबह 11 बजे से अहिबरन चैराहा मेजरगंज से ग्रीन मैरिज लान तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामूहिक भोज का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रतापगढ़ संगमलाल गुप्ता राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा ओबीसी मोर्चा व



विशिष्ट अतिथि सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह, लम्भुआ विधायक सीताराम वर्मा, कादीपुर विधायक राजेश गौतम, जयसिंहपुर विधायक राजबाबू उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष लम्भुआ अवनीश सिंह अंगद, नपं अध्यक्ष कादीपुर आनन्द जायसवाल, नपं अध्यक्ष फूलपुर आजमगढ़ राम आशीष बरनवाल, नपा परिषद पूर्व अध्यक्ष बबिता जायसवाल, पूर्व जिपंस अजय कुमार जायसवाल व पीसीएसजे अंकित बरनवाल होंगे। जिनके सानिध्य में स्वजातीय बंधुओं के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के प्रतिभाशाली बच्चों तथा जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सुधीर बरनवाल, अरुण बरनवाल, शीलेश बरनवाल, ओमप्रकाश बरनवाल, रामकुमार बरनवाल, रामसुख बरनवाल, रविप्रकाश बरनवाल, कुन्दन बरनवाल, श्रवण बरनवाल, दीपक बरनवाल आदि मौजूद रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर एक के बाद एक 3 हादसे, 7 लोग घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर यूपीडा की लापरवाही से बराबर दुर्घटनाएं हो रही हैं। कभी गाय, कभी सांड और कभी नील गाय से टकराकर चार पहिया वाहन से गुजर रहे लोग घायल हो रहे या जान से हाथ धो रहे। बीती रात अखंडनगर थानाक्षेत्र में गाय से कार टकराई। वही इसी थानाक्षेत्र में आज सुबह पत्थर लदी ट्रक नीलगाय से टकरा गई। जबकि एक्यूवी वाहन पानी के टैंकर में जा घुसा। तीनों हादसों में लगभग सात लोग घायल हुए हैं।

बीती रात बिहार के जिला मोतिहारी के बहुआरा निवासी गुड्डू कुमार पुत्र जियालाल प्रसाद कार लेकर आजमगढ़ से लखनऊ की ओर जा रहा था। कार पर एक व्यक्ति और बैठा हुआ था। वो अभी अखंडनगर थानाक्षेत्र के किमी 171.2 पर पहुंचा था कि सामने से अचानक एक गाय आ गई। कार गाय से



टकराई और उसके परखच्चे उड़ गए। कार चालक और एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ। उधर पश्चिमी बंगाल के माल्दा जिले के बैष्णव नगर थानाक्षेत्र के माल्दा निवासी अयाज खान पुत्र एमडी रफीकुल एक्सयूवी कार से सनलहक, फिरोज अली और एम साहिर हुसैन को बैठाकर लखनऊ से माल्दा जा रहा था। गाड़ी के आगे-आगे पानी का टैंकर जा रहा था। धनपतगंज थानाक्षेत्र में किमी 107.100 पर गाड़ी अनियंत्रित होकर टैंकर से टकरा गये। सभी को चोटें आई जिनका इलाज कराया गया। कार्यदायी सस्था ने क्रेन से गाड़ी को हटवाया है। वही राजस्थान के भीलवाड़ा अंतर्गत धन खेड़ा निवासी चालक रामलाल पुत्र प्रभु बलाई और सहचालक बंटी पुत्र गोपाल ग्राम महुआ थाना मडलगढ़ जिला भीलवाड़ा राजस्थान ट्रक गुजरात से पत्थर पाउडर लोड करके बिहार पटना जा रहा था। चालक रामलाल बलई ट्रक चला रहा था। अखंडनगर के किमी 170.5 पर पहुंचा था कि सामने से नीलगाय आ गई। ऐसे में ट्रक अनियंत्रित हो गई और डठब्ठ को तोड़ते हुए उसके मध्य क्षतिग्रस्त होकर खड़ी हो गई। दोनों को मामूली चोट आई है।

## प्रमुख कुर्सी पर लगा ग्रहण, हाईकोर्ट ने चार सप्ताह में विचार करने का दिया निर्देश

करौदीकला/सुल्तानपुर। विकास खण्ड करौंदीकला की सियासत में बड़ा भूचाल आने के आसार दिखने लगे हैँ। भाजपाई खेमे में दिग्गजों पर संकट के बादल उमड़ने लगे हैँ। एक तरफ ढाई वर्ष पूर्व करौंदीकला ब्लाक प्रमुख भाजपा का दामन थाम कुर्सी हथियाने में सफल रहे तो दूसरी तरफ़ अपनी ही पार्टी में शामिल क्षेत्र पंचायत सदस्यों के भारी विरोध के चलते हाईकोर्ट तक तलब होना पड़ा। विदित रहे कि पिछले माह क्षेत्र पंचायत की बैठक के दौरान भारी गहमागहमी के बीच क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ब्लाक प्रमुख पर भ्रष्टाचार व उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए सामूहिक इस्तीफ़ा खण्ड विकास अधिकारी को सौंप दिया था। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कतिपय कारणों से सदस्यों का इस्तीफ़ा नामंजूर कर दिया गया था। शासन के दबाव में एकतरफा कार्यवाही से आहत 36 क्षेत्र पंचायत सदस्यों का एक बड़ा खेड़ा ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और अपना इस्तीफ़ा कोर्ट को सौंप दिया। मामले में संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति मनीष कुमार एवं न्यायमूर्ति विवेक चैधरी की डबल पीठ ने सुनवाई करते हुए खंड विकास अधिकारी करौंदी कला को नामित कर चार सप्ताह के भीतर क़ानून के अनुसार क्षेत्र पंचायत सदस्यों के इस्तीफ़े पर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। याचिका पक्ष के तरफ से विद्वान अधिवक्ता अनिल कुमार यादव ने अपना पक्ष रखा।

## दुपट्टे से लटकता मिला युवती का शव

सुल्तानपुर। मोतिगरपुर थाना अंतर्गत बेलहरी गांव एक युवती रात को कमरे में सोई। सुबह उसका शव सीमेंट शेड के बने कमरे के अंदर दुपट्टे से लटकता पाया गया। अंदर से कमरा बंद था तो पिता ने सम्बल से दरवाजा तोड़ा और अंदर का मंजर देखकर उसकी चीख निकल गई। सूचना पर पहुंचे बेलहरी चैकी प्रभारी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव निवासी शशिशेखर तिवारी पत्नी व बच्चों के साथ गुरुवार देर रात खाना खाने के बाद सो गए। सुबह करीब 7 बजे के आसपास बेटी का कमरा बंद रहा तो मां बेटी को जगाने के लिए पहुंची। उसने कई बार आवाज दी लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इस पर परिवार को संदेह हुआ।पिता शशिशेखर ने सम्बल की मदद से दरवाजे को तोड़ा। अंदर का नजारा देखकर वे दंग रह गये। कमरे में 19 वर्षीय पुत्री का शव बल्ली में दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। इस बीच आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकरी पर पहुंचे चैकी प्रभारी आनंद प्रकाश श्रीवास्तव ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ज्ञानचंद शुक्ला ने बताया कि घटना का कारण अज्ञात है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मृतका के परिवार में माता–पिता के अलावा छोटा भाई विनय है।

## पांच दिवसीय मजलिस आज से

सुल्तानपुर। कुड़वार क्षेत्र के मनियारपुर गांव में कमेटी खादिमाने अबुल फज्ल की जानिब से पांच दिवसीय मजलिस का आयोजन किया गया है। मजलिस 7 बजे शुरू होगी। मजलिस में प्रदेश के कई उलमाए कराम तसरीफ ला रहे हैं। पहली मजलिस मौलाना फ़राज़ वासती बरेली दूसरी मजलिस मौलाना ज़ायर हसन नक़्वी प्रयागराज तीसरी मजलिस मौलाना अब्बास इरशाद लखनऊ चैथी मजलिस मौलाना डॉ अब्बास नकवी दिल्ली पांचवीं मजलिस मौलाना आज़म मेहदी सुल्तानपुर खेताब करेंगे। मजलिस में सोशख्वानी सिब्ते हसन करेंगे। जिसमें अंजुमन हैदरिया मनियारपुर नौहा व मातम करेगी। मजलिस 23 दिसम्बर से 27 दिसम्बर तक रौजा ए जनाब सकीना स. मनियारपुर में होगी। यह जानकारी कमेटी खादिमाने अबुल फज्ल के सदस्य फ़ज़ल रिज़वी फैज़ ने दी।

## जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में कानपुर का लाल शहीद

कानपुर। जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में हुए आतंकी हमले में कानपुर का लाल भी शहीद हुआ है। बेटे के शहीद होने की खबर मिलते ही परिवार में रोना–पीटना मच गया और आस–पड़ोस में मातम छाया हुआ है। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के भाऊपुर गांव के रहने वाले किसान बालक राम यादव के बड़े बेटे कर्ण ने वर्ष 2013 में सेना में ज्वाइनिंग की थी। सात साल पहले उसकी शादी अंजू देवी के साथ हुई थी। जवान के दो बच्चों में एक पांच साल की बेटी आर्या और दो वर्ष का बेटा आयुष है। इस समय उसकी तैनाती जम्मू कश्मीर में आरआर बटालियन में थी। पिता ने बताया कि बुधवार की शाम को ही बेटे ने फोन बात की थी और बताया था कि वह जल्द ही घर आएगा। गुरुवार की रात को खबर मिली उनका बेटा शहीद हो गया है। बेटे के साथियों ने फोन करके यह खबर सुनाई तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया। उन्हें बताया गया कि बुधवार की रात पुंछ जिले में डेरा की गली जंगल में कुछ आतंकवादी को देखे जाने की सूचना मिली।

# ससुरालियों ने जान से मारने को नीयत से किया चाकू से हमला, मुकदमा दर्ज

एजेंसी

औरैया। अतिरिक्त दहेज की मांग के चलते ससुरालियों ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला। बचाने आए माता पिता एवम भाई को भी घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर ससुरालियों सहित चार पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की । अजीतमल कोतवाली के मोहल्ला आर्यनगर निवासिनी आयुषी दीक्षित पत्नी शिवम दीक्षित पुत्री अखिलेश कुमार दीक्षित ने कोतवाली में मामला दर्ज कराया हे । उसकी शादी दिनांक 08फरवरी 2015 को शशांक दीक्षित उर्फ शिवम दीक्षित के साथ 15 लाख रुपये नगद सहित जेवर एवम गृहस्थी का सामान देकर की गई थी। शादी के बाद से ही पति सहित सास,ननद एवं ननदोई आदि अतिरिक्त दहेज में दस लाख रुपये सहित चार पहिया गाड़ी की मांग करने

### अतिरिक्त दहेज में दस लाख रुपए सहित चार पहिया वाहन की करते थे मांग

लगे थे जिसके चलते उसके पिता ने 2017में भी एक रिपोर्ट लिखाई थी लेकिन पारिवारिक ममला होने के चलते रिश्तेदारों ने समझौता करवा दिया था। इसी बीच एक पुत्र इशाक दीक्षित का भी जन्म हुआ था। 19 दिसंबर को रात्रि लगभग 09 बजे पति सास तथा इटावा से आए ननद- ननदोई ने मारपीट करते हुए कहा कि अपने पिता से रुपए मंगवाओ नहीं तो तुझे मारकर दूसरी शादी कर लेंगे। तब उसने अपने पिता को फोन किया तो मौके पर पहुंचे माता-पिता सहित भाई पर्व दीक्षित ने 112 पुलिस को फोन किया तो पुलिस के पहुंचने पर ननद ननदोई एवं पति भाग गए। घर पर सिर्फ सास रह गई जिससे फोन पर बात करते हुए समझौते के लिए कहते रहे। 20दिसंबर को साढ़े तीन बजे पति, ननद एवम ननदोई तथा पति के चार नामदर्ज दोस्त एवम चार पांच अज्ञात लोगों के साथ घर पर आए और जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया तथा बचाने आए उसके माता पिता एवं भाई को भी घायल कर दिया। शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए, तब उक्त लोग सास को लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए साथ आए लोग एक मोटरसाइकिल भी छोड़ गए। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया की तहरीर के आधार पर पति शशांक उर्फ शिवम दीक्षित, सास संगीता दीक्षित, ननद क्लीन प्रिया उर्फ पूजा निवासी आर्यनगर अजीतमल, ननदोई प्रतीक दीक्षित, दोस्त पवन दुबे उर्फ किस्सू पंडित, भुल्लू दुबे उर्फ अंकुर, ऋतिक दुबे, धनीराम सविता पता अज्ञात एवम चार पांच अज्ञात लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई हैं।

# लोकसभा व राज्यसभा के 142 सांसदों के निलंबन पर गरजे कांग्रेसी

एजेंसी

मुरादाबाद। लोकसभा व राज्यसभा के 142 सांसदों के निलंबन को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए मुरादाबाद में जिला व महानगर कांग्रेस ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। सरकार के विरोध में नारेबाजी की। निलंबन वापस लेने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन से करते हुए जिला प्रशासन के अधिकारी को सौंपा। कांग्रेस पार्टी के देशव्यापी आह्वान पर जिला व महानगर पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर संसद के दोनों सदनों से सांसदों के निलंबन को लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश बताया। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि संसद में घुसपैठ से ज्यादा चिंता व भय सरकार को इस पर सवाल उठाने वालों से था। संसद के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि एक साथ इतने सदस्यों को

### मुरादाबाद में जिला व महानगर कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

बिना अपराध निलंबित किया गया हो। महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा ने कहा कि सरकार की दमनकारी नीतियों का विरोध कांग्रेस आखिर तक करती रहेगी। अंत में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को कांग्रेस नेताओं ने सौपा। प्रदर्शन के दौरान पीसीसी सदस्य अनूप दुबे, अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष अफजल साबरी, अमीरुल हसन जाफरी,असद मौलाई, संजीव शर्मा, राजेन्द्र वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, मो अब्बास, श्याम बाबू वाल्मीकि, कामिल मंसूरी, इरशाद, बंटी सरदार, शहजाद खां, राजेश पाल, जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक आदि मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालय सतत छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए है प्रयासरत: पी.के.उपाध्याय

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के कुल सचिव डॉक्टर पी .के . उपाध्याय ने बिजनेस मैनेजमेंट विभाग में तीन दिवसीय ओरिटेंशन कार्यक्रम के दूसरे दिन कहा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय सतत छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ.खलील खान ने बताया किम् इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. विवेक सिंह सचान ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं से कहा कि हमें अपने लक्ष्य का अपनी क्षमताओं के अनुसार निर्धारण कर सफलता के लिए प्रयास करना चाहिए। अपने ज्ञान ,कौशल और योग्यता में वृद्धि करते हुए न केवल नौकरी पाने का प्रयास करना चाहिए बल्कि उद्यमी बनकर दूसरों को नौकरी देने का भी प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर एग्री बिजनेस मैनेजमेंट विभाग के डॉ. अंशु सिंह सेंगर ने बताया कि यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम तीन दिन चलेगा जिसमें छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# जो लोग सामाजिक और नेक काम करते है ईश्वरीय गुणों से भर जाते है : डॉ अनिल

एजेंसी

सुल्तानपुर। जिले की अग्रणी सामाजिक संगठन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वावधान में अध्यक्ष मेराज अहमद खान के अगुवाई में हर बृहस्पतिवार को निःशुल्क भोजन स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एव जिला चिकित्सालय में इलाज करा रहे मरीजो और उनकी देखरेख कर रहे तीमारदारों को और सुल्तानपुर रेलवेस्टेशन पर भूखे यात्रियों एव जरूरतमन्दों को मुफ्त खाना बांटने का सिलसिला लगातार चल रहा है।

राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि खाने की असली कीमत हम और आप क्या बतायेंगे, इसकी असली कीमत तो केवल भूखा ही बता सकता हैं.संघ के कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत से स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन तैयार किया जाता है। मेन्यू में अरहर की दाल सब्जी रोटी चावल



शामिल थाली तैयार की गई थी। जिसमे 280 लाभर्थियों को अस्पताल में और 150 लाभर्थियों को रेलवेस्टेशन पर कुल 430 लाभार्थियों ने मुफ़्त भोजन का लाभ ग्रहण किया।मेडिकल के कालेज में फिजीशियन डॉ अनिल कुमार ने थाली देकर मुफ़्त भोजन वितरण का शुभारंभ किया।उन्होंने कहा कि भूखें जरूरतमन्दों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना बहुत बड़ा सामाजिक और परोपकार का कार्य है मैं देख रहा हूँ संघ नित्य ऐसा नेक काम कर रहा जो लोग ऐसा नेक काम करते है ईश्वरीय गुणों से भर जाते है। दूसरी ओर रेलवे स्टेशन पर मुख (दंत)रोग विशेषज्ञ डॉ मोहतशम रज़ा मुफ़्त खाना वितरण का शुरुआत किया। उन्होंने राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के कार्य को सराहनीय बताया गरीबो जरूरतमन्दों के लिए मुफ्त भोजन की व्यवस्था करना बहुत नेक काम है इस अवसर पर मुझे आज जो सौभाग्य प्राप्त हुआ मुझे बहुत अच्छा लगा। इस मौके पर प्रदीप श्रीवास्तव, सरदार नरेन्द्र सिंह, सरदार हरविंदर सिंह, विजय निगम, सत्य प्रकाश वर्मा आदि का अहम सहयोग रहा।

# कर्नलगंज कोतवाली पुलिस से त्रस्त पीड़ित ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया अनशन

**मौके पर पहुंचे एएसपी के निष्पक्ष जाँच व कार्यवाही करने के आश्वासन पर अनशन अगले निर्णय तक स्थगित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के कर्नलगंज कोतवाली पुलिस से तंग आकर ग्राम सभा धौरहरा निवासी पीड़ित पवनदेव सिंह ने बीते एक सप्ताह पूर्व जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक गोंडा व अन्य उच्चाधिकारियों सहित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को पत्र भेजकर एक हफ्ते के अन्दर अपने मामले के निस्तारण व पांच बिंदुओं पर कार्रवाई की मांग की थी और मामले के निस्तारण न होने पर 22 दिसंबर 2023 को डीएम गोंडा के कार्यालय के पास कलेक्ट्रेट परिसर में सपरिवार अनशन पर बैठने की सूचना दी थी।जिसमें कोई कार्यवाही ना होने से पूर्व सूचना के अनुसार 22 दिसंबर शुक्रवार को सुबह 10 बजे से पीड़ित परिवार ने डीएम गोंडा के कार्यालय के पास कलेक्ट्रेट परिसर में पांच सूत्रीय मांग को लेकर अनशन शुरू कर दिया।

पीड़ित की मांग है कि उपजिलाधिकारी करनैलगंज व गोण्डा पुलिस के निर्देशों का उल्लंघन कर भूमि विवाद मामले में पीड़ित परिवार का नाजायज उत्पीड़न करने वाले कोतवाल करनैलगंज हेमंत कुमार गौड, हल्का दरोगा मिर्ज़ा वहीद बेग,हल्का सिपाही अरविन्द राणा व के.पी सिंह,धीरेन्द्र प्रताप राठौर आदि पुलिस कर्मियों के विरुद्ध निलंबन व वैधानिक कार्यवाही की जाय,बिना पैमाईश/सीमांकन कराये विपक्षी को उठवाये गये उसके हिस्से की गन्ने की फसल को वापस दिलाया जाय व क्षतिपूर्ति दिलायी जाय,प्रश्नगत भूमि की शीघ्र पैमाईश सीमांकन कराकर विवाद का निस्तारण कराया जाय,बिना पैमाईश के जबरन गन्ना उठाने वाले विपक्षीगण के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जाय,पीडित परिवार व उसके परिजन को कोतवाली करनैलगंज पुलिस के उत्पीडन से निजात दिलाई जाय।

इस अनशन को भारी संख्या में पत्रकार साथियों ने पहुंचकर समर्थन दिया। वहीं मामला तूल पकड़ते देखकर दोपहर तीन बजे सूचना पाकर अनशन स्थल पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा राधेश्याम राय ने शाम को 6 बजे कोतवाली कर्नलगंज पहुंचकर संपूर्ण प्रकरण की निष्पक्ष जाँच करने और न्यायोचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया,जिससे पीड़ित व मौजूद पत्रकार साथियों ने अनशन को अगले निर्णय तक स्थगित कर दिया। इसी के साथ ही पत्रकारों ने यह भी कहा है कि यदि पीड़ित पक्ष की सभी पांच सूत्रीय मांगे पूरी ना हुई तो वह लोग अगली बैठक करके डीएम कार्यालय तक पैदल मार्च कर एसपी गोंडा का घेराव करेंगे और आवश्यकता पड़ी तो लखनऊ में विधानसभा के सामने धरना देंगे।

# आयुक्त व डीआईजी ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा योगेश्वर राम मिश्र व डी.आई.जी. अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने मण्डल के प्रशासनिक, पुलिस व अभियोजन अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार बहराइच में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जनसुनवाई के दौरान कानून व्यवस्था से सम्बन्धित बार-बार आने वाले प्रकरणों का प्रभावी निस्तारण किया जाय। लम्बित जांच प्रकरणों में समय से जांच की कार्यवाही पूरी की जाय। आयुक्त व डीआईजी ने निर्देश दिया कि अनैतिक कार्यों में संलिप्त सभी प्रकार के माफियाओं का प्रभावी चिन्हींकरण किया जाय।

आयुक्त व डीआईजी ने निर्देश दिया कि कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरती जाय। बैठक के दौरान निर्देश दिया गया कि गुण्डा एक्ट से सम्बन्धित प्रकरणों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय तथा जिला बदर की कार्यवाही को प्रभावी ढंग से लागू कराया जाय। आयुक्त ने वादों की प्रभावी कर अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त व डीआईजी ने निर्देश दिया कि पाक्सो से सम्बन्धित सभी वादों का जिले के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं समीक्षा करें तथा डीएम व एसपी इस कार्य की साप्ताहिक समीक्षा करते रहें। बहराइच में पाक्सों एक्ट से सम्बन्धित शिथिल पर्यवेक्षण के दृष्टिगत डीएम बहराइच को निर्देश दिया गया कि सम्बन्धित अभियोजन अधिकारियों को नोटिस जारी करें।

आयुक्त व डीआईजी ने संवेदनशील स्थलों पर नियमित रूप से गश्त की कार्यवाही करने का निर्देश देते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि किसी भी घटना की अनेदेखी न करें। यदि कोई प्रकरण संज्ञान में आता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध एक्शन लिया जाय। अभियोजन कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रचलित वादों में प्रभावी पैरवी करें ताकि दोषियों को शीघ्र ही उनके किये की सजा मिल सके। आयुक्त व डीआईजी ने गुण्डा एक्ट, गैंगस्टर, जिला बदर, इनामी व वांछित अपराधी, महिला अपराध, गोवध, गिरोह बंद अधिनियम, वृक्षों के अवैध कटान, अवैध खनन इत्यादि अपराधों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए मण्डल को अपराधमुक्त बनाये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी, श्रावस्ती की कृतिका शर्मा व बलरामपुर के अरविन्द सिंह, पुलिस अधीक्षक बहराइच प्रशान्त वर्मा, गोण्डा के विनीत जायसवाल, बलरामपुर के केशव कुमार व श्रावस्ती की प्राची सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## परसपुर थाने के पीछे गांव से बाईक उठा ले गए चोर, जांच में जुटी पुलिस

गोंडा। परसपुर थाने के समीप ग्राम परसपुर गिर्द के रामचेरे पुरवा में बुधवार की रात अज्ञात चोर घर के दरवाजे पर खड़ी बाईक चुरा ले गए। गुरुवार को बाईक स्वामी इसरार पुत्र निसार ने बाईक चोरी होने की तहरीर थाने पर दी है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। विगत सप्ताह पेट्रोल पम्प के समीप संयुक्त रूप से संचालित यूनिन व आंध्रा बैंक के दो ग्राहक सेवा केन्द्र में घुसे गैस कटरधारी नकाबपोश चोरों ने तकरीबन 5 लाख से अधिक की चोरी की !

बैंक में हुई वारदात की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। पुलिस अबतक सुराग लगाने में नकाम रही। इसके पूर्व थाने बगल नगर पंचायत से आधा दर्जन बैट्रियों की चोरी व अलग अलग दर्जन भर गांवों में हुए चोरी के प्रकरण में पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की। थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## शमा फाउंडेशन की प्रबंधक शमा परवीन को कोहिनूर सम्मान से दिल्ली में नवाजा जाएगा

बहराइच।विश्व वंदनीय महान संत श्री सद्गुरु कबीर साहेब के 506 वां महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में कबीर कोहिनूर सम्मान-2024 समारोह डा. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हाल जनपथ रोड नई दिल्ली भारत में भूषण महंत श्री डा. नानक दास जी महाराज अखिल भारतीय कबीर मठ सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू राजस्थान के नेतृत्व में दिनांक 25 फरवरी 2024 को देश विदेश भर से अधिकतम 100 चयनित महानुभावों का कबीर कोहिनूर सम्मान से अलंकरण किया जाएगा जिनमें 100 असाधारण अति विशिष्ट जनों में बहराइच उत्तर प्रदेश से साहित्यकार समाज सेविका शमा फाउनडेशन की प्रबंधक शमा परवीन जी का बाल साहित्यकार में चयन हुआ है।शमा परवीन को कोहिनूर सम्मान 2024 से विभूषित किया जाएगा।

यह समारोह भारत भूषण महंत डॉ. नानक दास जी महाराज अखिल भारतीय कबीर मठ सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू हर वर्ष किया जाता है।

पिछले वर्ष राजस्थान पिछले बीते वर्ष राजस्थान और नेपाल में भी शमा परवीन (बहराइच उत्तर प्रदेश) का चयन हुआ था।

# कृषि मंत्री को मालवीय मिशन व किसान परिषद पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशक दवाइयों से खेती किसानी में प्रयोग पर रोक लगाने की मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। महामना मालवीय मिशन व किसान परिषद के तत्वावधान में कृषि मंत्री (उत्तर प्रदेश सरकार) सूर्य प्रताप शाही के कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा परिसर में आगमन पर प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन देकर संगठन द्वारा चलाए जा रहे ''विष मुक्त खेती, नशा मुक्त गाँव'' अभियान विषयक पर चर्चा परिचर्चा कर सामूहिक रूप से चर्चा कर रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशक दवाइयों के खेती किसानी में प्रयोग पर रोक लगाने की मांग की। यूकेलिप्टस प्रजाति के वृक्षों के रोपण पर प्रतिबन्ध लगाने व पंचवटी प्रजाति के वृक्षों के अधिकाधिक संख्या मे रोपण व संरक्षण की मांग किया। महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव ने कृषि मंत्री को ज्ञापन देकर अवगत कराया की खेतों में रासायनिक उर्वरकों के लगातार उपयोग तथा कीटनाशक दवाइयों के अंधाधुंध छिड़काव से अनाज व फल सब्जियां विषाक्त हो गईं हैं इनके उपयोग से कैंसर व पेट तथा आंख, मस्तिष्क से संबन्धित रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही हैं इसपर पूर्ण प्रतिबंध न लगाया गया तो हालात भयावह होंगे, मालवीय मिशन व किसान परिषद पदाधिकारियों ने कृषि मंत्री को अवगत करवाया की नानपारा परिक्षेत्र में यूकेलिप्टस प्रजाति के पेड़ो की संख्या में वृद्धि होने से जल संकट गहरा रहा है। ग्रीष्म काल की शुरुआत होते ही तहसील नानपारा के अधिकांश गांवों में जल स्तर घट रहा है जिससे किसानों की दुश्वारियां रही हैं।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से किसान परिषद कार्यकारी अध्यक्ष केशव पाण्डेय, महामंत्री शिव पूजन सिंह, उपाध्यक्ष राहुल पाण्डेय, प्रधान संगठन जिला उपाध्यक्ष तकम्म्स खां व प्रवक्ता धीरेन्द्र शर्मा, नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष एस0के0वर्मा आदि लोग शामिल रहे। कृषि मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को समस्याओं से समाधान हेतु आश्वशत किया।

# अज्ञात बदमाशो ने अवध केसरी सेवा के प्रदेश अध्यक्ष को मारी गोली, हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। अवध केसरी सेवा के प्रदेश अध्यक्ष अमरपाल सिंह उर्फ नील ठाकुर को बृहस्पतिवार की देर रात को गोली मार दी गई।युवक घायल हालत में सोनी गुमटी रेलवे क्रॉसिंग के पास कार में पड़ा मिले।सूचना पर पहुंची पुलिस ने अनिल ठाकुर को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने नील ठाकुर को लखनऊ रेफर कर दिया गया।नील ठाकुर को लखनऊ के चंदन हास्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है।कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बिशुनपुर बैरिया गांव का रहने वाला अमर पाल सिंह उर्फ नील ठाकुर (32) बृहस्पतिवार को अपनी कार से मुख्यालय गए थे। देर रात वह अपने घर वापस लौट रहा था।सोनी गुमटी के पास अज्ञात लोगों ने उसे गोली मार दी।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो नील ठाकुर घायल अवस्था में? अपनी कार के पास नीचे पड़ा था।नील के चेहरे पर चोट के निशान थे।



गोली कमर के नीचे लगी है।घायल नील ठाकुर ने पुलिस को बताया कि पहले उसके साथ मारपीट की गयी और फिर गोली मार दी गयी।पुलिस ने नील को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर बताते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। पुलिस के मुताबिक घायल नील को लखनऊ के चंदन हास्पिटल मे भर्ती कराया गया है।जहां उसका इलाज चल रहा है।इस संबंध में अभी पुलिस को तहरीर नहीं मिली है।माना जा रहा कि पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## भारत की ताकत के सामने अमेरिका भी पानी भरेगा : प्रो. रीता बहुगुणा जोशी

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर देश-प्रदेशवासियों के दिलो में सेवा और सुशासन के माध्यम से जगह बनाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने विषम परिस्थितियों में भी कार्य कर दसवें अर्थव्यवस्था से पांचवी पायदान पर देश की अर्थव्यवस्था को पहुंचा दिया।

उसी प्रकार जल्द ही तीसरी अर्थव्यवस्था के साथ 2047 तक भारत की ताकत के सामने अमेरिका भी पानी भरेगा, यह हिन्दुस्तान की ताकत होगी।यह बातें शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा की मुख्य अतिथि इलाहाबाद की सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने प्रदेश के सबसे अंतिम गांव सतपुरा में उपस्थित ग्रामीणों से कही। उन्होंने बताया कि अब यह अंतिम गांव नहीं बल्कि प्रदेश का पहला गांव होगा। सांसद ने केन्द्र और राज्य सरकार की तमाम योजनाओं को एक-एक कर ग्रामीणों को गिनाया।

ग्राम प्रधान सतपुरा प्रदीप कुमार मिश्र ने सांसद सहित तमाम अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जैसे त्रेता, द्वापर, सतयुग में जैसे कृष्ण बलराम, राम लक्ष्मण ने सृष्टि का उत्थान किया, उसी प्रकार कलयुग में मोदी-योगी की युगल जोड़ी जन-जन का विकास कर रहें हैं। इसलिए सौभाग्य का यह अवसर हाथ से न जाने पाएं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने क्षेत्र की तमाम समस्याओं के साथ प्रयागराज से चाकघाट तक निश्चित समय सारणी के साथ सरकारी बस चलवाने, गौशाला निर्माण आदि की बात रखी। सांसद ने अधिकारियों से बात कर कहा जनता के हितों में जल्द बस चलेगी।

सांसद ने ग्राम प्रधान की ओर से गरीबों को कम्बल व साधन सहकारी समिति के कुछ सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किया। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी में ग्रामीणों संग सरकार की उपलब्धियों पर लघु फिल्म देखकर उपस्थित महिलाओं के सशक्तिकरण व लखपति बनाने की प्रतिबद्धता जताते हुए तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आग्रह किया और पंच प्रण की शपथ दिलाई। ग्राम पंचायत सतपुरा के बाद लोहरा ग्राम सभा में भी विकास भारत संकल्प यात्रा पहुंची।

# अवैध कच्ची शराब की छापेमारी में 73 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ तीन अभियोग पंजीकृत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशानुसार आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम इमिलिया गुरदयाल, राधेपुरवा थाना कोतवाली नगर गोण्डा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान कुल 73 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया। और 450 किलो लहन नष्ट किया गया। मौके पर दो चढ़ी भट्टी नष्ट किया गया है। इसके साथ ही आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कुल तीन अभियोग पंजीकृत किया गया।उन्होंने बताया है कि दविश के दौरान 73 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई, मौके पर 450 किलो महुआ लहन एवं शराब बनाने का उपकरण नष्ट किया गया, तथा तीन अभियोग आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। विशेष प्रवर्तन अभियान निरन्तर जारी है।उन्होंने बताया है कि जनपद में अवैध कच्ची शराब की छापेमारी का कार्यक्रम चलता रहेगा।

# कर्मयोग से मानसिक नियंत्रण एवं सुरक्षा सुनिश्चित : एल वेंकटेश्वर लू

**मन पर नियंत्रण न होना ही दुर्घटनाओं का मुख्य कारण: रामकृष्ण गोस्वामी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू ने कर्मयोग, सड़क सुरक्षा एवं गीता शिक्षा पर कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में सबके सुरक्षा की गारंटी से सम्बंधित विषयों का समावेश है। सबको श्रीमद्भगवद्गीता का अध्ययन करना चाहिए। सभी को प्रमाणिकता के साथ अपने कार्य को लगन और निष्ठा के साथ करना चाहिए। गीता में कर्मयोग के बारे में बताया गया है। कर्मयोग से व्यक्ति में वैचारिक शुद्धता, त्याग की भावना, राष्ट्रभक्ति एवं देशभक्ति विकसित होती है। कर्मयोग से ही मानसिक नियंत्रण रख सकेंगे एवं सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) के सभागार में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत गीता ज्ञान, सड़क सुरक्षा और कर्मयोगी मिशन पर लोक संवाद विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव परिवहन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों को सही शिक्षा एवं संस्कार दिया जाना चाहिए। अधिकारी, कर्मचारी व सभी व्यक्तियों को अपने कर्म को ठीक ढंग से करना चाहिए। दूसरों का सहयोग करना चाहिए तथा दूसरों से सहयोग भी लेना चाहिए।

उन्होंने कहा शास्त्रों में सटीक जीवन के बारे में बताया गया है। सड़क सुरक्षा के बारे में उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए।मुख्य वक्ता भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान दिल्ली के अध्यक्ष राम कृष्ण गोस्वामी ने कहा कि मन पर नियंत्रण न होना ही दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। उन्होंने गीता पर चर्चा करते हुए कहा कि गीता शासन, प्रशासन व अनुशासन का केन्द्र बिंदु है एवं न्याय धर्म की आत्मा है। गीता के कर्मयोग का ज्ञान सबको होना चाहिए। जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली के प्रो. हरी राम मिश्रा ने कहा कि मन को वश में करना चाहिए। अभ्यास से मन को निग्रह किया जा सकता है। कर्मयोग से ही ज्ञान योग प्राप्त किया जा सकता है। वाहन चलाते समय अपने कर्तव्यों का बोध होना चाहिए। प्रो. प्रकाश नारायण त्रिपाठी ने कहा कि गीता में वह सभी चीजें हैं, जो हमारे लिए आवश्यक है।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने गोष्ठी में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार मौर्य ने जनपद में चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, परिवहन विभाग के अधिकारियों के अलावा अन्य विभागों से सम्बंधित अधिकारीगण सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। संचालन डॉ प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

# पहुंच पकड़ एवं पहचान से मिलता है बढ़िया थाना क्या इस प्रथा को खत्म कर पाएंगे गोंडा के नए एसपी

**जिले के कुछ थानाध्यक्ष व पुलिस कर्मचारी के खिलाफ कई शिकायतें, क्या नवपदस्थ एसपी ही इन थानेदारों को थानों से हटा पाएंगे?**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिले में लंबे समय से एक प्रथा बन चुकी है वह प्रथा है पहुंच पकड़ वा पहचान से बढ़िया थाना पाने की क्या यह प्रथा नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक के आने पर खत्म होगी ? गोण्डा जिले के पुलिस विभाग में पहुंच पकड़ एवं पहचान से मिलता है बढ़िया थाना क्या नवपदस्थ एसपी ख़त्म कर अपएगे इस व्यवस्था को ?

जिले में पुलिस विभाग में अक्सर देखा जाता है कि पहुंच, पकड़,चापलूस व पैसे वाले पुलिसकर्मी शहर के अच्छे थानों में रहना चाहते हैं,जिसके लिए वह काफी प्रयास करते नजर आते हैं कई ऐसे पुलिसकर्मी हैं जो गोण्डा जिले के चंद अच्छे थानों में रहकर अपना कार्यकाल पूरा कर चले जाते हैं पर कुछ ऐसे भी पुलिस कर्मी हैं जो काबिलियत रखते हैं पर उन पुलिस वालों के जैसे आदत नहीं होती इसलिए वह जिले के पुलिस ऑफिस जैसे जगह पर वफादारी के साथ नौकरी करते हैं।जिले में पुलिस विभाग में विभिन्न थानों में अपनी पदस्थापना के लिए पुलिस विभाग के विभिन्न स्तर के कर्मचारियों को भारी जुगत एवम जुगाड़ लगाना पड़ता है तब जाकर मनचाहे थाने में उनकी पदस्थापना हो पाती है।जो जुगाड़ एवम पहुँच के अपने प्रभाव को जितना साबित कर पाता है वह हमेशा बढ़िया थानों में ही पदस्थ रहता है।वहीं जो पुलिसकर्मी पहुंच पकड़ में कमजोर साबित होते हैं वह बढ़िया काम करके भी जिले के दूरस्थ थानों में या लाइन या फिर पुलिस ऑफिस में ही काम करते नजर आते हैं। जिले में पुलिस के कई ऐसे उप निरीक्षक देखने को मिल जाएंगे जिनका विभाग में इतना जुगाड़ एवम पकड़ है इतना है कि अपना कार्यकाल जिले में पूरा भी कर चुके हैं और वह अपने जुगाड़ और पैसे के बल पर थानेदार के पद पर जिले में ही कार्यरत हैं साथ ही उन्हें हमेशा बेहतर थानों में ही सेवा का अवसर भी दिया जाता आ रहा है।कहने को किसी भी विभाग में अपने कर्तव्य को लेकर सभी बेहतर काम करना चाहते हैं लेकिन अवसर के आभाव में वे अपनी प्रतिभा दिखा पाने में असफल हो जाते हैं और पहुंच पकड़ वाले लगातार बेहतर जगह पर काम करते हुए अपने आपको प्रसिद्ध करने में सफल हो जाते हैं। वैसे तो जिले में महिला थाना को लेकर थानों की संख्या 18 है लेकिन चौकियों की संख्या के आधार पर पुलिसकर्मियों की पदस्थापना के लिए विभाग के पास विकल्प बहुत सारे हैं।

**लाइन व पुलिस ऑफिस में इंस्पेक्टर के होते हुए उप निरीक्षक चला रहे थाना, क्या यही है व्यवस्था**

जिले की कई थानों एवम चौकियों में अपनी पदस्थापना को लेकर पहुंच पकड़ वाले पुलिस कर्मी लगातार अच्छी जगह पोस्टिंग करा लेते हैं और वर्षों तक वहीं जमे रहते हैं वही बहुत सारे योग अनुभवी इंस्पेक्टर और पुलिसकर्मी लगातार पुलिस लाइन या पुलिस ऑफिस में ही अपनी सेवा देने मजबूर है।जबकि नियम से सभी पुलिसकर्मियों को जिले के हर थाने में काम करके क्षेत्र का अनुभव लेना चाहिए और बेहतर सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था कायम करनी चाहिए। लेकिन गोण्डा जिले में पुलिस विभाग में कुछ ऐसे नाम है, जिले में अपनी कार्यकाल पूरा कर चुके हैं और वह जिला नहीं छोड़े कब छोड़ेंगे यह जिला पुलिस विभाग में कई ऐसे नामचीन नाम है जो थानेदार बनने के लिए एड़ी चोटी एक करते हैं इन्हें जिले के थानों का चार्ज मिलना चाहिए तनख्वाह भी बड़ी नहीं चाहिए, सेटिंग गेटिंग भी होना चाहिए थानेदार के पद को छोड़ने क्यों मत कहिए क्योंकि चौकी इंचार्ज में वह मजा नहीं है जो थानेदार में है।कुछ नामों पर गौर किया जाए तो पहला नाम आता है,अंकुर वर्मा जो कि अपना कार्यकाल पूरा भी कर चुके हैं और थाने का प्रभार चला रहे हैं।सत्येंद्र वर्मा, नीरज सिंह, संजीव वर्मा, नागेश्वर पटेल, सरबजीत गुप्ता, शादाब आलम, योगेश सिंह, कामेश्वर राय, दिनेश राय, आदि उप निरीक्षक अपना कार्यकाल जिले में पूरा कर चुके हैं भी स्थानांतरण सूची से बाहर रहे वजह पहुंच व पकड़ है। अगर आप पुलिस विभागों में शिकायतों को गिनने बैठे तो पुलिस विभाग भी थक जाए पर जुगाड़ व चापलूसी के दम पर नजदीकी थानों के थानेदार के साथ मिलकर माल कमाने पर भरोसा ज्यादा रखते हैं। ऐसे थानेदारों की तादाद भी बहोत ज्यादा नहीं है कुछ गिने चुने थाना प्रभारी ऐसे हैं वैसे इनमें से सभी उप निरीक्षक हैं और थानेदार बनकर काम कर रहें हैं और निरीक्षक लाइन और पुलिस ऑफिस में काम कर रहें हैं।

### क्या सुधरेगा व्यवस्था ?

नए पुलिस अधीक्षक से अब जिले वासियों को उम्मीद रहेगी कि वह जिले में बेहतर पुलिसिंग की मिसाल कायम करेंगे और जिले में न्याय व्यवस्था पर विश्वास कायम हो सके ऐसा प्रयास करेंगे।जिले में एक ही थानों में वर्षों से जमे उप निरीक्षकों को लेकर भी नए पुलिस अधीक्षक से बदलाव की उम्मीद रहेगी क्योंकि जिले में ही कई योग्य निरीक्षकों के पास पुलिस थाने नहीं हैं या फिर उन्हें दूरस्थ भेज दिया गया है। कुल मिलाकर नए पुलिस अधीक्षक से जिले की जनता को काफी उम्मीदें हैं और उनपर खरा उतरना नए पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी होगी।

# संसद पर हमला, अब और तब

यह एक इमारत जरूर है पर उससे भी महत्वपूर्ण यह हमारे लोकतंत्र का मंदिर है, उसका प्रतीक है। इसकी पवित्रता पर आंच नहीं आनी चाहिए, क्योंकि संसद है तो लोकतंत्र है, लेकिन इसी भवन में 13 दिसम्बर को दो नौजवान दर्शक गैलरी से लोकसभा के सदन के बीच कूद पड़े और पकडे जाने से पहले अंदर धुएं के कनस्तर से पीला धुआं फैलाने में सफल रहे। दो और साथी बाहर पकड़े गए। यह धुआं हानिकारक नहीं था पर अगर उनके पास इसकी जगह बारूद होता तो क्या होता? उस दिन संसद ने 22 वर्ष पहले हुए हमले में संसद की रक्षा करते मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की थी और इसी दिन ही खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने संसद पर हमला करने की धमकी दी थी पर हमारी सुरक्षा व्यवस्था लापरवाह पाई गई। अपराधियों को वहां ही पकड़ लिया गया पर सवाल तो है कि हमारे यहां 'सब चलता है' की संस्कृति क्यों है कि 1200 करोड़ रुपए की लागत से बने नए संसद भवन की सुरक्षा का कुछ नौजवान मजाक बना गए? जब नया भव्य भवन बनाया गया तो यह बताया गया कि बिल्कुल सुरक्षित होगा, लेकिन कुछ ही महीने में पता चल गया कि भवन बदला, लापरवाह मानसिकता नहीं बदली। इस बार घुसपैठियों के आतंकवादियों के साथ सम्बंध नहीं हैं, न ही वह पेशेवर अपराधी ही हैं, पर अगर होते तो? अब आठ सुरक्षा कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया, लेकिन यह भी छुपा है कि संसद में सुरक्षा कर्मियों की 40 प्रतिशत जगह खघली है। यह कैसे हो गया? नई इमारत में दर्शक गैलरी से सांसदों के ऊपर तक पहुंच जाते हैं जिससे वहां से छलांग लगाना आसान है जबकि पुराने भवन में वह पीछे थी। मुझे याद है कि पहली बार जब मैं संसद की कार्यवाही देखने गया तो सामने लगे जंगले पर मैंने पैर रख दिया। एक सुरक्षाकर्मी तत्काल पहुंचा कि ऐसा करना मना है। ऐसी चौकसी कहां गई? अब तो यह लोग जूतों में छिपाकर स्मोक कैन ले गए और कोई मशीन या कोई गार्ड उन्हें पकड़ नहीं सका। अब शायद दर्शक गैलरी के सामने शीशा लगाया जाएगा ताकि कोई और फिर कूद न सके। डिजाइन में त्रुटि का यह ही इलाज है। संसद और सांसदों को सुरक्षित रखने के लिए सारे उचित कदम उठाए जाने चाहिए पर इसका यह मतलब नहीं होना चाहिए कि जनता, जो वास्तव में इसकी मालिक है, का इस बहाने प्रवेश सीमित कर दिया जाए। जनता को मौका मिलना चाहिए कि वह देख सकें कि उसके सदन की कार्यवाही कैसे चल रही है? दुनिया की कई संसद में तो जनता के लिए विशेष प्रबंध किए जाते हैं। कनाडा की संसद गर्मियों में अपने द्वार लोगों के लिए खोल देती है ताकि लोग वहां बाग में योगा कर सकें। जर्मनी की संसद की इमारत बुंडेस्टैग का गुंबद शीशे का बना हुआ है ताकि लोग ऊपर से देख सकें कि उनके प्रतिनिधि क्या कर रहे हैं? सारा प्रभाव खुलेपन का है। हां, कई संसद में दर्शक गैलरी से पैमफलेट फेंकने की घटनाएं हो चुकी हैं। शीशा लग जाने के बाद यह सम्भावना तो समाप्त हो जाएगी पर यह जरूरी ध्यान रखना चाहिए कि संसद का खुलापन सीमित नहीं होना चाहिए। संसद न केवल लोगों की है पर लोगों के लिए भी है। इन लोगों ने यह तमाशा क्यों किया? क्या वह केवल हताशा में सरकार का ध्यान बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर ले जाना चाहते थे या कोई और खघ्तरनाक मकघ्सद था, यह तो जांच ही बताएगी पर यह दिलचस्प है कि यह सब युवा देश के अलग-अलग हिस्सों से हैं। कोई उत्तर प्रदेश से तो कोई बिहार से तो कोई कर्नाटक से तो कोई महाराष्ट्र से है। संसद भवन के बाहर पकड़ी गई लड़की नीलम सिंह हरियाणा से है। वह बहुत पढ़ी-लिखी है और सिविल सर्विस की परीक्षा की तैयारी कर रही थी जबकि उत्तर प्रदेश का सागर शर्मा 12वीं तक ही पढ़ा है। बिहार का ललित झा टीचर है। महाराष्ट्र का अमोल धनराज शिंदे सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था जबकि कर्नाटक का मनोरंजन देवाराजे गौड़ा इंजीनियरिंग कर चुका है। इतनी विविध और असमान पृष्ठभूमि वाले यह नौजवान इकट्ठे कैसे हो गए? इन सबके बारे बताया जाता है कि वह फ़ेसबुक पर 'भगत सिंह फैन क्लब' से जुड़े हुए हैं। यह दिलचस्प है कि भगत सिंह को फांसी लगे 92 साल के बाद भी वह देश के युवाओं के एक वर्ग के आदर्श हैं।

# किस तरह की विरासत छोड़ रहे हमारे सांसद

**पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चला कर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाजी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जाएगी, जब आप अपने सवाल साफ-साफ रखें और सरकार साफ-साफ जवाब दे पाए। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्यवाही में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीन कर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है। सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उनकी मंशा देश की विकास योजनाएं बनने देने की है।**

संसद में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाजी, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मजाक बनाकर रख दिया है। अब समय आ गया है कि हमारे सभी सांसद इस बात पर ध्यान दें कि संसदीय लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है। अन्यथा जनता ही उसका उपहास करने लगेगी। हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे? आज जो हो रहा है, वो हम देख ही रहे हैं। उम्मीद है कि देश के सांसदों को, सांसद चलाने वालों को इस बात का भान जल्द हो कि देश का नागरिक उन्हें कितनी उम्मीद के साथ देखता है। साथ ही उन्हें कई मौकों पर उदाहरण की तरह रखता है। पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चला कर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाजी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जाएगी, जब आप अपने सवाल साफ-साफ रखें और सरकार साफ-साफ जवाब दे पाए। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्यवाही में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीन कर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है। सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उनकी मंशा देश की विकास योजनाएं बनने देने की है। ऐसा लग रहा है कि सांसदों ने पूरे संसदीय लोकतंत्र को बंधक बना लिया है। क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आजकल टीवी पर लाइव दिखाई जाती है, लिहाजा देश का आम आदमी भी वह सबकुछ देखता है, जो संसद में रोज हो रहा है। आखिर सांसद लोगों के सामने अपनी क्या छवि पेश कर रहे हैं? जरा सोचिए कि देश के लोगों के मन में आपकी क्या छवि बनती जा रही है? इस गिरावट का कारण यह है कि राजनीति आज संख्या का खेल बन गई है जिसके चलते क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी मनमर्जी कराने के लिए दबाव डालते हैं। वे न केवल दादागिरी की राजनीति में विश्वास करते हैं अपितु सफल संसद सत्र के पैमाने को 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' भी बनाते हैं। आज विषय-वस्तु की बजाय आकार महत्वपूर्ण बन गया है जिसके चलते संसद में गली-मोहल्लों के झगड़ों जैसे दृश्य देखने को मिलते हैं। इसलिए इस गिरती राजनीतिक संस्कृति और नैतिक मूल्यों में संसदीय कार्यवाही में राजनीति को प्रभावित करने वाली विषय सामग्री नहीं मिलती है। कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि संसद अब महज एक स्कोरिंग क्लब बन कर रह गई है। बहुतों को पता होगा कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर ढाई लाख रुपए खर्च हो जाते हैं। इस तरह एक दिन की सामान्य कार्यवाही पर औसतन छह करोड़ रुपए का खर्च आता है। जिस दिन कार्यवाही लंबी चलती है, उस दिन खर्च और बढ़ जाता है। जरा सोचिए कि यह पैसा आता कहां से है। जाहिर है कि देश के आम लोगों की जेब से ही आता है। लोकतंत्र में इससे बड़ा और क्या मजाक होगा कि संसद की कार्यवाही लगातार ठप रही या फिर दिनभर रह-रह कर हंगामा होता रहे, फिर भी एक दिन में छह करोड़ रुपए खर्च हो जाएं। जरा सोचिए कि छह करोड़ रुपए से क्या-क्या हो सकता है? हजारों गांवों की किस्मत संसद की एक दिन की कार्यवाही पर होने वाले खर्च से बदल सकती है। लघु और कुटीर उद्योगों से हजारों नौजवानों की किस्मत संवर सकती है। लेकिन सांसद यह सब नहीं सोचते। विकास योजनाएं भले न बनें, व्यक्तिगत हित जरूर सुधरने चाहिए। एक बात और सारे सांसद हंगामेबाज हों, ऐसी बात नहीं हैं। जो कामकाज को लेकर गंभीर हैं, वे कुछ नहीं कर पाते। सवाल है कि सांसद हर बार माहौल क्यों नहीं बनाते? क्या सांसद केवल हंगामा करने के लिए ही पहुंचते हैं? हकीकत यह है कि लोकतंत्र का लोक यानी देश की जनता लोकसभा का चुनाव सीधे तौर पर करती है। ऐसे में अप्रत्यक्ष रूप से चुने गए सदन को लोक के सदन यानी लोकसभा की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि लोकसभा में हुए हर काम में अड़ंगा डाल दिया जाए। लोकसभा में तय दिनों में सभी सांसदों को तीन-तीन मिनट ही सही, अपने चुनाव क्षेत्र के बारे में बोलने दिया जाए। बार-बार हंगामा करने वाले सांसदों को चिन्हित किया जाए और उनकी सूची प्रचारित कराई जाए।



ऐसे नियम बनाए जाएं कि वेल में आने या पर्चा लहराने या दूसरा किसी भी किस्म का हंगामा करने वाले सांसद के खिलाफ़ खुद-ब-खुद कोई तय कार्रवाई हो जाए। कुछ सांसद वॉकआउट करने के बाद दोबारा सदन में क्यों आ जाते हैं? केवल दिखावा करने के लिए ऐसा करते हैं, उन्हें देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। वे संसद में कुछ कर नहीं पा रहे हैं और उधर उनके लोकसभा क्षेत्र की जनता त्रस्त। वे उनकी समस्याएं सुलझा ही नहीं पा रहे हैं, क्योंकि संसद में केवल हंगामा हो रहा है। इसलिए संसद को अखाड़ा बनने से रोकें। नेतृत्व को भी अपनी बात समझाएं, उनके हर गलत-सही आदेश का आंख मूंदकर पालन न करें। लोकतंत्र के पवित्र मंदिर की गरिमा बचाए रखना सांसदों का प्रथम काम है। संसद को महत्वहीन बनाने के खतरनाक आयामों को शायद ये लोग नहीं समझते हैं। हमारी संसद हमारे राष्ट्र की आधारशिला है जो जनता का प्रतिनिधित्व करती है और जिससे अपेक्षा की जाती है कि वह हमारे राष्ट्रीय हितों पर संप्रभु निगरानी रखे। सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है और सरकार का अस्तित्व उस पर लोकसभा के विश्वास पर निर्भर करता है। अतः समय आ गया है कि हमारे सभी सांसद इस बात पर ध्यान दें कि संसदीय लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है। अन्यथा जनता ही उसका उपहास करने लगेगी। हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ कर जा रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे? **–प्रियंका सौरभ**

# अभिनय का रंगमंच नहीं संसद

**गिरीश्वर मिश्र**

संसद लोकतंत्र का मंदिर है जहां देश की जनता के कल्याण से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा की जाती है और जरूरी फैसले लिए जाते हैं। वहीं भारत का संविधान अंगीकृत किया गया था और अभी भी वहाँ कानून बनाए जाते हैं जिनका राष्ट्रीय जीवन और अंतरराष्ट्रीय सम्बन्ध के लिए बड़ा महत्व होता है। इस तरह संसद एक बेहद गंभीर परिवेश में जिम्मेदारी से काम करने का परिसर होता है। देश की जनता अनुभव कर रही है कि विगत वर्षों में संसद में माननीय जन प्रतिनिधियों का आचरण शिष्टाचार और संसदीय कार्यकलाप की मर्यादाओं को सुरक्षित रखने में लगातार गिरावट दर्ज कर रहा है। विपक्ष के लिए संसद आंदोलन का रंगमंच होता जा रहा है। विरोध जताने का विपक्ष का अधिकार है और वह उनका कर्तव्य भी है। इसका अतिरेक और उद्दंडता जैसा रुख अख्तियार करना किसी भी तरह शोभा नहीं देता। पर इससे संगीन बात यह है कि संसद के सदनों की कार्यवाही को रोकना, ठप करना और सरकारी कामकाज को बाधित करना जायज नहीं ठहरता। उल्लेखनीय है कि माननीय सांसद गणों द्वारा इस तरह गैर जिम्मेदारी से काम करना करोड़ों रुपये की भी बर्बादी करता है। यह फिजूल खर्ची का सबब बनाता है जो संसद की कार्यवाही संचालित करने पर खर्च होता है जिसकी भरपाई जनता से की जाती है। सांसद की गरिमा को तार-तार करते विभिन्न घटनाओं और अवसरों का दर्शन आम जनता भी करती रहती है। टीवी पर प्रसारित संसद की कार्यवाही देखने का नुकसान देने वाला असर दर्शकवृंद पर यदि पड़े तो कोई आश्चर्य नहीं। भारत में बड़े लोगों का आचरण देख उसको अपनाना एक सहज स्वाभाविक व्यवहार है जैसा कि इस उक्ति से प्रकट होता है- महाजनो येन गतः सपंथाः। संसदीय हंगामे की भेंट चढ़ता संसद का यह सत्र लोकतंत्र पर दाग सरीखा लगता है। यह बेहद खेदजनक घटना है जब सौ से ज्यादे ऽ 143 सांसद निलम्बित किए गए हैं। अपने क़िस्म की यह शायद पहली वारदात होगी । लोकतंत्रीय जीवन का यह हादसा बताता है कि देश का संसदीय जीवन का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। सांसद गण की आचरण में ग़ैर संजीदगी कम होने का कोई आसार नहीं दिखता । माननीय उपराष्ट्रपति की एक माननीय सांसद द्वारा मिमक्री करना और उसे अपनी कला प्रदर्शन का हिस्सा कहना सभ्य आचरण से परे ही कहा जाएगा। याद करें यह थोड़े दिनों के बाद ही हुआ जब एक सांसद को असंसदीय ढंग से प्रश्न पूछने के मामले में अपनी सांसद सदस्यता से हाथ धोना पड़ा था। संसद में वक्तव्यों, विवेचनों और प्रस्तुतियों को तथ्यपरक होना एक आधारभूत मानक है जिसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता। वैसे ही आचरण का औचित्य भी एक गंभीर मसला है। भारतीय संसद की गौरवशाली परंपरा ऐसी न थी। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू संसद में थे और अध्यक्ष की कुर्सी पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आसीन थे। नेहरू जी एक अन्य सांसद से बात करते दिखे। यह देख अध्यक्ष ने भरी सभा में टोका कि आप क्या कर रहे हैं और नेहरू जी ने इस व्यवहार के लिए माफी माँगी थी। इसी तरह श्री मावलंकर लोकसभा के स्पीकर थे। नेहरू जी एकबार किसी मुद्दे पर बोल चुके थे और दोबारा बोलने के लिए उठने पर स्पीकर ने मना कर दिया क्योंकि तब ऐसी ही व्यवस्था थी। स्मरणीय है कि वह ऐसा समय था जब नेहरू जी की पूरे देश में जन स्वीकृति थी और नेतृत्व सर्व स्वीकृत था परंतु नियमों और मानकों का सम्मान उनके लिए और सबके लिए आवश्यक था। आज सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही देश के कल्याण की ही बात करते हैं। संसद की सुरक्षा में बाहरी व्यक्ति द्वारा सेंध लगाना अक्षम्य है पर उस पर संसद की व्यवस्था को भंग करते हुए हंगामा क्या कहा जाएगा? यह दुखद है कि इससे मिलते-जुलते विरोध-प्रदर्शन लगातार होते आ रहे हैं। संसद कोई रंगमंच नहीं है और सांसद कोई अभिनेता नहीं हैं। लोकतंत्र की रक्षा सबका दायित्व है और इसके लिए सांसद गण संसद के संचालन को हल्के में न लें।

## सेहत मंत्र

# ठंड में भी पीएं नींबू पानी, वजन को कम करने में है सहायक

जब भी नींबू पानी की बात होती है तो लोग अधिकतर गर्मी के मौसम में ही नींबू पानी पीना पसंद करते हैं। लेकिन सर्दी के मौसम में भी नींबू पानी पीना सेहत के लिए बेहद लाभदायक है। हालांकि अधिकतर लोग ठंड के मौसम में नींबू पानी नहीं पीते। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ठंड के मौसम में नींबू पानी पीने के फायदो के बारे में बता रहे हैं। इस लेख को पढ़ने के बाद आप भी ठंड के मौसम में भी नींबू पानी पीना शुरू कर देंगे? ठंड के मौसम में व्यक्ति को अधिकतर मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी?खांसी व जुकाम होने की संभावना अधिक होती है। लेकिन अगर आप ठंड के मौसम में नींबू पानी का सेवन करते हैं तो इससे आपका इम्युन सिस्टम मजबूत होता है। दरअसल, नींबू में विटामिन सी पाया जाता है तो आपके इम्युन सिस्टम को मजबूत बनाता है। जिससे आप स्वयं को मौसमी बीमारियों से बचा सकते हैं। ठंड के मौसम में वजन का बढ़ जाना एक सामान्य समस्या है। दरअसल, इस दौरान व्यक्ति का मेटाबॉलिज्म हाई होता है, जिसके कारण लोग हैवी फूड भी आसानी से खा लेते हैं। इससे वजन बढ़ने लगता है। लेकिन नींबू पानी आपके वजन को मेंटेन करने में सहायक है। दरअसल, नींबू में पेक्टिन फाइबर पाया जाता है, जो हंगर क्रेविंग को कम करने में मदद करता है। इस तरह सर्दियों के मौसम में नींबू पानी आपके लिए काफी फायदेमंद होता है। अमूमन देखने में आता है कि सर्दियों में लोग पानी कम पीते हैं। दरअसल, इस मौसम में पसीना नहीं आता और इसलिए प्यास कम लगती है। लेकिन अगर आप ठंड के मौसम में नींबू पानी पीते हैं तो इससे शरीर में पानी का लेवल बना रहता है और आपकी बॉडी डिहाइडेट नहीं होती। कई बार लोगों को ठंड के मौसम में सिरदर्द, चक्कर आना व थकान की शिकायत होती है। इसका करण शरीर में पानी की कमी भी होती है। लेकिन अगर आप नींबू पानी पीते हैं तो आप इन स्वास्थ्य समस्याओं से आसानी से बच सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# भगवान पार्श्वनाथ को सिर्फ शास्त्रों में ही न पढ़ें, उनकी ज्ञान-राशि को जीवन में उतारें

जिन महापुरुषों को अपनी क्षमताओं पर विश्वास होता है वे ही वास्तविक धर्म के संस्थापक एवं सूत्रधार होते हैं। इसी वास्तविक और विशुद्ध धर्म को जैन धर्म के तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ ने स्थापित कर उपदेश दिया कि यदि धर्म इस जन्म में शांति और सुख नहीं देता है तो उससे पारलौकिक शांति की कल्पना व्यर्थ है। उन्होंने हमारी आस्था को नये आयाम दिये और कहा कि हमारे भीतर अनंत शक्ति है, असीम क्षमता है। इसलिए उन्होंने उपासनापरक और क्रियाकाण्डयुक्त धर्म को महत्व न देकर जीवंत धर्म की प्रतिस्थापना की। उन्होंने जिस धर्म का उपदेश दिया, वह न ब्राह्मण धर्म था, न क्षत्रिय धर्म, न वैश्य धर्म और न ही शूद्र धर्म। वह विशुद्ध धर्म था, जो किसी कुल, जाति या वर्ण की परिधि में सिमटा नहीं था। भगवान पार्श्वनाथ की जयन्ती मनाते हुए हमें पार्श्वनाथ के जीवनदर्शन को जीवनशैली बनाने का संकल्प लेना होगा। भगवान पार्श्वनाथ एक क्रांतिकारी युगपुरुष थे, उनकी क्रांति का अर्थ रक्तपात नहीं! क्रांति का अर्थ है परिवर्तन। क्रांति का अर्थ है जागृति! क्रांति अर्थात स्वस्थ विचारों की ज्योति! क्रांति का अर्थ आग नहीं। क्रांति का अर्थ है सत्य की ओर अभियान। पूर्णता की ओर बढ़ना क्रांति है। वे अज्ञान-अंधकार-आडम्बर एवं क्रियाकाण्ड के मध्य में क्रांति का बीज बन कर पृथ्वी पर जन्मे। तब तापस परम्परा में वे क्रांति-ज्वाला की तरह ऐसे प्रकट हुए, जैसे वर्षों तप में लीन रहने के बाद सहसा ज्ञान का तीसरा नेत्र खुल जाता है। उनका जीवन जहां तापस युग का अंत था तो दूसरे बौद्धिक साधना का प्रारम्भ।

## पर्यटन



# चले आइए पहाड़ियों पर बसे भोपाल में तहज़ीब भरे इस शहर में बहुत कुछ है

खुले वन्य परिक्षेत्र में घूमते सफ़ेद शेर और मुगल काल की पुरानी तहजीबों से रूबरू होने का नाम है भोपाल। भोपाल एक शांत, ऐतिहासिक व सहज शहर है, जहां खूबसूरत झीलों का नजारा है। शहर का अधिकांश क्षेत्र हरीभरी पहाड़ियों से घिरा है। पूरे देश से कहीं से भी सरलता से यहां पहुंचा जा सकता है। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई व चेन्नई से सीधी रेल यात्रा की सुविधा भोपाल तक आने के लिए है। राजा भोज के बसाए इस खूबसूरत शहर का नाम पहले भोजपाल था। फिर अपभ्रंश में इसे भोपाल कहा जाने लगा। भोजपुर का विश्व प्रसिद्ध शिव मंदिर व एशिया की सबसे बड़ी मस्जिद ताजउल मस्जिद भोपाल में ही है। भोपाल की पुरानी गलियों में घूमते सूरमा भोपाली चूना चाटते हुए, आपसे आज भी टकरा जाएंगे। परदे लगे तांगों में बुरका पहने हुए महिलाएं आज भी पुराने भोपाल में नजर आती हैं। आदिम युगीन भीम बैठकों की गुफाएं और विश्व प्रसिद्ध सांची के स्तूप भोपाल के नजदीक ही हैं। आज भी आप भोपाल की तीन खासियतों जरदा, परदा व गरदा, को भी वैसा ही पाएंगे। पर्यटकों के लिए एक खास तोहफ़े के रूप में मौजूद है, शान-ए-भोपाल 'मेरीन ड्राइव'। लाल घाटी से कमला पार्क तक का तालाब के किनारे-किनारे खूबसूरत रास्ता, जहां तीन किलोमीटर तक बड़ी झील के किनारे पैदल चलने व ड्राइविंग का आनंद लेने रोज शाम हजारों लोग इकट्ठा होते हैं। शाम होते ही भोपाल के इस मेरीन ड्राइव पर तालाब में झिलमिलाती हजारों विद्युत लड़ियों का अपना अलग ही आनंद है। ताजउल मस्जिद देखने योग्य है। यह मस्जिद एशिया की सबसे बड़ी मस्जिद मानी जाती है। इसके पास ही दिसंबर माह में विश्व मुस्लिम शांति सम्मेलन 'इस्तिमा' का मेला लगता है जिसमें दुनिया भर के मुसलमान शरीक होते हैं। इस विशाल मस्जिद के निर्माण की शुरुआत शाहजहां बेगम ने 1868 में की थी। निर्माण कार्य उसकी मृत्यु के बाद संपन्न हुआ। भोपाल की जामा मस्जिद भी आप देखने जा सकते हैं। स्वर्ण शिखर से मंडित भोपाल के चौक में स्थित यह आकर्षक मस्जिद कुदेसिया बेगम द्वारा निर्मित है। इसके बारे में कहा जाता है कि यहां पहले परमार वंशीय राजा उपादित्य द्वारा 1059 में निर्मित सभा मंडप था।

# सपा ने किया प्रदर्शन, कहा - तानाशाह भाजपा सरकार को करें बर्खास्त

## गन्ना संस्थान परिसर मे सपाईयो ने किया जोरदार प्रदर्शन,एसडीएम नवाबगंज को सौपा ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जुल्म के खिलाफ न झुके हैं न कभी झुकेंगे। जुल्म और ज्यादती के खिलाफ समाजवादी लोगों ने हमेशा संघर्ष किया है और आगे भी करते रहेंगे।

ये बातें पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा, सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू ने एक स्वर में जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता और जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में इंडिया गठबंधन और विपक्ष के लोकसभा और राज्यसभा के 142 सांसदों को अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबन किए जाने के विरोध में गन्ना दफ्तर में आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहीं।

नेताओं ने एक स्वर में इस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा ऐसी घटना पूरे विश्व में कहीं नहीं देखने को मिली। जिसमें एक साथ 142 सांसदों को सदन से बाहर कर दिया गया। हम सब समाजवादी इस घटना का पुरजोर विरोध करते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदय से मांग करते हैं कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए इस तानाशाही भाजपा सरकार को तुरंत बर्खास्त किया जाए। इस मौजूदा सरकार में किसानों नौजवानों छात्र- छात्राओं, महिलाओं व्यापारियों सभी की हक अधिकारों पर डाका डालते हुए सभी को ठगने का काम किया है। जनता के हक अधिकारों की सुरक्षा एवं लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए इस मौजूदा सरकार को तत्काल सत्ता से बर्खास्त किया जाना आवश्यक है तभी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा हो पाएगी।

जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि हम सब समाजवादी हर जुल्म के खिलाफ सीना तानकर खड़े हैं और तब तक खड़े रहेंगे जब तक इस जालिम जुल्मी सरकार को हम उखाड़ नहीं फेंकते।इस दौरान जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक राम गोपाल रावत समेत वीरेंद्र प्रधान सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गरीबो का शोषण कर रहे है सामंत व माफिया सरकार :विश्वनाथ पाल




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बहुजन समाज पार्टी द्वारा ग्राम गोकुलपुर असेनी विधानसभा क्षेत्र सदर बाराबंकी में सेक्टर स्तरीय कैडर कैंप का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि देश एवं प्रदेश कि भाजपा सरकार की तानाशाही रवैया के कारण महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर है। कानून व्यवस्था चौपट है, सामंतों माफियाओं द्वारा गरीबों का बड़े पैमाने पर शोषण किया जा रहा है।

पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने के बजाय गरीबों को डरा धमका कर मामले को रफा दफा कर देते, आज हर वर्ग सरकार की तानाशाही से परेशान है और इस सरकार से मुक्ति पाने के लिए बहुजन समाज पार्टी के नेता बहन मायावती की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। उन्होंने बूथ स्तर तक सर्व समाज के लोगों में भाईचारा कायम करके संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को आवाहन किया।

कैडर कैंप की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विक्रम गौतम तो संचालन जिला महासचिव अरविंद यादव ने किया। इस मौके पर मंडल जॉन इंचार्ज रामगोपाल कोरी, विजय कुमार, दिग्विजय,आरपी गौतम समेत तमाम बसपाई मौजूद रहे।

## सांड के हमले से विवाहिता की हुई मौत

बाराबंकी। गुरुवार की शाम गांव मे पैदल जा रही 25 वर्षीय विवाहिता पर छुट्टा सांड ने हमला कर दिया जिससे विवाहिता गंभीर रूप से घायल हो गयी। ग्रामीणों की जानकारी पर विवाहिता के परिजन घायलावस्था मे निजी चिकित्सक के पास लेकर गए वहां पर हालत गंभीर होने पर विवाहिता को चिकित्सक ने रेफर कर दिया जिसके बाद परिजन विवाहिता को इलाज के लिए सफ़ेदाबाद स्थित हिन्द मेडिकल कॉलेज लेकर यहां पर इलाज के दौरान विवाहिता ने दमतोड़ दिया।

प्राप्त विवरण के अनुसार कुर्सी थानाक्षेत्र के उमरा गांव निवासी कुलदीप की 28 वर्षीय पत्नी संगीता गुरुवार को निजी कार्य से घर से खेत की ओर जा रही थी वहां पर पहले से बैठे छुट्टा सांड ने संगीता पर अचानक हमला बोल दिया जिससे संगीता उसी स्थान पर गिर गयी ग्रामीणों के खदेड़ने पर सांड वहां से हटा गंभीर रूप से घायल संगीता के परिजन तब तक वहां पहुंच गए और संगीता को इलाज के लिए निजी डॉक्टर के पास ले गए जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद परिजन रेफर हुई संगीता को इलाज के लिए सफ़ेदाबाद स्थित हिन्द मेडिकल कॉलेज लेकर आ गए यहां शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान संगीता की मौत हो गयी।

# आरटीओ प्रवर्तन अयोध्या ने अयोध्या हाइवे पर अनाधिकृत तीन बसो का कराया चालान व तीन को किया सीज

## रिफ्लेक्टर टेप एचयसआरपी व फिटनेस न होने पर वैन किया गया चालान



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### पीटीओ उमाशंकर मिश्र के साथ टीम भी रही चेकिंग मे शामिल

बाराबंकी। शुक्रवार को सड़क सुरक्षा अभियान मे विश्वजीत सिंह आरटीओ (प्रवर्तन )अयोध्या के साथ चेकिंग की गई अनधिकृत रूप संचालित बसों में तीन बसों को बन्द और तीन बसों का चालान किया गया। दो पहिया चार पहिया वाहनों की भी चेकिंग की गई।आरटीओ प्रवर्तन अयोध्या द्वारा हेलमेट न लगाने वाले और सीट बेल्ट न लगाने वालों को पम्पलेट देकर जागरूक किया गया।दो पहिया वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने वालों बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाने चार पहिया बिना सीटबेल्ट पहनकर वाहन चलाने वालों का मेरे द्वारा चालान भी किया गया।

उक्त के अतिरिक्त प्राइवेट वाहनों से व्यवसाय करने वालों का चालान किया गया और एक प्राइवेट वैन जिसके द्वारा प्राथमिक विद्यालय दादरा के टीचर्स से किराया लेकर लें जाया जा रहा था उस वैन का फिटनेस भी फ़ेल था जिसको सफदरगंज में बन्द किया गया है। ऐसे वाहन जिनमें रिफ़लेक्टर टेप नहीं यचयसआरपी नहीं लगे थे उनके चालान किया गया है।

# आधुनिक युग में बच्चों को मिल रही नवीन तकनीक शिक्षा खंड शिक्षा अधिकारी : संजय कुमार शुक्ला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मसौली, बाराबंकी। मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी मसौली के नेतृत्व मे निपुण भारत मिशन की सफलता हेतु विकासखंड के संघर्षशील विद्यालयों की एक दिवसीय कार्यशाला निपुण संकलन समारोह के रूप में सिटी ला कालेज लक्षबर बजहा में आयोजित की गई।

कार्यशाला में बेसिक शिक्षा परिषद के उन विद्यालयों के समस्त शिक्षकों / शिक्षामित्रों की काउंसलिंग सक्षम घोषित हो चुके विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा कराई गई। जिसमें कक्षा एक से तीन तक अध्यनरत 50% कम बच्चे निपुण दक्षताओं को प्राप्त कर पाए है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बाराबंकी संतोष कुमार देव पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलन और विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ किया गया। काउंसलिंग के अंतर्गत संघर्षशील विद्यालयों के समस्त शिक्षकों से बच्चों की अपेक्षित दक्षताओं के विकास एवं प्राप्ति हेतु विद्यालयों में आ रही समस्याओं एवं उनके निराकरण के उपाय के साथ उनका उत्साहवर्धन काउंसलर शिक्षकों द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। राज्य परियोजना कार्यालय उत्तर प्रदेश के स्कूल लीडरशिप स्कूल लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के वरिष्ठ सदस्य शैलेंद्र सिंह और उनके सहयोगी मेहंदी सरकार ने शिक्षकों का उत्साह वर्धन किया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार शुक्ल द्वारा विकास क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समय परिवर्तन शील है। इतिहास के अनुभवों से सीख लेते हुए आधुनिक युग में शिक्षा क्षेत्र में नवीन तकनीकी के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही शिक्षण सामाजिक सम्माननजनक और गरिमा पूर्ण कार्य है ।प्रत्येक युग में शिक्षक का सबसे सम्माननजनक स्थान रहा है। जिसमें सबसे प्रमुख प्राथमिक शिक्षकों का पद है।

सभी शिक्षक विभाग द्वारा प्राप्त सामग्री का उपयोग करते हुए टीम भावना से कार्य करे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें।डायट मेंटर महेंद्र यादव ने सभी शिक्षकों को आवाहन किया कि दिसंबर 2023 तक मसौली ब्लाक को निपुण ब्लॉक बनाना है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार शुक्ल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित कर शिक्षकों को शपथ दिलाई की माह दिसंबर 2023 तक विकासखंड मसौली को निपुण ब्लॉक बनाएंगे। कार्यक्रम से पूर्व लायंस क्लब लखनऊ के पदाधिकारियों ने विकासखंड के सक्षम में मध्य विद्यालय के निपुण छात्रों में से आर्थिक रूप से कमजोर 50 बच्चों के विभागों को एक-एक कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर एसआरजी अवधेश कुमार पांडे,एआरपी क्रमशः डॉक्टर बनवारी लाल ,धीरेंद्र प्रताप सिंह, विवेक कुमार गुप्ता सचिन वर्मा,शिक्षक संजय श्रीवास्तव, रिंकी सिंह, सोनिका मिश्रा,एकता मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार हुआ घायल जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

मसौली बाराबंकी। बाराबंकी रामनगर हाईवे के भूलभुलिया के निकट एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर भाग निकला है। जिसकी चपेट में आकर बाइक चालक व सवार दोनों लोग घायल हो गए। ऐम्बुलेंस से सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

थाना टिकैतनगर के ग्राम बांसगांव निवासी सुन्दर पुत्र बुधराम 30 वर्षीय और संकित पुत्र जितेन्द्र 8 वर्षीय दोनों लोग बाइक से बाराबंकी रामनगर हाईवे पर भूलभुलिया के करीब पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मसौली पुलिस ने ऐम्बुलेंस से सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## प्रभारी निरीक्षक मसौली किये गए लाइन हाजिर,नही हुई किसी की तैनाती

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक मसौली को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। जिसकी जानकारी मीडिया सेल के व्हाट्सप्प ग्रुप पर अचानक आने के बाद हड़कंप मच गया।प्रभारी निरीक्षक मसौली रहे अंगद प्रताप सिंह को अचानक लाइन हाजिर करने की जानकारी पुलिस महकमे को हुई तो तत्काल तमाम निरीक्षक, उपनिरीक्षक अपना जुगाड़ भिड़ाना शुरू कर दिया लेकिन शुक्रवार देरशाम तक मसौली थाने मे किसी को तैनाती नही मिल सकी।

## निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह को मिला मसौली थाने का चार्ज

बाराबंकी। शुक्रवार को एसपी दिनेश कुमार सिंह ने देरशाम मॉनिटरिंग सेल के प्रभारी रहे निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह को शुक्रवार की देरशाम मसौली थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाकर तैनाती दी है।

# डकैती का खुलासा नहीं , एसटीएफ को सौंपा गया मामला

## बाराबंकी पुलिस की छह टीमों घटाना का नहीं कर सकीं खुलासा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



फतेहपुर बाराबंकी। बीते चार दिन पूर्व बर्तन व्यापारी के घर असलहों से लैस डकैत बर्तन खरीदे के बाहने दुकान में घुसकर परिवार को बंधक बनाकर डकैती की घटाना को अंजाम दिया था जिसमें बाराबंकी पुलिस ने छः टीमों का गठन किया था टीमों ने घटाना के कुछ सुराग लगे हैं किंतु खुलासा नहीं कर सकीं अब मामले की जांच यूपी एसटीएफ करेंगी।

कुर्सी थाना क्षेत्र में बीते 19 दिसम्बर को सरेशाम हुई डकैती के मामले में व्यापारी द्वारा मात्र 12 लाख के सोने-चांदी के जेवर और पचास हजार की नकदी जाने की बात कही है। इसे लेकर स्थानीय लोग भी पूरी तरह आश्चर्यचकित हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि 12 लाख से अधिक के वाहन पर आए लुटेरे क्या सिर्फ 12 लाख के लिए इतना बड़ा जोखिम उठाने आए थे। टिकैतगंज में बदमाशों ने बड़े व्यापारी शिव कुमार पुत्र स्व. मैकूलाल की दुकान में धावा बोला था। व्यापारी व उनके परिवार की महिलाओं को तमंचे के बाल पर बंधक बनाने के बाद बदमाशों ने जमकर लूटपाट की थी। बाद पांच बोरो में भरकर इनोआ कार से फरार हो गए थे पुलिस ने 6 टीमों का गठन किया था घटना का खुलासा करने के लिए जुट गई थी लेकिन खुलासा करने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो गई अब मामले की जांच यूपी एसटीएफ करेगी जल्दी खुलासा करने की बात सामने आ रही है।

### डकैती का खुलासा करेंगी यूपी एसटीएफ

बीते दिनों हुई डकैती का खुलासा करने के लिए स्थानीय पुलिस की छह टीमें पूरी तरह से नाकाम साबित हो गई तो अब बाराबंकी पुलिस ने घटना का खुलासा करने के लिए मामला यूपी एसटीएफ को सौप गया है।

# रामानुजन की जयंती पर बच्चो के भविष्य को सवारने की दी तालीम



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मसौली बाराबंकी। प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव द्वितीय में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वाधान मे देश के गणितज्ञ रामानुजन की जयंती को राष्ट्रीय गणित रूप में मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने गणित को सरल व रूचि पूर्ण बनाने के लिए प्रत्येक दिवस पांच सवाल करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का शुभारम्भ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया तथा बच्चो से मन लगाकर पढ़ने की अपील की। विद्यालय की प्रधानाधियापिका असफी किदवाई ने कहा कि श्रीनिवास रामानुज गरीबी तथा अंग्रेजों की बेड़ियों में बंधे होने के बावजूद भी उन्होंने भारत देश का नाम विश्व के पटल पर गौरवशाली इतिहास में दर्ज कराया। उन्हें गणित का जादूगर कहकर भी संबोधित किया जाता है।प्रथम संस्था के अरुण पांडेय एव सुखपाल ने गणित विषय को सरल और रुचि पूर्ण बनाने के लिए सभी विद्यार्थियों को कम से कम पांच सवाल प्रतिदिन हल करने का संकल्प दिलाया। तथा बच्चों की प्रश्नोत्तरी परीक्षा मे प्रथम, द्वितीय एव तृतीय आये बच्चो को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा सामान्य ज्ञान की पुस्तके देकर पुरस्कृत किया ।

## बदला लेने के लिए घर से बुलाकर कर दी मासूम की हत्या, दो आरोपित गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत तीन दिन पूर्व पुरानी रंजिश में मोहल्ले के युवक ने अपने साथी के छह साल के मासूम की खाली प्लाट में ले जाकर गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को कूड़े के ढेर के नीचे छिपा दिया। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोहिनूर रोड निवासी राशिद का पुत्र अबुजर उर्फ पन्नू (6) मंगलवार की रात करीब साढ़े आठ बजे अपने भाई-बहन के साथ खाना खा रहा था। तभी उसे मोहल्ले में रहने वाला हाशिम और बिलाल ने टॉफी का लालच देकर बुला लिया। परिवारीजन उसकी खोज रात भर करते रहे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। बुधवार सुबह अबुजर का शव घर से महज सौ मीटर दूर एक खाली प्लाट में कूड़े के ढेर के नीचे दबा मिला। परिवारीजन ने आरोप लगाया कि हाशिम और बिलाल उसे घर से ले गए थे। उन्होंने ही हत्या की है। पुलिस ने शव बरामद कर पिता की तहरीर पर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

सीओ सिटी कमलेश कुमार ने बताया कि थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने पुलिस टीम के साथ शुक्रवार को दोनों आरोपितों हाशिम उर्फ हसनैन और बिलाल को ठारपूठा चौराहा से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपित हाशिम ने बताया कि राशिद से उसका शराब के नशे में 25 दिन पहले विवाद हो गया था। उसमें राशिद ने उसे जमकर पीटा था। इस अपमान को वह भूल नहीं सका था। शराब के नशे में राशिद का गुस्सा उसके छह साल के बेटे पर उतार दिया।

# बहुचर्चित अजय शुक्ला हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा

## पत्नी व उसका प्रेमी निकला हत्यारा,स्वाट/सर्विलांस व असंद्रा पुलिस की संयुक्त टीम ने किया खुलासा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। अवैध संबंधों में बाधा बन रहे पति की हत्या को पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अंजाम दिया। पहले पति की गुमशुदगी दर्ज कराकर पुलिस का ध्यान भटकाया। उसके बाद शव मिलने पर पांच लोगों को नामजद कर दिया। अजय शुक्ला हत्याकांड के खुलासे में लगी स्वाट/ सर्विलांस व असंद्रा थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार करने के साथ आलाकत्ल बरामद कर लिया। इसकी जानकारी शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा. अखिलेश नारायण सिंह ने दी।

एएसपी ने बताया कि असंद्रा थाना क्षेत्र के मल्लूपुर मजरे सुपामऊ निवासी संतोष कुमारी ने 17 दिसंबर को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति अजय कुमार शुक्ला बाइक से मस्तान बाबा की कुटी पर जाने के लिए निकले थे। वापस नहीं लौटे। इस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। दो दिन बाद रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के प्रताप पुरवा के पास जंगल में अजय शुक्ला का शव मिला। इसकी सूचना पर पत्नी संतोष कुमारी ने गांव के ही रामकुमार, असंद्रा के बाबा सोनी, प्रदीप , माताबदल व महेश पर हत्या का केस दर्ज कराया। पुलिस के हाथ लगे सुराग पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के महमूदपुर निवासी नीरज विश्वकर्मा को हिरासत में लिया। इस पर वादिनी मृतक की पत्नी उसको छुडवाने की पैरवी में जुट गई। इस पर पुलिस को आशंका हुई तो इस दिशा में जांच तेज की तो हत्या की गुत्थी सुलझने लगी।

पुलिस ने वादिनी पत्नी व नीरज कुमार विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर कडाई से पूछताछ की । एएसपी ने बताया कि अभियुक्तों से पूछताछ में यह बात सामने आई कि नीरज विश्वकर्मा की देवीगंज चौराहे पर घड़ी व चश्मे की दुकान है। छह वर्ष पहले मृतक की पत्नी दुकान पर गई तो दोनों में सम्पर्क हुआ। इसके बाद दोनों की फोन पर बात होने लगी। संतोष कुमारी से मिलने को लेकर नीरज ने अजय शुक्ला से दोस्ती कर ली। अजय शुक्ला नशे का आदी था और उस पर 15 लाख रुपये का कर्ज था। वह अपनी जमीन बेचकर नशे पर खर्च देता था। नीरज ने अजय की आर्थिक मद्?द करने के साथ ही भूमि विवाद में भी मद?द करता था।

प्रेम प्रसंग में बाधा बन रहे पति को रास्ते से हटाने के लिए पत्नी संतोष कुमारी ने प्रेमी नीरज विश्वकर्मा से मिलकर पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। गड़े धन का लालच देकर नीरज ने योजना के मुताबिक अजय को फोन कर अपनी दुकान पर बताया। इस दौरान पत्नी ने अजय का मोबाइल फोन घर पर रखवा लिया। दुकान पर अजय के पहुंचते ही नीरज उसके साथ चला गया। दोनों एक बाइक से रामसनेहीघाट कोतवाली के प्रतापपुरवा के जंगल के पास ले गया। जहां पर अभियुक्त नीरज विश्वकर्मा ने अजय के सिर पर हेलमेट से हमला कर दिया। जमीन पर गिरते ही चाकू से मारकर हत्या कर दी।

## श्रमजीवी बम विस्फोट कांड के दो आरोपितों पर दोष सिद्ध, 2 जनवरी को फैसला

जौनपुर। श्रमजीवी विस्फोट काण्ड का शुक्रवार फैसला आना था, लगभग 4 बजे दोनों आरोपितों को एडीजे फर्स्ट राजेश कुमार राय की अदालत में पेश किया गया। इस दौरान न्यायाधीश ने दोनों आरोपियों नसिफीकुल विश्वास और हिलालुद्दीन उर्फ हिलाल को इस कंड का दोषी करार दिया है। इस मामले में 2 जनवरी को अंतिम फैसला सुनाया जायेगा।28 जुलाई 2005 को श्रमजीवी विस्फोट कंाड हुआ था। दोनों पक्षों की बहस काफी समय पूर्व ही समाप्त हो चुकी है। पीड़ितों को 18 वर्ष में भी न्याय नहीं मिल पाया। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश राय की कोर्ट में शुक्रवार को ट्रेन में बम रखने के आरोपी हिलाल उर्फ हिलालुद्दीन निवासी बांग्लादेश एवं विस्फोट कंाड में सहयोग का आरोपित नफीकुल विश्वास न्यायालय में पेश किए गए।

सिंगरामऊ के हरपालगंज हरिहरपुर के पास श्रमजीवी ट्रेन में आतंकियों द्वारा किए गए बम विस्फोट में 14 लोग मरे थे व 62 घायल हुए थे।

## नाबालिग से रेप मामले में दोषी भाजपा विधायक की अपील पर नोटिस जारी, रिकॉर्ड तलब

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग से रेप के मामले में दोषी करार दिए गए विधायक रामदुलार गोंड की क्रिमिनल अपील पर सुनवाई करते हुए निचली अदालत का रिकार्ड तलब किया है। कोर्ट ने उप्र सरकार व विपक्षियों से जवाब तलब भी किया है। कोर्ट ने विपक्षियों को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है। हाईकोर्ट इस मामले पर अब 25 जनवरी को अगली सुनवाई करेगी।जस्टिस मयंक कुमार जैन ने इस केस की सुनवाई की। विधायक रामदुलार गोंड की अर्जी पर 25 जनवरी को सुनवाई होगी। सोनभद्र की स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ विधायक रामदुलार ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल अपील दाखिल किया है तथा सजा को रद्द किए जाने की गुहार लगाई है। अदालत का फैसला होने तक सजा पर रोक लगाए जाने और जमानत पर जेल से रिहा किए जाने की भी अपील की भी मांग की गई है।

सोनभद्र की स्पेशल कोर्ट ने 15 दिसम्बर को विधायक रामदुलार को 20 साल की कैद और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर राम दुलार गोंड विधायक चुने गए थे।

हाईकोर्ट में एमपी एमएलए कोर्ट के केसों की सुनवाई की अधिकारिता वाली कोर्ट जस्टिस राजवीर सिंह के नहीं बैठने पर जस्टिस मयंक कुमार जैन की कोर्ट में मुकदमा ट्रांसफर हुआ था।

# एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी में लगी भारतीय महिला हॉकी टीम

एजेंसी


नई दिल्ली। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 को अब केवल तीन सप्ताह बचे हैं, भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस 2024 ओलंपिक में स्थान सुरक्षित करने के लक्ष्य के साथ रांची में प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी कर रही है। भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, ल्लहमारे पास पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन की लड़ाई के लिए कुछ उच्च क्षमता वाली टीमें रांची आ रही हैं, लेकिन हमारे पास खिलाड़ियों का एक बड़ा समूह और एक उत्कृष्ट सहयोगी स्टाफ है। इसलिए, हमें यकीन है कि हम पोडियम पर पहुंच सकते हैं और ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं। इसके लिए हमें प्रत्येक मैच को अपनी शर्तों पर खेलना, खेल में अपने कार्यों के लिए अधिक जिम्मेदारी लेना, पीछे से मजबूत होना और हमारे द्वारा बनाए गए अवसरों को भुनाना होगा। भारत 13 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ अभियान शुरू करेगा और इसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड का सामना करेगा। भारत 16 जनवरी को इटली के खिलाफ अपना आखिरी पूल बी मुकाबला खेलेगा। पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली, चेक गणराज्य शामिल हैं। टीम स्पेन में प्रारंभिक मैच खेलने के बाद इस टूर्नामेंट में प्रवेश कर रही है। भारतीय महिला हॉकी टीम ने झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में स्वर्ण पदक और 19वें एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता और दोनों बार जापान को हराया। घरेलू प्रशंसकों के उत्साहपूर्ण समर्थन से उत्साहित टीम आगामी दौरे को लेकर आशावादी है। टीम का मुख्य लक्ष्य शीर्ष तीन में जगह बनाना और 2024 में पेरिस ओलंपिक में स्थान सुरक्षित करना है। तैयारियों को लेकर शोपमैन ने कहा, पिछले कुछ महीने महत्वपूर्ण थे, और एशियाई खेलों से सीधे क्वालीफिकेशन से चूकने के बाद टीम ने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी है, उससे मैं खुश हूं। झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में हमारा प्रदर्शन टीम की क्षमता का उदाहरण है। अगला कदम इस क्षमता का दोहन करना और लगातार उच्च प्रदर्शन करने वाली टीम बनना है। 5 देशों का टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 इस संबंध में महत्वपूर्ण था, क्योंकि इससे हमें पेरिस 2024 ओलंपिक की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर प्रवेश करने से पहले अपने खेल को बेहतर बनाने और मैच की तीव्रता बनाए रखने में मदद मिली।




# आईसीसी से मिली फटकार को चुनौती देंगे ख्वाजा, कहा काली पट्टी शोक के कारण बांधी

एजेंसी

मेलबर्न। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में बांह पर काली पट्टी बांधने के कारण आईसीसी से फटकार झेलने वाले आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने शुक्रवार को कहा कि वह इसे चुनौती देंगे क्योंकि उन्होंने आईसीसी को बताया था कि ऐसा उन्होंने निजी शोक के कारण किया है। ख्वाजा ने पर्थ में पिछले सप्ताह पाकिस्तान पर 360 रन से मिली जीत के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधी थी। वह 13 दिसंबर को अभ्यास सत्र के लिये उतरे तो उनके बल्लेबाजी के जूतों पर ' आल लाइव्स आर इकवल' और ' फ्रीडम इज ह्यूमन राइट' लिखा हुआ था। ख्वाजा ने कहा कि आईसीसी ने पर्थ टेस्ट के दूसेर दिन मुझसे पूछा था कि काली पट्टी क्यो बांधी है और मैने कहा था कि यह निजी शोक के कारण है। मैने इसके अलावा कुछ नहीं कहा था। उन्होंने कहा कि मैं आईसीसी और उसके नियमों का सम्मान करता हूं। मैं इस फैसले को चुनौती दूंगा। जूतों का मसला अलग था। मुझे वह कहकर अच्छा लगा लेकिन आर्मबैंड को लेकर फटकार का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा ,'' मैने अतीत में भी सारे नियमों का पालन किया है। खिलाड़ी अपने बल्लों पर स्टिकर लगाते हैं, जूतों पर नाम लिखते हैं और आईसीसी की अनुमति के बिना बहुत कुछ होता है लेकिन फटकार नहीं लगाई जाती। आईसीसी के नियमों के तहत क्रिकेटर अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान किसी तरह के राजनीतिक, धार्मिक या नस्लवादी संदेश की नुमाइश नहीं कर सकते। लेकिन पूर्व खिलाड़ियों, परिजनों या किसी अहम व्यक्ति के निधन पर पहले से अनुमति लेकर काली पट्टी बांध सकते हैं। पाकिस्तान में जन्में ख्वाजा आस्ट्रेलिया के लिये टेस्ट खेलने वाले पहले मुस्लिम क्रिकेटर हैं। उन्होंने कहा कि जब वह अभ्यास सत्र के लिये आये तो उनका कोई छिपा हुआ एजेंडा नहीं था। उनके जूतों पर लिखे नारे हालांकि गाजा में चल रही जंग की ओर इंगित करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा कोई एजेंडा नहीं था। मैं उस बात पर रोशनी डालना चाहता था जिसका मैं धुर समर्थक हूं और मैने सम्मानजनक तरीके से ऐसा किया। मैने जूतों पर जो लिखा , उसके बारे में मैं लंबे समय से सोचता आया हूं। मैने मजहब को इससे परे रखा। मैं मानवता के मसले पर बात कर रहा था। इससे पहले आईसीसी के प्रवक्ता ने कहा था कि उस्मान ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया और आईसीसी से अनुमति लिये बिना पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में निजी संदेश ( बांह पर काली पट्टी ) दिया। यह अन्य उल्लंघन श्रेणी में आता है और पहला अपराध होने पर उन्हें फटकार लगाई गई है।



# संक्षिप्त समाचार

## दुर्भाग्य है कि तीसरे नंबर पर सैमसन को मौका नहीं दे सका : केएल राहुल

**पार्ल।** भारतीय कप्तान केएल राहुल ने स्वीकार किया कि टीम में प्रमुख स्थानों पर दिग्गजों के रहने से संजू सैमसन के लिये जगह बनाना मुश्किल हो रहा था लेकिन उन्होंने खुशी जताई कि मौका मिलने पर सैमसन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में तीसरे नंबर पर उतरे सैमसन ने पहला वनडे शतक जड़ा जिसके दम पर भारत ने 78 रन से जीत दर्ज करके श्रृंखला अपने नाम की। राहुल ने मैच के बाद कहा ,'' मैं संजू के लिये खुश हूं। उसने इतने साल आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। दुर्भाग्य की बात है कि हम उसे तीसरे नंबर पर मौका नहीं दे पा रहे। इस क्रम पर हमारे पास वनडे में दिग्गज खिलाड़ी हैं। लेकिन मुझे खुशी है कि यहां उसने मौके को भुनाया। सैमसन के 108 और तिलक वर्मा के 52 रन की मदद से भारत ने आठ विकेट पर 296 रन बनाये। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 45 . 5 ओवर में 218 रन पर आउट हो गई। पहले मैच में लक्ष्य छोटा होने से सैमसन को मौका नहीं मिला जबकि दूसरे मैच में पांचवें नंबर पर उतरकर उन्होंने 12 रन बनाये। आखिरी मैच में विराट कोहली की गैर मौजूदगी में उन्होंने तीसरे नंबर पर उतरकर शतक लगाया। राहुल ने कहा कि अब टीम का फोकस सेंचुरियन में 26 दिसंबर से शुरू हो रह दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला पर है जिसमें नियमित कप्तान रोहित शर्मा और कोहली टीम में लौटेंगे। राहुल ने कहा ,'' जीत का जश्न मनाने के बाद अब फोकस टेस्ट श्रृंखला पर होगा। प्लेयर आफ द मैच सैमसन ने कहा ,'' मुझे इस शतक पर गर्व है क्योंकि हम मैच जीत भी गए। मैने काफी मेहनत की है। इस प्रारूप में विकेट और गेंदबाज को समझने के लिये अतिरिक्त समय मिल जाता है। शीर्षक्रम पर खेलने से 10 . 20 गेंद ज्यादा मिलती है। 'प्लेयर आफ द सीरिज' अर्शदीप सिंह ने कहा कि आईपीएल के अनुभव ने उन्हें बेहतर क्रिकेटर बनाया। उन्होंने कहा ,'' रणनीति सरल थी कि सीधे विकेट पर गेंद डालनी है और बल्लेबाजों को पगबाधा या बोल्ड करना है। आईपीएल हम युवाओं के लिये अच्छा प्लेटफॉर्म रहा है और इससे मुझे बेहतर क्रिकेटर बनने में मदद मिली।

## कार्यभार प्रबंधन के लिये आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट से बाहर रह सकते हैं शाहीन

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को कार्यभार प्रबंधन के लिये आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में तीसरे और आखिरी टेस्ट से बाहर रखा जा सकता है। खुर्रम शहजाद को पसलियों में गंभीर चोट लगने के कारण पीसीबी की काफी आलोचना हो रही है। पाकिस्तान को पहले टेस्ट में 360 रन से पराजय झेलनी पड़ी जिसमें पदार्पण कर रहे खुर्रम ने पांच विकेट लिये लेकिन वह घायल हो गए। वह मेलबर्न (26 दिसंबर से ) और सिडनी ( तीन जनवरी से ) में बाकी दो टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। टीम के एक सूत्र ने बताया कि टीम प्रबंधन तेज गेंदबाजों के कार्यभार में संतुलन चाहता है , खासकर अफरीदी के क्योंकि टी20 विश्व कप में छह महीने से भी कम समय रह गया है। सूत्र ने कहा ,'' खुर्रम के कार्यभार को लेकर जिस तरह बोर्ड और प्रबंधन की आलोचना हो रही है, उससे सबक लेना जरूरी है। इसके अलावा शाहीन का खराब फॉर्म भी चिंता का सबब है। पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज नसीम शाह कंधे की सर्जरी के बाद अभी तक वापसी नहीं कर सके हैं।

## आखिरी मैच में इंग्लैंड को हराकर वेस्टइंडीज ने टी20 श्रृंखला जीती

**तारोबा (त्रिनिदाद)।** वेस्टइंडीज ने बेहद करीबी मुकाबले में आखिरी ओवर में विश्व चैम्पियन इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर टी20 श्रृंखला 3-2 से जीत ली। सिर्फ 132 रन पर आउट हुई इंग्लैंड टीम ने डैथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करके मुकाबले को करीबी बना दिया। तेज गेंदबाज रीसे टॉपले ने 17वें ओवर में सिर्फ दो रन दिये और वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल का विकेट लिया। मध्यम तेज गेंदबाज सैम कुरेन ने 19वें ओवर में सिर्फ दो रन देकर आंद्रे रसेल को आउट किया। आखिरी ओवर में वेस्टइंडीज को नौ रन की जरूरत थी। जैसन होल्डर ने क्रिस वोक्स की पहली गेंद पर तीन रन निकाले। इसके बाद शाइ होप ने डीप प्वाइंट के ऊपर से छक्का जड़ दिया। वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 133 रन बनाकर चार विकेट से जीत दर्ज की। मेजबान टीम ने वनडे श्रृंखला भी 2-1 से जीती थी। होप ने 43 गेंद में 43 रन बनाये। पिछले मैच में तीन विकेट पर 267 रन बनाकर श्रृंखला में बराबरी करने वाली इंग्लैंड टीम उस लय को कायम नहीं रख सकी। फिल साल्ट ने 22 गेंद में 38 रन बनाये जबकि मोईन अली ने 23 और लियाम लिविंगस्टोन ने 28 रन की पारी खेली।

## अंपायर को डराने-धमकाने के आरोप में टॉम कुरेन पर लगा चार बीबीएल मैचों का प्रतिबंध

**लंदन।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर टॉम कुरेन को मैच से पहले हुए विवाद में अंपायर को डराने-धमकाने का दोषी पाए जाने के बाद चार बिग बैश लीग (बीबीएल) मैचों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है, हालांकि सिडनी सिक्सर्स प्रतिबंध के खिलाफ अपील करेगा। कुरेन पर 11 दिसंबर को लाउंसेस्टन में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ सिक्सर्स के मैच से पहले एक घटना के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की आचार संहिता के तहत लेवल 3 के अपराध का आरोप लगाया गया था। सीए के अनुसार, कुरेन ने अभ्यास रन-अप पूरा किया और वॉर्म-अप के दौरान पिच के एक हिस्से पर दौड़े, इसके बाद अंपायर ने मौखिक रूप से उन्हें दोबारा ऐसा न करने का निर्देश दिया था। सीए ने कहा कि कुरेन एक और अभ्यास रन-अप पूरा करने के लिए पिच के दूसरे छोर पर चले गए, जिससे अंपायर उन्हें रोकने के प्रयास में स्टंप के बगल में आकर खड़े हो गए। लेकिन कुरने नहीं माने। सीए के बयान में कहा गया, ''अंपायर ने कुरेन को पिच से दूर जाने का इशारा किया। इसके बाद कुरेन ने अभ्यास रन-अप करने का प्रयास किया और सीधे अंपायर की ओर तेजी से दौड़ने का प्रयास किया, जो कुरेन के सामने गेंदबाजी क्रीज पर खड़े थे। इसके बाद टकराव से बचने के लिए अंपायर को अपने दाहिनी ओर हटना पड़ा। कुरेन ने आरोप का विरोध किया, लेकिन बाद में उन्हें चार मैच के प्रतिबंध के बराबर चार निलंबन अंक जारी किए गए। वह एडिलेड स्ट्राइकर्स, मेलबर्न स्टार्स, सिडनी थंडर और ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ सिक्सर्स के आगामी मैचों में नहीं खेल पाएंगे। कम किए गए बीबीएल नियमित सीज़न में चार मैचों का प्रतिबंध महत्वपूर्ण है, जहां टीमें प्रत्येक में 10 मैच खेलती हैं। सिडनी सिक्सर्स के प्रमुख राचेल हेन्स ने कहा कि क्लब कुरेन के लिए ''सख्ती से समर्थन प्रदान करते हुए मंजूरी की अपील करेगा'', जिन्होंने सिक्सर्स की छह विकेट की जीत में चार ओवरों में 19 रन देकर 3 विकेट लेकर हरिकेंस के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा, ''टॉम और क्लब का कहना है कि टॉम ने जानबूझकर किसी मैच अधिकारी को नहीं डराया, और कानूनी सलाह पर, हम फैसले के खिलाफ अपील करने के अपने अधिकार का प्रयोग करेंगे। हम इस अवधि के दौरान टॉम का समर्थन करेंगे और उसके मैदान पर लौटने का इंतजार करेंगे।

# वार्षिकी : यादगार वनडे विश्व कप से लेकर पाकिस्तान का विश्व रिकॉर्ड तोड़ने तक, यह साल रहा भारतीय क्रिकेट के नाम

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के लिए वर्ष 2023 एक यादगार साल रहा। इस साल भाररतीय टीम एकदिवसीय विश्व कप में उपविजेता रही, एशिया कप का खिताब जीता और पाकिस्तान द्वारा टी-20 क्रिकेट में बनाए गए सर्वाधिक जीत के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। रोहित शर्मा की टीम ने श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय प्रतियोगिताओं के साथ नए साल में प्रवेश किया और आगे बढ़े।

इस साल भारतीय टीम के यादगार क्षण- वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भारत की रिकॉर्ड जीतः वनडे विश्व कप 2023 में आते ही, भारत को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के साथ प्रबल दावेदारों में से एक माना जा रहा था। वे यकीनन टूर्नामेंट में हराने वाली टीम थी। रोहित शर्मा की टीम ने एक के बाद एक जीत हासिल कर एकदिवसीय विश्व कप में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया। मेन इन ब्लू ने नीदरलैंड को हराकर अपनी लगातार 9वीं जीत दर्ज की और 2003 में आठ जीत के अपने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। एशिया कप फाइनल में मोहम्मद सिराज ने श्रीलंका के खिलाफ किया करियर श्रेष्ठ प्रदर्शनः मोहम्मद सिराज ने भारत को श्रीलंका और पाकिस्तान में हुए वनडे एशिया कप में शानदार जीत दिलाई। भारतीयों ने खिताबी मुकाबले में सह-मेज़बान श्रीलंका को हराया और उन्हें पूरी तरह से परास्त कर दिया। सिराज ने कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ 21 रन देकर 6 विकेट लिए, जिसकी बदौलत लंकाई टीम मात्र 50 रनों पर सिमट गई। इसके बाद भारतीय सलामी बल्लेबाज ईशान किशन और रोहित शर्मा ने आसानी से भारत को 10 विकेट से जीत दिलाकर खिताब हासिल किया। भारत की ऑस्ट्रेलिया पर टेस्ट में रिकॉर्ड लगातार चौथी जीतः भारतीय टीम ने इस साल ऑस्ट्रेलियाई टीम को लगातार चौथी बार टेस्ट श्रृंखला में हराया। इस बार घरेलू मैदान पर। इसी के साथ भारतीय टीम 30 वर्षों में ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम को लगातार चार टेस्ट श्रृंखलाओं में हराने वाली पहली टीम भी बन गई। इससे पहले भारत ने 2018/19 और 2020/21 में लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराया था।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यशस्वी जयसवाल का धमाकेदार पदार्पणः भारत के उभरते सितारे यशस्वी जयसवाल के लिए यह साल यादगार रहा। उन्हें वेस्ट इंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में अपनी पहली भारतीय कैप मिली और उन्होंने इसका सबसे अधिक फायदा उठाया और शतक लगाया। जयसवाल भारत के बाहर डेब्यू मैच में शतक बनाने वाले पहले भारतीय ओपनर बन गए। दो अन्य भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने टेस्ट में पदार्पण पर जादुई तीन अंकों का आंकड़ा हासिल किया, लेकिन उनमें से किसी ने भी देश से बाहर यह काम नहीं किया।



# भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेंगे दक्षिण अफ्रीका के एल्गर

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान डीन एल्गर ने शुक्रवार को कहा कि भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की आगामी श्रृंखला के बाद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। एल्गर ने 2012 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से 84 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने 13 शतक और 23 अर्धशतकों की मदद से 5146 रन बनाये हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक बयान में कहा कि एल्गर दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाद क्रिकेट को अलविदा कहेंगे। पहला टेस्ट उनके शहर सेंचुरियन में 26 से 30 दिसंबर तक खेला जायेगा। दूसरा केपटाउन में तीन से सात जनवरी के बीच होगा जहां उन्होंने पहला टेस्ट रन बनाया था। एल्गर ने आठ वनडे भी खेले हैं और आखिरी वनडे 2018 में खेला था।

# चिकित्सकीय सलाह पर विलियमसन और जैमीसन बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला से हुए बाहर

एजेंसी

वेलिंगटन। इस महीने के अंत में घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए नामित कप्तान केन विलियमसन और काइल जैमीसन न्यूजीलैंड की टी20 टीम से हट गए हैं। मिचेल सेंटनर, जिन्होंने अतीत में न्यूजीलैंड की दोनों सफ़ेद गेंद टीमों का नेतृत्व किया है, विलियमसन की अनुपस्थिति में कप्तान होंगे। रचिन रवींद्र और जैकब डफी को प्रतिस्थापन के रूप में बुलाया गया है, न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा कि विलियमसन और जैमीसन पर निर्णय ''चिकित्सकीय सलाह और टीम के आगामी कार्यक्रम पर विचार करने के बाद किया गया है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस ग्रीष्मकालीन टेस्ट श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एनजेडसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''विलियमसन, जो इस साल की शुरुआत में आईपीएल के दौरान दाहिने घुटने में चोट लगने के बाद सात महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से चूक गए थे, भारत और बांग्लादेश में खेलने के लिए अपनी हालिया वापसी के बाद घुटने के पुनर्वास की अवधि से गुजरेंगे। बोर्ड ने आगे कहा, ''जहां तक जैमीसन की बात है, उनकी हैमस्ट्रिंग चोट का सबसे अच्छा समाधान फरवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले लक्षित पुनर्वास की अवधि से हुआ। वह बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज के साथ-साथ पाकिस्तान के खिलाफ जनवरी में होने वाली टी20 सीरीज से बाहर रहेंगे। इससे पहले उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ चल रही श्रृंखला के लिए वनडे टीम से हटा दिया गया था, जिसमें न्यूजीलैंड 2-0 से आगे चल रहा है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने एक बयान में कहा, ''हम चाहते हैं कि केन और काइल दोनों दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट के अगले चरण में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहें। मेडिकल स्टाफ और खिलाड़ियों के साथ चर्चा के आधार पर, यह निर्णय लिया गया कि पुनर्वास की अवधि और कंडीशनिंग उन दोनों के लिए सबसे अच्छा विकल्प था। स्टीड ने कहा,''जैकब एक अनुभवी टी20 क्रिकेटर हैं, और जब वह ब्लैककैप्स माहौल का हिस्सा होते हैं तो हमेशा बहुत कुछ लेकर आते हैं। उन्होंने हाल के सीज़न में अपने सफ़ेद गेंद कौशल पर बहुत मेहनत की है। रचिन जिस भी माहौल का हिस्सा होते हैं, उसमें अपना योगदान देते हैं और उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा होता है। उनमें तीनों प्रारूपों में सीखने और अपने खेल को विकसित करने की जबर्दस्त इच्छा है। बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम : मिशेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी, टिम साउथी।

# मासुतात्सु ओयामा कराटे संगठन ने पश्चिम बंगाल ओपन कराटे चैम्पियनशिप में जीते 8 स्वर्ण पदक

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता के दक्षिणी हिस्से में किशोर भारती क्रीड़ांगन (केबीके) स्टेडियम ने पहली बार पश्चिम बंगाल ओपन क्योकुशिन कराटे चैम्पियनशिप 2023 की मेजबानी की। 16-17 दिसंबर, 2023 के बीच हुई दो दिवसीय चैंपियनशिप में राज्य के लगभग 15 क्योकुशिन कराटे क्लबों के लगभग 200 कराटेकों ने पुरुष और महिला आयु वर्ग श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की। मासुतात्सु ओयामा कराटे संगठन ने 8 स्वर्ण पदक जीते। प्रतियोगिता में 7 स्वर्ण पदक जीतने वाले शहर के माइक मार्शल आर्ट्स ने एक सफल चैम्पियनशिप का आयोजन किया, जिसे खेल और युवा मामलों के मंत्रालय, पश्चिम बंगाल सरकार और फिट इंडिया मूवमेंट द्वारा समर्थित किया गया था। इस अवसर पर सेंसेई मयूख बनर्जी (थर्ड डैन ब्लैक बेल्ट और संस्थापक माइक मार्शल आर्ट्स) ने कहा, ''यह प्रतियोगिता प्रतिभागियों के बीच पूर्ण संपर्क कराटे की भावना पैदा करने के बारे में है। हमारे कराटे का दिल असली लड़ाई है। वास्तविक लड़ाई के बिना कोई सबूत नहीं हो सकता है। सबूत के बिना, कोई भरोसा नहीं है। विश्वास के बिना, कोई सम्मान नहीं है। दक्षिण 24 परगना के एडीएम अनीश दासगुप्ता (आईएएस) ने कहा, ''आत्मरक्षा और आत्म-सुरक्षा के कारण आज युवाओं के लिए पूर्ण संपर्क कराटे, क्योकुशिन का ज्ञान महत्वपूर्ण है। लेकिन इस ज्ञान का सही ढंग से उपयोग किया जाना चाहिए, न कि लड़ने के लिए। पूर्ण संपर्क कराटे कार्यक्रम होने के नाते, सभी प्रतिभागियों को ध्यान रखना चाहिए, उचित सुरक्षात्मक किट का उपयोग करना चाहिए, और चोटों से बचना चाहिए। केबीके में एक्शन में देखे जाने वाले प्रमुख स्वर्ण पदक विजेताओं में ऋषिका बनर्जी, स्नेहा सामंत और बाबू बिस्वास और कुछ शीर्ष क्लब शामिल थे, जिन्होंने पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए पंजीकरण किया था।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं




एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर आज अमेरिकी क्रूड 0.97 प्रतिशत उबलकर 74.61 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.98 प्रतिशत की तेजी के साथ 80.17 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# नए साल के पहले कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 39 रुपये की कटौती

## घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 19 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती कर दी है। इस कटौती के बाद 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 39 रुपये की कमी आ गई है। हालांकि, सरकार के इस कदम से गृहणियों को कोई राहत नहीं मिली है, क्योंकि घर में इस्तेमाल होने वाले 14 किलोग्राम वजन वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत कटौती के बाद 1,796.50 रुपये से घट कर 1,757.50 रुपये हो गई है। इसी तरह मुंबई में इसकी कीमत 1,749 रुपये से घट कर 1,710 रुपये, कोलकाता में 1,908 रुपये से घट कर 1,869 रुपये और चेन्नई में 1,968.50 रुपये से घट कर 1,929.50 हो गई है। इससे पहले 1 दिसंबर को कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 21 रुपये प्रति सिलेंडर का इजाफा किया गया था। पिछले कुछ समय से कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में हर महीने बदलाव हो रहा है। दिसंबर के पहले 16 नवंबर को कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 57 रुपये की कटौती की गई थी, जबकि उसके पहले 1 नवंबर को इसकी कीमत में 100 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई थी। अगर घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बात करें तो अगस्त, 2023 के बाद से इसकी कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 30 अगस्त को आखिरी बार घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 200 रुपये की कटौती की गई थी। इस कटौती के बाद दिल्ली में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर 903 रुपये की कीमत पर मिल रहा है। इसके अलावा कोलकाता में एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 929 रुपये और मुंबई में 902.50 रुपये है।



# असंगठित क्षेत्र की महिला श्रमिकों को आंगनबाड़ियों से जोड़ा जाए : ईरानी

नयी दिल्ली । केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिला श्रमिकों की अधिक संख्या वाले क्षेत्रों की पहचान करने और उन्हें आंगनवाड़ी.सह.क्रैच योजना से जोड़ने को कहा है। श्रीमती ईरानी ने शुक्रवार को यहां पालना के अंतर्गत आंगनवाड़ी.सह.क्रैच . एडब्ल्यूसीसी पर योजना की मानक संचालन प्रक्रिया ;एसओपीद्ध के लोकार्पण समरोह में कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता हर उस महिला तक पहुंचना है जो अपने घर पर काम के साथ.साथ दूसरों के घर में कार्य करके अपनी आजीविका चलाती है। उन?होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता खेतिहर श्रमिकए पालना के अंतर्गत निर्माण श्रमिक के रूप में कार्यरत महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों का हिस?सा बनाते हुए उनकी आजीविका के साथ.साथ उनके बच्चों के



लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सक्षम बनाना है। उन्होंने राज्य और जिला अधिकारियों से कहा कि प्रस्तावित 17 हजार क्रैच की संख?या को अंतिम सीमा के रुप में नहीं देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उन राज्यों को पूरा सहयोग देगी जो प्रस्तावित संख्या से अधिक एडब्ल्यूसीसी खोलना चाहते हैं। उन्होंने राज्यों को अपने.अपने क्षेत्रों में निर्माण स्थलों का मूलभूत मूल्यांकन करने और शहरी एवं उप.शहरी क्षेत्रों का मानचित्र बनाने को कहा ए जहां संगठित और असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी अधिक हैए ताकि क्रैच के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान की जा सके।

श्रीमती ईरानी ने कहा कि मंत्रालय राज्यों के परामर्श से एक रूपरेखा बनाएगाए जहां कोई भी निजी क्षमता में इस क्षेत्र में सेवा में भागीदारी कर सकता है। इसके लिए बच्चों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य आवश्यकताओं और पोषण का पता लगाया जाएगा। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक अवसर प्रदान करने में बाल देखभाल क्षेत्र की क्षमता को बढ़ाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाल शोषण और इस क्षेत्र में कानूनों का उल्लंघन करने वाले उन सभी अनगिनत और अपंजीकृत संस्थानों को बंद करने के प्रधानमंत्री के प्रयासों को आगे बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थानों का अस्तित्व समाप्त करने को सुनिश्चित करने के लिए पुरुषों के साथ.साथ ऐसे संस्थानों में कार्यरत महिलाओं का भी पुलिस सत्यापन किया जाना एक पूर्व.आवश्यकता है।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास और आयुष राज्य मंत्री मुंजपारा महेंद्रभाईए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव इंदीवर पांडेए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव आरती आहूजाए कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के संयुक?त सचिव इंद्र दीप सिंह धारीवाल के साथ.साथ कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की संयुक्त सचिव राजुल भट्ट भी उपस्थित रहीं। डॉण मुंजपारा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 17000 क्रैच स्थापित करने का हैए जिनमें से अब तक 5222 को स?वीकृति दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी .सह.क्रैच महिलाओं के बीच श्रम बल की भागीदारी में सुधार करने में महत्वपूर्ण साधन सिद्ध होगाए जिससे भारत के आर्थिक विकास पर सकारात?मक प्रभाव पड़ेगा।

## संत और संघ मिलकर देश का विकास करेंगे: डॉ. मोहन भागवत

भागलपुर । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत ने शुक्रवार को यहां कहा कि संत और संघ मिलकर देश का विकास करेंगे। संघ सिर्फ मेहनत कर सकता है जबकि संत साधना करते हैं। साधना करने वाले ही मार्गदर्शन करते हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि संतों के मार्गदर्शन के आलोक में ही संघ श्रम करके देश का विकास कर रहे हैं। उन्होंने यहां के महर्षि मेही आश्रम कुप्पाघाट में अपने संबोधन में कहा कि धर्म का तत्व गुप्त होता है, इसलिए सामान्य लोग श्रेष्ठ जन जैसा चलते हैं। श्रेष्ठ जन वही हैं जो धर्म के तत्व की नित्य अनुभूति करते हैं क्योंकि धर्म सत्य पर आधारित है। अर्थात जो सत्य के निरंतर संपर्क में रहते हैं, वही संत हैं, इसलिए संत प्रमाण होते हैं कि जीवन कैसे जीना चाहिए ? उन्होंने इस अवसर पर महर्षि मेही के जीवन पर आधारित एक फिल्म का टीजर भी जारी किया। उन्होंने इसके निर्माता को शुभकामना दी और कहा कि दुनिया को जीवन की शिक्षा देना सभी भारतवासियों का कर्तव्य है और यही अपना धर्म है। पूज्य महर्षि जी ने जैसा जीवन जिया है, वह हम सभी के लिए अनुकरणीय है। पूज्य महर्षि मेही के जीवन का कुछेक अंश भी हम अपने जीवन में ग्रहण कर लें तो हमारा जीवन धन्य हो जायेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को कुछ इस तरह की फिल्म देखनी चाहिए, वहीं सनातन धर्म पर भी उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सभी धर्म में सर्वोपरि है।

## झारखंड में नक्सलियों ने गोइलकेरा-पोसैता रेलवे स्टेशन के बीच रेल पटरी उड़ाया, चक्रधरपुर मंडल में ट्रेनों का परिचालन ठप

एजेंसी

पश्चिमी सिंहभूम (झारखंड)। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों ने गुरुवार रात करीब 11:00 बजे गोइलकेरा और पोसैता स्टेशन के बीच बम विस्फोट कर रेल पटरी को उड़ा दिया। इससे चक्रधरपुर रेल मंडल के हावड़ा-मुंबई मुख्य रेलमार्ग में ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया। इसके बाद एहतियातन शालीमार-कुर्ला अप एक्सप्रेस ट्रेन (18030) को गोईलकेरा स्टेशन पर रोक दिया गया। प्रतिबंधित नक्सली संगठन ने 22 दिसंबर को भारत बंद का आह्वान किया था। बंद शुरू होने से पहले ही नक्सलियों ने चक्रधरपुर रेल मंडल के गोइलकेरा और पोसैता रेलवे स्टेशनों के बीच पोल संख्या 356/29ए और 31ए के बीच थर्ड लाइन में विस्फोट कर रेल पटरी को उड़ा दिया। नक्सलियों ने इस स्थान को बैनर और पोस्टरों से पाट दिया है। इस विस्फोट की जानकारी इस रेल खंड की दूसरी लाइन से गुजर रही एक मालगाड़ी के क्रू और गार्ड ने नजदीकी स्टेशन को दी गई। इसके बाद चक्रधरपुर रेल मंडल में हड़कंप मच गया। इसके बाद फौरन मार्ग में ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया । सीनियर डीसीएम गजराज सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही समूचे रेल मंडल में ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। सुरक्षाबलों की टीम को मौके पर भेजा गया। डीआरएम एजे राठौड़ ने बताया कि तड़के चार बजे के बाद से अब तक ट्रेनों का परिचालन बहाल नहीं हो पाया है। चक्रधरपुर राउरकेला सरंडा पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद्द कर दिया गया है। घटना के बाद राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों की सभी रूटों पर पुलिस कि गश्त बढ़ा दी गई है। नक्सल प्रभावित जिलों में स्थापित रेलवे स्टेशन के बाहर और भीतर दोनों तरफ निगरानी बढ़ा दी गई है। हर ट्रेन की गहनता से जांच करवाई जा रही है। इसके लिए स्वान दस्ते की भी मदद ली जा रही है। स्टेशन में प्रवेश कर देने वाले यात्रियों को भी चेक किया जा रहा है। विस्फोट की वजह से हटिया से हावड़ा जाने वाली दो ट्रेनों को भी रद्द कर दिया गया है। बंद को लेकर भाकपा माओवादियों के द्वारा जारी किए गए पत्र में यह लिखा गया है कि नक्सल मुक्त झारखंड के नाम पर केंद्रीय बलों के साथ मिलकर झारखंड पुलिस आदिवासी बहुल इलाकों में अत्याचार कर रही है। अगस्त 2022 से लेकर अब तक लगातार लाल दस्ते पर बर्बर हमले किए जा रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति को लेकर भाजपा का मंथन, उच्च स्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री भी शामिल

नई दिल्ली ।लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति तैयार करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में मंथन तेज हो चला है। इसी सिलसिले में भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक हो रही है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, महासचिव, सभी राज्यों के प्रदेशाध्यक्ष, महामंत्री और प्रभारी के साथ सभी मोर्चा के पदाधिकारी भी मौजूद हैं। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेंगे। दो दिन चलने वाली इस बैठक के समापन में शनिवार को अध्यक्ष जेपी नड्डा पार्टी नेताओं को संबोधित करेंगे। सूत्रों के अनुसार पार्टी का फोकस मोदी सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाना है, जिससे आगामी चुनाव में पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिले। इसके साथ बैठक में पार्टी के अलग-अलग मोर्चा और राज्य इकाइयों को लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए निर्देश दिए जाएंगे। बाल वीर दिवस और अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती (25 दिसंबर) की तैयारी पर भी चर्चा संभव है।

## रिश्वतखोर अधिकारी को 7 और भर्ती एजेंट को 4 साल की कठोर कारावास की सजा

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामलों के विशेष न्यायाधीश, चेन्नई (तमिलनाडु) की अदालत ने रिश्वत लेने के जुर्म में एक अधिकारी को 7 और एक निजी भर्ती एजेंट को 4 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

सीबीआई की ओर से दाखिल आरोप पत्र के मुताबिक भर्ती एजेंट अनवर हुसैन ने एजेंटों द्वारा प्रस्तुत उत्प्रवास प्रमाणपत्रों की मंजूरी के लिए विभिन्न भर्ती एजेंटों से 'स्पीड मनी' के रूप में रिश्वत की राशि ली। बाद में एकत्र की गई राशि तत्कालीन उत्प्रवासी संरक्षक(पीओई)आर शेखर (आईआरएस) व अन्य को सौंप दी। सीबीआई ने इसमें मामला दर्ज कर जांच के बाद आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। ट्रायल के दौरान अदालत ने इन आरोपितों को दोषी ठहराया। सीबीआई ने आरोप लगाया था कि वर्ष 2007 से 2009 के दौरान आर शेखर ने अनवर हुसैन सहित अन्य लोगों के साथ मिलकर एक साजिश रची थी। अनवर हुसैन ने एजेंटों द्वारा प्रस्तुत उत्प्रवास प्रमाणपत्रों की मंजूरी के लिए विभिन्न भर्ती एजेंटों से 'स्पीड मनी' के रूप में रिश्वत राशि एकत्र की और यह राशि तत्कालीन उत्प्रवासी संरक्षक (पीओई) और अन्य को सौंप दी। आरोप यह भी लगाया गया था कि रिश्वत की राशि में से 13 लाख रुपये (लगभग) आर शेखर के बेटे की इंजीनियरिंग प्रवेश की व्यवस्था करने के लिए अन्य व्यक्ति को सौंप दिए गए थे। इसे सीबीआई ने बरामद कर लिया।

## राहुल गांधी का आचरण अपरिपक्व और अलोकतांत्रिक: अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि आईएनडीआई गठबंधन उत्तर भारत व दक्षिण भारत में दरार लाने का प्रयास कर रही है। गठबंधन सनातन के खिलाफ दुष्प्रचार करने में लगा है। इन्हें सिर्फ झूठे नैरेटिव खड़ा करना आता है। टुकड़े-टुकड़े गैंग से जुड़े ये लोग भारत को टुकड़ों में देखना चाहते हैं। राहुल गांधी का आचरण अपरिपक्व और अलोकतांत्रिक है। अनुराग ठाकुर शुक्रवार को चेन्नई में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का आचरण संसद के अंदर और बाहर शर्मसार करने वाला है। सदन के अंदर युवकों द्वारा फैलाए अराजकता के दौरान जब बाकी सांसद स्थिति काबू करने की कोशिश कर रहे थे, डरे- सहमे राहुल गांधी पूरी गैरजिम्मेदारी दिखाते हुए वहां से भी चुपचाप खिसक लिये। उन्होंने कहा कि आज आईएनडीआई गठबंधन के सभी दलों के सुर बदल चुके हैं। सभी अलग अलग बोल रहे हैं। देश को उम्मीद थी कि संसद में अराजकता फैलाए जाने के मुद्दे पर भी विपक्ष एक साथ आएगा परन्तु उसमें भी वह देश के साथ खड़े नहीं हो सके। इस बार भी स्पीकर ने ऑल पार्टी मीटिंग बुलाकर उनके सुझाव लेने का प्रयास किया था परन्तु उन्होंने सुझाव देने की बजाय राजनीति करना पसंद किया।

अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को चेन्नई के एएम जैन कॉलेज से विकसित भारत संकल्प यात्रा के शहरी वाहनों व माई भारत कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने चेन्नई के कलैवनार अरंगम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का भव्य शुभारंभ किया।

## पेज एक का शेष

### संसद...

चली। इस दौरान कंग्रेस के सदस्य भी मौजूद थे, लेकिन अचानक विरोध शुरू हो गया जबकि इसके पहले स्पीकर ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी गंभीर घटनाएं घटीं और पिछली बार की तरह इस बार की घटना की भी जांच के आदेश दिये गये हैं।

### ललित...

क्योंकि उसकी सात दिन की प्रारंभिक पुलिस हिरासत समाप्त हो गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कौर ने दिल्ली पुलिस की ओर से दी गयी दलीलें सुनने के बाद मुख्य आरोपी की चौदह दिन की पुलिस हिरासत बढ़ा दी। मास्टमाइंड ललित अब 05 जनवरी तक पुलिस की हिरासत में रहेगा। दिल्ली पुलिस के सरकारी वकील ने अदालत के समक्ष कहा कि वह घटना का मास्टरमाइंड है और मामले में सबूत नष्ट करने और साजिश रचने का भी आरोपी है। उन्होंने कहा कि इस कृत्य के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए गहन जांच की आवश्यकता है और इसके लिए 14 दिन की पुलिस हिरासत की मांग की थीए क्योंकि गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम ;यूएपीएद्ध अधिकतम तीस दिन की अवधि की अनुमति देता हैए इसके तहत जांच एजेंसी किसी आरोपी की हिरासत मांग सकती है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद इस मामले में गिरफ्तार सभी छह आरोपियों को उसी दिन फिर से अदालत में पेश किया जा सके। अदालत को बताया गया कि जांच एक महत्वपूर्ण चरण में है और आरोपी व्यक्तियों को विभिन्न स्थानों पर ले जाने की आवश्यकता है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इसके पीछे कौन लोग हैं। यायाधीश ने जांच अधिकारी को निर्देश दिया है कि वह एक आरोपी नीलम की अर्जी सुनने के बाद उसे एफआईआर की कॉपी सौंपे। दिल्ली पुलिस ने आतंकवाद विरोधी गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम यूएपीए के तहत गिरफ्तार किए गए चार आरोपियों मनोरंजन डीए सागर शर्माए नीलम वर्माए अमोल शिंदे की सात दिनों की पुलिस हिरासत समाप्त होने के बाद कल अदालत में पेश किया और पांच जनवरी तक 15 दिनों की पुलिस हिरासत हासिल की गयी।

### भारत...

के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। कॉन्क्लेव के दौरान भारतीय नौसेना प्रमुख ने मेजबान रॉयल थाई नेवी के कमांडर-इन-चीफ एडम एडुंग पैन-इम के साथ सार्थक बातचीत की। दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जुड़ाव के आधार पर भारत और थाई नेवी के बीच द्विपक्षीय रक्षा गतिविधियों को आगे बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, फ्रांस, ईरान, इटली, मलेशिया, मालदीव, रूस, सऊदी अरब और स्पेन के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों के साथ बातचीत में द्विपक्षीय समुद्री मुद्दों पर चर्चा की।

कॉन्क्लेव से इतर नौसेना प्रमुख ने बैंकॉक में भारतीय नौसेना के जहाज कदमत का भी दौरा किया और जहाज के चालक दल के साथ बातचीत में लंबी दूरी की सफल तैनाती के लिए उनकी सराहना की। परिचालन बदलाव के दौरान निर्धारित हार्बर गतिविधियों में रॉयल थाई नेवी (आरटीएन) अकादमी के कर्मियों के साथ क्रॉस-शिप यात्रा होगी। बैंकॉक से प्रस्थान करने से पहले भारतीय जहाज रॉयल थाई नेवी के कार्वेट एचटीएमएस रतनकोसिन के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास में हिस्सा लेगा। आईएनएस कदमत भारतीय नौसेना के चार स्वदेशी एएसडब्ल्यू कार्वेट में से दूसरा है। आईओएनएस की कल्पना भारतीय नौसेना ने 2008 में एक ऐसे मंच के रूप में की थी, जो क्षेत्रीय रूप से प्रासंगिक समुद्री मुद्दों पर चर्चा के लिए एक खुला और समावेशी मंच प्रदान करके हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय राज्यों की नौसेनाओं के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ाना चाहता है, जिससे आम समझ पैदा होगी। आईओएनएस का उद्घाटन संस्करण फरवरी, 2008 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। भारतीय नौसेना 2008-2010 तक आईओएनएस की अध्यक्ष थी। आईओएनएस का 9वां संस्करण 2025 के अंत में भारत में होगा, जिसमें भारत को 2025-27 के लिए आईओएनएस का अध्यक्ष चुना जाना है।

### यूपी ...

मात्र उसकी निशक्तता के आधार पर पदोन्नति से मना नहीं किया जा सकता है। यदि कोई कार्मिक सेवा में रहते हुए दिव्यांग हो जाता है तो न उसे सेवा से निकाला जाएगा और न ही उसके रैंक में कोई अवनति की जाएगी। यदि कोई कार्मिक सेवा में आने के बाद दिव्यांग हो जाता है तो वह दिव्यांगजन के लिए प्रोन्नति में आरक्षण का लाभ पाने का हकदार होगा। शर्त यह होगी कि वह कम से कम 40 प्रतिशत विकलांगता से ग्रस्त हो। यदि कोई पद दिव्यांगता की एक ही श्रेणी के लिए ही उपयुक्त चिन्हित किया गया है तो उस पद में आरक्षण उस दिव्यांगता वाले व्यक्ति को ही दिया जाएगा।

### सीएम ...

जल्द केंद्र सरकार को सौंपा जाना है। लोकसभा चुनाव से पहले भर/राजभर जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने की संभावना है। भर, राजभर जाति यूपी में पिछड़ा व विमुक्त जाति में तथा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध है। विमुक्त जाति की क्रम संख्या 1 से 19 में से क्रम संख्या 17 पर अंकित भर जाति को छोड़कर सभी जातियों को या तो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध किए जाने के लिए अष्टम विधानसभा की याचिका समिति द्वारा सिफारिश की गयी है। वहीं, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के हालिया आदेश में भर/राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध किए जाने के लिए दो माह के अंदर प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे जाने का दोबारा आदेश दिया गया है। अरुण राजभर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस दिशा में कार्य कर रहे हैं, वह सुभासपा के विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने वाली है।

### ललितपुर...

को धरातल पर उतारने के लिए अब उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने डीटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने की प्रारंभ कर दी है।

ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क के विकास के लिए फ़ेज-1 में यूपीसीडा डीटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने के लिए कंसल्टेंसी फर्म को कार्य आवंटित करेगा। इस कड़ी में, यूपीसीडा द्वारा नेशनल कॉम्पिटीटिव बिडिंग (एनसीबी) के जरिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) व रिक्वेस्ट फॉर क्वॉलिफिकेशन (आरएफक्यू) प्रक्रिया के जरिए आवेदन मांगे हैं। जिन फर्म्स द्वारा कार्य आवंटन के लिए आवेदन किया जाएगा उन्हें तीन स्तरीय निर्धारण प्रक्रिया से गुजरना होगा। इस निर्धारण प्रक्रिया का पहला फ़ेज प्री बिड, दूसरा फ़ेज फाइनेंशियल व तीसरा फ़ेज टेक्निकल बिड होगा। कार्य प्राप्त करने वाली कंसल्टेंसी फर्म को फ़ेज-1 में 300 के निर्धारित क्षेत्र में अवसंरचनाओं के विकास के लिए डीटेल्ड मास्टर प्लान बनाना होगा। इसके अतिरिक्त, यहां लगने वाले संयंत्रों के उचित संचालन के लिए कई मानकों का निर्धारण भी करना होगा।

फार्मा/बल्क पार्कों के प्रमुख पहलुओं को समझने के लिए रिसर्च व सर्वे प्रक्रिया को पूर्ण करने, वाणिज्यिक, सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक सुविधाओं के तहत क्षेत्र का विकास करने, नदियों और ऊंचे तटबंधों पर प्रस्तावित पुलों/राजमार्ग संरचनाओं के लिए भू-तकनीकी व उप-सतह अन्वेषण तथा सॉयल सैंपलिंग जैसी प्रक्रियाओं को पूर्ण करना होगा। इतना ही नहीं, यहां बनने वाले संभावित उत्पादों की विकास संभावनाओं व बाजारों के संदर्भ में मांग का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करना होगा।

ललितपुर में ड्रग पार्क के तहत जो भूमि चिह्नित की गई है उसमें में 5 गांवों के अंतर्गत जो 1400 एकड़ की भूमि सम्मिलित है। इसमें से मडावरा तहसील के तहत आने वाले सैदपुर में 426 व गडोलीकलां में 249 एकड़ तथा महरौनी तहसील के तहत आने वाले लरगन में 239, करौंदा में 116 एकड़ व रामपुर में 441 एकड़ चिह्नित भूमि मुख्य है। ऐसे में, यूपीसीडा द्वारा यहां कुल भूमि सर्वेक्षण में आधुनिक सर्वेक्षण तकनीकों (जैसे डिजिटल टोटल स्टेशन, डीजीपीएस, ड्रोन आदि) का उपयोग करके 1:4000 पैमाने में मानचित्र तैयार कराया जा रहा है। यह सर्वे ऑफ इंडिया के ग्रेट ट्रिगोनोमेट्रिक सर्वे लेवलिंग बेंचमार्क के आधार पर होगी। वहीं, निरीक्षण स्थल पर डीजीपीएस का उपयोग करके ग्राउंड कंट्रोल नेटवर्क की स्थापना समेत तमाम कार्यों की पूर्ति के लिए प्रक्रिया जारी है।

### पुंछ...

से सेना के वाहनों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। बताया गया है कि जहां इस हमले को अंजाम दिया गया, वहां अंधा मोड़ और ऊबड़-खाबड़ सड़क होने के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो जाती है। इस हमले में शहीद हुए चारों सेना के जवानों के हथियार गायब मिले हैं, जिससे आशंका है कि आतंकी इनके हथियार अपने साथ ले गए होंगे। घटनास्थल से सैनिकों के टूटे हुए हेलमेट और गोलियों से छलनी 2 वाहन बरामद हुए हैं।

खुफ़िया इनपुट में बताया गया है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के राजौरी-पुंछ सेक्टर में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहा है, क्योंकि क्षेत्र के वन क्षेत्रों में चारों ओर 25-30 पाकिस्तानी आतंकवादी सुरक्षा बलों पर हमले करने के लिए पुंछ राजौरी सेक्टर के ऊपरी इलाकों के जंगली क्षेत्रों में छिपे हुए हैं। दरअसल, भारत ने 2020 में गलवान घाटी संघर्ष के बाद चीनी आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए पुंछ सेक्टर से ही राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों को लद्दाख में स्थानांतरित किया था। जम्मू-कश्मीर के वन क्षेत्र में चल रही आतंकी गतिविधियां भारतीय सेना पर लद्दाख सेक्टर से भारतीय सैनिकों को हटाने के लिए पाकिस्तान और चीन की ओर से दबाव डालने की एक बड़ी योजना का हिस्सा है।'

### एनआईए...

नेतृत्व में केंद्रीय एजेंसी की एक विशेष टीम साइट के दौरे के निष्कर्षों की निगरानी करेगी। एनआईए ने हमले की गंभीरता का संज्ञान लेते हुए उस हमले वाले स्थान का दौरा करने के लिए अपनी टीम भेजने का फैसला किया है। गुरुवार दोपहर को पुंछ जिले के डेरा की गली के वन क्षेत्र में सेना के दो वाहनों पर भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में पांच सैन्यकर्मी बलिदान हो गए, जबकि दो अन्य घायल हो गए। सुरक्षाकर्मी डेरा की गली के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चला रहे हैं। हाल ही में एनआईए ने इस साल सितंबर में अनंतनाग जिले के कोकेरनाग मुठभेड़ मामले को अपने हाथ में ले लिया है, जिसमें भारतीय सेना के एक कर्नल, एक मेजर और एक सैनिक, जे-के पुलिस के एक डीएसपी बलिदान और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी उजैर खान मारा गया था। यह ऑपरेशन छह दिन बाद 19 सितंबर को पूरा हुआ था।

### देश ...

और कहा देश का मीडिया बेरोजगारी की बात नहीं करता है वह सिर्फ ध्यान भटकाने की कोशिश करता है। जिन सांसदों को निलंबित किया गया है वे सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि हिंदुस्तान की जनता की आवाज हैं। आपने सिर्फ सांसदों का अपमान नहीं किया बल्कि हिंदुस्तान की जनता का मुंह बंद किया है। मोदी सरकार अग्निवीर योजना लाई और हिंदुस्तान के युवाओं से उनकी देशभक्ति की भावना छीन ली। जब युवा खड़े हुए कि हमें अग्निवीर योजना नहीं चाहिए तो आपने उन्हें डराना शुरू कर दिया। अगर आप सोचते हो कि आप युवा को डरा सकते हैं तो आपमें हिंदुस्तान की समझ ही नहीं है।

श्री गांधी ने कहा यह लड़ाई नफरत और मोहब्बत के बीच में है। हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहे हैं। भाजपा जितनी नफरत फैलाएगी इंडिया गठबंधन उतनी ही मोहब्बत फैलाएगा।

राजद के मनोज झा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा जो व्यक्ति अभी सत्ता में हैं उसे विपक्ष मुक्त संसदए प्रतिरोध मुक्त सड़क खिलाड़ी मुक्त खेल समेत सवाल मुक्त मीडिया चाहिए। यह लड़ाई सिर्फ निलंबित सांसदों का नहीं है बल्कि पूरे देश की है।

श्री येचुरी ने कहा श्पूरे देश में जनतंत्र का कत्ल हो रहा है। अगर देश में जनतंत्र और संविधान को बचाना है तो हमें मोदी सरकार को सत्ता से दूर करना होगा।

श्री राजा ने कहा श्हमारे संविधान के प्रमुख वास्तुकारए डॉण अम्बेडकर जी ने यह स्पष्ट किया कि संसद सर्वोच्च है क्योंकि यह लोगों की संप्रभु इच्छा का प्रतिनिधित्व करती है। यदि संसद निरर्थक हो गई तो लोकतंत्र की हत्या हो जाएगी! क्या हम ऐसी फासीवादी तानाशाही को देश पर कब्ज़ा करने की इजाज़त दे सकते हैं। नेशनल कांफ्रेंस के लोकसभा सांसद हसनैन मसूदी ने कहा हम सदन में बयान की मांग कर रहे थे कि आखिर संसद में सुरक्षा की चूक कैसे हो गई। क्या उपाए किए जा रहे हैं कि ये आगे न हो लेकिन सवाल उठाने वाले सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया।

समाजवादी पार्टी के लोकसभा सदस्य एस टी हसन ने कहा ये निलंबन सांसदों का नहीं है बल्कि देश के लोकतंत्र का निलंबन है।लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था पर बुलडोजर चलाकर संदेश दिया गया है कि. आवाज मत उठानाए सवाल मत पूछनाण अगर ऐसा करोगे तो यही हश्र होगा।

कंग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहाए मोदी सरकार देश के संविधान का गला घोंट रही है और प्रजातंत्र खतरे में है। ऐसे में इंडिया गठबंधन चुप नहीं रहेगा हम आखिरी सांस तक देश की जनता के लिए लड़ेंगे।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा मोदी सरकार का अहंकार तोड़ने का समय आ चुका है। मोदी सरकार को लगता है कि सांसदों को निलंबित करके हमें डराया या झुकाया जा सकता हैए लेकिन इंडिया गठबंधन न डरा है.न झुका हैए हम लड़ाई के लिए तैयार हैं। क्योंकि लड़ाई हमारे खून और इतिहास में है।

### गीता...

रूप ले चुका है। गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा की मान्यताएं संस्कृति को बढ़ावा देती हैं। पिछले नौ वर्षों के दौरान केंद्र व हरियाणा की सरकारों ने गीता के उपदेश का अनुसरण करते हुए न केवल शासन को संचालित किया है बल्कि आमजन में भी आपसी भाईचारे को मजबूत किया है। केंद्र सरकार ने धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बनाया है। हरियाणा सरकार ने भी केंद्र की योजनाओं को सबसे पहले लागू कर समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का काम किया है।

इससे पहले केन्द्रीय मंत्री अमित शाह का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर स्वागत हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वागत किया। मनोहर लाल ने कहा कि कई हजार साल पहले दिया गया गीता का संदेश आज भी शाश्वत है। वर्ष 2016 में शुरू हुआ यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आज़ादी के बाद देश में कुछ चुनौतियां थीं। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की रियासतों को मिलाकर विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर निर्माण, धारा 370 जैसे मुद्दे रहते थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने उनका आसानी से समाधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान केंद्र की सरकार ने जिस भावना के साथ काम किया है, उससे प्रधानमंत्री मोदी तथा गृहमंत्री शाह को अगर आधुनिक भारत का लौह पुरूष कहना गलत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जिस तहत के फैसले केंद्र सरकार ने लिए हैं, उनसे देश न केवल मजबूत हुआ है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का गौरव भी बढ़ा है। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, योग गुरू आचार्य रामदेव के अलावा कई संत महात्मा मौजूद थे।

### मंत्रिमंडल ...

मुलाकात के दौरान मध्यप्रदेश के विकास और जनहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के संबंध में चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसके पहले उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। इसके बारे में उन्होंने एक्स पर पोस्ट कियाए श्आज नई दिल्ली में आदरणीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से भेंट कर उनसे मध्यप्रदेश के विकास व विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस?तार से चर्चा करते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया।श

डॉ यादव कल से नयी दिल्ली के प्रवास पर हैं। इसके पहले कल रात उन्होंने दिल्ली में मध्यप्रदेश के सभी सांसदों को भोज दिया था। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित रहे।

### एसवाईएल ....

बैठक ऐसे मौके पर हुई है, जब हरियाणा व पंजाब एसवाईएल के मुद्दे पर संयुक्त बैठक करने जा रहे हैं। 28 दिसंबर को प्रस्तावित केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री व अधिकारी मौजूद रहेंगे। एसवाईएल पर हरियाणा के हक में सुप्रीम कोर्ट का फैसला काफी पहले आ चुका है, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अपने पास पानी न होने का दावा कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करने को तैयार नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को 28 दिसंबर को होने वाली दोनों राज्यों की बैठक के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कहा कि हम पंजाब से फिलहाल पानी नहीं मांग रहे हैं। पहले एसवाईएल नहर का निर्माण किया जाए, पानी तो बाद का मुद्दा है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह के सामने पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में हिस्सेदारी को लेकर दोनों राज्यों के बीच चले आ रहे विवाद के भी उठने की जानकारी मिली है। पंजाब विश्वविद्यालय आजकल आर्थिक संकट से जूझ रहा है। पूर्व में हरियाणा के काफी कालेज पंजाब यूनिवर्सिटी से जुड़े हुए थे, लेकिन जिन्हें अलग कर दिया गया है। बताया जाता है कि शाह ने इस संबंध में पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं।

सूत्रों के अनुसार हरियाणा और पंजाब राज्यों के बीच चले आ रहे नई विधानसभा के भवन को लेकर भी बातचीत हुई है। हरियाणा को चंडीगढ़ ने विधानसभा के लिए जमीन आवंटित की है, लेकिन इसमें भी पंजाब रोडा अटका रहा है।

# भविष्य के खतरों से आगाह करती है इंडिया साइबर थ्रेट रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाली कंपनी क्विक हील टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की एंटरप्राइज यूनिट 'सेक्राइट' ने डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (डीएससीआई) के साथ नैस्कॉम-डीएससीआई एनुअल इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी समिट-2023 में इंडिया साइबर थ्रेट रिपोर्ट-2023 जारी की। यह भविष्य के खतरों से आगाह करती है। यह रिपोर्ट विशेष रूप से भारतीय साइबर सुरक्षा इको सिस्टम के लिए तैयार की गई अपनी तरह की पहली पहल है। भारतीय परिदृश्य में यह रिपोर्ट भविष्य के खतरों से आगाह करती है। थ्रेट रिपोर्ट देश की सबसे बड़ी मैलवेयर विश्लेषण लैब (सेक्राइट लैब्स) की सूचनाओं पर आधारित है। इसका अध्ययन सेक्राइट और डीएससीआई के ने किया है। इसका उद्देश्य व्यवसायों को उनकी साइबर सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने के लिए भारत-केंद्रित जानकारी और उस पर की जाने वाली कार्रवाई योग्य सिफारिशों के साथ सशक्त बनाना है। यह रिपोर्ट सेक्राइट के शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों के परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है। इस रिपोर्ट में साइबर खतरों के भौगोलिक और क्षेत्रीय प्रभाव के व्यापक विश्लेषण के साथ पूरे वर्ष के दौरान निशाना बनाए गए शीर्ष राज्यों, शहरों और उद्योगों की विस्तृत जानकारी शामिल है। एंड्रॉयड के मामले में यह एडवेयर और संभावित रूप से अवांछित एप्लिकेशन (पीयूए) की संख्या में व्यापक वृद्धि के बारे में बताता है। चौंकाने वाली बात यह है कि गूगल प्ले स्टोर पर होस्ट किए गए फ़ेक और खतरनाक एप्लिकेशन को लाखों यूजर्स ने डाउनलोड किया, जिनमें स्पाइलोन ऐप्स, फ़ेक ऐप्स, हाईड ऐप्स समेत अन्य ऐप्स शामिल हैं। क्विक हील के सीईओ विशाल साल्वी, डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन प्रमोद भसीन और डीएससीआई के सीईओ विनायक गोडसे ने मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के सचिव एस कृष्णन की मौजूदगी में इस रिपोर्ट को लॉन्च किया गया।

# टनकपुर से देहरादून के लिए शुरू हुई वोल्वो बस सेवा, मुख्यमंत्री धामी ने दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




टनकपुर (चम्पावत)। जनपद चम्पावत को आदर्श जिला बनाए जाने की परिकल्पना के दृष्टिगत प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नित नए-नए आयाम गढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा चम्पावत की जनता को एक और सौगात दी गयी है। यहां टनकपुर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री धामी ने देहरादून के लिए 42 सीटर वोल्वो बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे उत्तराखंड परिवहन निगम टनकपुर के बेड़े में दो वोल्वो बस शामिल हो गयी हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने बनबसा में जगबुड़ा पुल पर बस की विधिवत पूजा अर्चना की। तत्पश्चात जगबुड़ा पुल से टनकपुर तक करीब आठ किमी वाल्वो बस में सफर किया। जनपद के सीमांत क्षेत्र टनकपुर और राजधानी देहरादून के बीच वोल्वो सेवा शुरू होने से लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

# श्री सनातन धर्म सभा पंजाब का शताब्दी महोत्सव महासम्मेलन शनिवार से

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्रधान डॉक्टर देशबंधु ने बताया कि भारत रत्न मदन मोहन मालवीय की जयंती के अवसर पर सप्तऋषि आश्रम में तीन दिवसीय सनातन धर्म शताब्दी महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सभा अपना शताब्दी वर्ष का मुख्य उत्सव शनिवार, 23 दिसंबर से 25 दिसंबर तक हरिद्वार के सप्तऋषि आश्रम भूपतवाला में मना रही है। पत्रकारों से बात करते हुए डॉ देशबंधु ने बताया कि कार्यक्रम में जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी एवं उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्ति गुरमीत सिंह विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। शिक्षाविद छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को जूना पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज अपना प्रवचन देंगे। इस अवसर पर वह महामना मालवीय पर डॉ विजय शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक महामना मालवीय जी का सांस्कृतिक दर्शन तथा त्यागमूर्ति गोस्वामी गणेश दत्त स्मृति ग्रंथ के द्वितीय संस्करण का लोकार्पण भी करेंगे। एसडी विद्या स्कूल अंबाला छावनी के छात्रों द्वारा कृष्ण लीला पर आधारित एक मनमोहक कोरियोग्राफी भी प्रस्तुत की जाएगी। 11 बजे 1 मिनट गीता के नाम शीर्षक से गीता प्रचार के विश्व व्यापी अभियान के अधीन गीता के तीन महत्वपूर्ण श्लोकों का सामूहिक पाठ किया जाएगा। संध्या के समय भारतीय लोक नृत्य समागम के कार्यक्रम में विविध प्रदेशों से आए हुए छात्र कलाकारों द्वारा अपने-अपने प्रदेशों के लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को छात्र शिक्षक सम्मान समारोह में राज्यपाल गुरुमीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। राज्यपाल इस अवसर पर सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा की शताब्दी स्मारिका का विमोचन भी करेंगे।

# वीवीआईपी सुरक्षा के लिए आईजी रेंज करण सिंह ने किया फोर्स को ब्रीफ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। उपराष्ट्रपति के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत शुक्रवार को ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारीरियों को संयुक्त रूप से ब्रीफ करते हुए अपने-अपने अनुभव से कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

फोर्स से मुखातिब होते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि सभी ऑफिसर्स निर्धारित वर्दी में निर्धारित समय पर अपने ड्यूटी एरिया में पहुंचकर सभी कर्मचारियों की मौजूदगी चेक करेंगे और किसी भी कर्मचारी को ड्यूटी के सम्बन्ध में शंका होने पर उसे मौके पर ही ब्रीफ करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ड्यूटी में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ब्रीफिंग में अपने संबोधन के दौरान आईजी रेंज करण सिंह नगन्याल ने पूर्व में हुए वीवीआईपी मूवमेंट को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सभी प्वाइंट ये इंश्योर करें कि बिना चेकिंग कोई भी अन्दर प्रवेश नहीं करेगा। किसी भी महत्वपूर्ण ड्यूटी में तीन इंपॉर्टेंट जब, क्या और कहां महत्वपूर्ण शब्द है। आपकी ड्यूटी कहां लगी है इसको पूरी तरह ध्यान में रखें। अतिविशिष्ट महानुभाव के जनपद आगमन पर कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था एवं वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न हो। ब्रीफिंग के दौरान एसपी क्राइम द्वारा सभी ट्रैफिक कर्मियों को नियमित रहने और सतर्कता से ड्यूटी करने के लिए निर्देशित किया गया। ब्रीफिंग के दौरान एसपी जीआरपी, एसपी क्राइम, ट्रैफिक अजय गणपति कुंभार, एसपी ग्रामीण स्वप्न किशोर सिंह, कमांडेंट 40वीं वाहिनी पीएसी डिप्टी कमांडेंट प्रदीप कुमार राय, 40वीं वाहिनी पीएसी सुरजीत सिंह पंवार, एएसपी काशीपुर अभय कुमार एवं अन्य ऑफिसर्स मौजूद रहे।

## इतिहास में अमर रहेगा स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती का नामः ऋषिश्वरानंद

हरिद्वार। श्री चेतन ज्योति आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती भारत के उन महान राष्ट्रभक्त सन्यासियों में अग्रणी थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन स्वाधीनता, स्वराज्य, शिक्षा तथा वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित किया। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना कर हिंदू समाज व भारत को संगठित करने में उनका अतुल्य योगदान सर्वविदित है। ऐसे महापुरुषों को संत समाज नमन करता है। संस्थान गुरुकुल के संस्थापक स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती महाराज के बलिदान दिवस से पूर्व संत समाज ने उन्हें युगपुरुष बताते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जारी बयान में स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती ने ही सर्वप्रथम गांधी जी को महात्मा की उपाधि से विभूषित किया। भारत की स्वाधीनता के लिए प्रत्येक नागरिक को पांथिक मतभेद भुलाकर एकजुट होने का आवाहन किया। राष्ट्र निर्माण में उनका अतुल्य योगदान स्वर्णिम अक्षरों में सदैव अमर रहेगा।

## जेल में बंद पूर्व आईएएस रामविलास यादव को एम्स लाया गया

**ऋषिकेश।** आय से अधिक संपत्ति मामले में देहरादून की सुद्धोवाला जेल में बंद पूर्व आईएएस रामविलास यादव को कैंसर और अन्य बीमारी होने पर ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) लाया गया है। यहां उनकी कई तरह की जांच की गई है। कैंसर विभाग में चिकित्सकों ने उन्हें पेट के सीटी स्कैन की सलाह दी। इसके बाद पूर्व आईएएस को वापस सुद्धोवाला जेल ले जाया गया। रामविलास यादव को 23 अप्रैल 2022 को विजिलेंस ने गिरफ्तार किया था। उन पर आरोप है कि उत्तराखंड में तैनात रहते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। पूर्व आईएएस यादव को मई 2023 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने भी गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ आय से 2600 फीसदी अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

# पूर्णानंद घाट पर महिला गंगा आरती में पदक विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के तत्वाधान में गंग सबलाओं द्वारा की जा रही विश्व की प्रथम गंगा आरती में पूर्णानंद घाट जानकी पुल में महिलाओं ने पूजन-अर्चना कर गंगा आरती में महिलाओं द्वारा हरिद्वार की पूनम सोनी आयु 16 वर्ष से कम 17 वर्ष श्रेणी, उत्तराखंड स्कूल राज्य हरिद्वार शांति कुंज 2022, 2023 स्वर्ण पदक जीता, एनएसएफआई राष्ट्रीय महासंघ मथुरा रजत पदक एवं भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय चौम्पियनशिप स्वर्ण पदक जीता और हरिद्वार के अक्षय त्यागी उम्र 17 साल स्कूली गेम्स स्टेट में गोल्ड मेडल नेशनल गोल्ड जो मथुरा में हुआ था और इंटरनेशनल गोल्ड मेडल इंडो नेपाल चौंपियनशिप विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित, उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई। पूनम सोनी और अक्षय त्यागी गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी जी ने कहा कि ने कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कठोर परिश्रम कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों को हमेशा खेल की भावना से खेलते हुए लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। खिलाड़ी के जीवन में हार जीत कोई खास मायने नहीं रखती बल्कि खिलाड़ी को हारने पर ओर अधिक मेहनत करनी चाहिए। महिला गंगा आरती में मुख्य रूप से ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी जी, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विशाल भट्ट, डॉ. ज्योति शर्मा, आशा ढंग, गायत्री देवी, वंदना, प्रमिला, गंगा दास आदि उपस्थित रहे।

# रिश्वत लेने के आरोप में एएसआई गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने शुक्रवार को पुलिस चौकी गोले वाला थाना सदर फरीदकोट में तैनात सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) हरविन्दर सिंह को साढ़े ग्यारह हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता दिलप्रीत सिंह निवासी गाँव गोले वाला, ज़िला फरीदकोट ने सहायक उपनिरीक्षक के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी जिसके आधार पर उसकी गिरफ़्तार की गयी है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने ब्यूरो के पास पहुँचकर आरोप लगाया कि उक्त पुलिस कर्मचारी उसके और उसके भाई के ख़िलाफ़ थाना सदर फरीदकोट में दर्ज हुए एक मामले के सम्बन्ध में ज़मानती बाँड कबूलने के बदले 15 हजार रुपए की रिश्वत की माँग कर रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उक्त आरोपी उपनिरीक्षक पहले भी उससे इसी संबंध में पहली किश्त के तौर पर दो हजार रुपए रिश्वत ले चुका है और अब रिश्वत के बाकी 13 हजार रुपए देने पर उसे परेशान कर रहा है। शिकायतकर्ता ने रिश्वत की माँग करते हुए उक्त आरोपी के बातचीत की ऑडियो रिकार्ड भी कर ली जोकि सबूत के तौर पर उसने सतर्कता ब्यूरो को सौंप दी। प्रवक्ता ने बताया कि सतर्कता ब्यूरो फ़िरोज़पुर रेंज ने इस शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद जाल बिछाया और उक्त पुलिस कर्मचारी को दो सरकारी गवाहों की उपस्थिति में शिकायतकर्ता से रिश्वत के पैसे लेते हुये रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया और रिश्वत के पैसे भी बरामद कर लिए। आरोपी के खिलाफ़ सतर्कता ब्यूरो के थाना फ़िरोज़पुर रेंज में भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है।

## पंजाब के स्कूलों में 24 से 31 दिसंबर तक रहेंगी सर्दी की छुट्टियां

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए 24 दिसंबर से 31 दिसंबर तक प्रदेश के सभी स्कूलों में सर्दी की छुट्टियों की घोषणा कर दी है। इसे लेकर शुक्रवार को राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिया है। शिक्षा सचिव कमल किशोर यादव की तरफ से जारी आदेश के अनुसार पंजाब में करीब 19 हजार सरकारी स्कूल हैं। पूरे राज्य में बढ़ती ठंड के मद्देनजर स्कूलों में छुट्टियों की जा रही हैं। इससे पहले 3 दिसंबर को शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी, एडेड, मान्यता प्राप्त व निजी स्कूलों के समय में बदलाव कर सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक कर दिया था।

## बीएसएफ ने फाजिल्का सेक्टर से बरामद की हेरोइन

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने बीती रात सर्च ऑपरेशन चलाकर फाजिल्का क्षेत्र से हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार एक सूचना के आधार पर पंजाब के फाजिल्का जिले में स्थित सीमावर्ती गांव पक्का चिश्ती में गश्त के दौरान ड्रोन घुसपैठ के बारे में पता चला। इसके बाद सर्च के दौरान बीएसएफ ने खेतों में से एक पीले रंग का पैकेट बरामद किया, जिसे पाकिस्तानी ड्रोन से गिराया गया था। जांच के दौरान इस पैकेट में से 530 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

# तरनतारन में मुठभेड़ के बाद साथी समेत गैंगस्टर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के तरनतारन में पुलिस ने बीती रात एनकाउंटर करके एक गैंगस्टर व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। गैंगस्टर को घायल अवस्था में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार देर रात सूचना मिली थी कि राजू शूटर अपने साथी समेत बाइक पर सवार होकर किसी वारदात को अंजाम देने लिए इलाके में घूम रहा है। इसके बाद गुरुद्वारा बीड़ साहिब से गांव कसेल को जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान बाइक पर सवार दो लोगों को रुकने का इशारा किया गया। दोनों ने पुलिस पर चार गोलियां दागी। इस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक को दो गोलियां लगी। इसके बाद पुलिस ने गांव संघा निवासी चरणजीत उर्फ राजू शूटर तथा उसके साथी गांव इब्बन निवासी परमिंदरदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गैंगस्टर राजू शूटर पर आठ मामले दर्ज हैं। उसने दो माह पहले गांव धोटीया में सरकारी बैंक लूटने में विफल रहने पर पंजाब पुलिस के एएसआई बलविंदर सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया था। डीएसपी तरसेम मसीह के अनुसार मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गाड़ी पर भी 2 गोलियां लगी हैं, जबकि दो पुलिस कर्मचारी बाल-बाल बचे हैं।

# महिला एवं बाल विकास मंत्रालय देश में खोलेगा 17,000 क्रेच

■ पालना योजना के तहत आंगनवाड़ी-सह-क्रेच पर व्यापक मानक संचालन प्रक्रिया जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पालना योजना के तहत देशभर में 17,000 क्रेच केंद्र खोलेगा। इस योजना के तहत अबतक 5222 क्रेच को मंत्रालय मंजूरी दे चुका है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को कार्यबल में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाना है। इससे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं और उनके बच्चों की देखभाल में मदद मिल सकेगी। योजना के तहत मौजूदा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के साथ दो अतिरिक्त क्रेच कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में गुरुवार को पालना योजना के तहत आंगनवाड़ी-सह-क्रेच पर व्यापक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है। विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकासमंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता उस महिला तक पहुंचना है जो अपना घर छोड़कर दूसरे घर में काम करके अपनी आजीविका कमाती है, वह महिला जो खेतिहर मजदूर के रूप में काम करती है, महिला जो श्रमिक के रूप में काम करती है और आर्थिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करती है, ताकि वह अपनी आजीविका के साथ-साथ अपने बच्चों को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सक्षम हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उन राज्यों को अपना समर्थन देगी जो प्रस्तावित संख्या से अधिक आंगनवाड़ी एवं क्रेच खोलना चाहते हैं। उन्होंने राज्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में निर्माण स्थलों का मूलभूत मूल्यांकन करने और शहरी और उप-शहरी क्षेत्रों को चिह्नित करने का निर्देश दिया, जहां संगठित और असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी अधिक है, ताकि क्रेच के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान की जा सके। इस मौके पर सचिव इंदीवर पांडे ने कहा कि आंगनवाड़ी-सह-क्रेच (पालना) योजना का उद्देश्य विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में अर्थव्यवस्था के विकास में भागीदारी कर रही महिलाओं की समस्या को संबोधित करना है, जहां परिवार के सदस्यों से बच्चों की देखभाल के लिए सहायता उपलब्ध नहीं है और योगदान की सुविधा के लिए संस्थागत समर्थन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पालना योजना के तहत मौजूदा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी सहायिकाओं के साथ दो अतिरिक्त क्रेच कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इस मौके पर राज्यमंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई के साथ कई अधिकारी मौजूद रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063